# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 23 सितंबर 2025




## इंदौर में भरभराकर गिरी तीन मंजिला इमारत

# हादसे में 10 घायल, कई लोग मलबे में दबे...रेस्क्यू जारी

### घायलों को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक रानीपुरा में सोमवार रात सवा 9 बजे एक 3 मंजिला पुरानी इमारत भरभराकर गिर गई। हादसे में 10 लोगों को घायल अवस्था में निकालकर एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे में अभी भी कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है, जिन्हें बचाने के लिए देर रात तक बचाव कार्य जारी रहा। हादसा रानीपुरा के कोष्टी मोहल्ले में जवाहर मार्ग पार्किंग के पास हुआ। सूचना मिलते ही सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र की पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की कई टीमें मौके पर पहुंच गईं।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा और पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। बचाव दल मलबे को हटाकर फंसे हुए लोगों को निकालने के हर संभव प्रयास में जुटे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, ▶▶ शेष पेज 4 पर





### आसपास के इलाकों की बिजली काटी

बिल्डिंग हादसे के बाद बिजली कंपनी ने आसपास के इलाकों की बिजली काट दी गई। इसके चलते मौके पर अंधेरा पसरा रहा। वहीं बिजली कर्मचारी भी तारों को काटकर रेस्क्यू ऑपरेशन को आसान बनाने में जुटे रहे। अंधेरे के चलते बचाव कार्य में भी परेशानियां का सामना करना पड़ा। बिल्डिंग के गिरने से बिजली के पोल भी गिर गए और तार भी टूट गए।

### 15 साल पुरानी है इमारत

बताया जा रहा है कि यह बिल्डिंग मुस्तकीन अंसारी की है। 15 साल पुरानी इमारत बहुत जर्जर थी और लोग कई बार इसकी शिकायत भी कर चुके थे। बिल्डिंग में तलघर भी था और गोडाउन में भी दुकानें बनाई गई थी। बताया जा रहा है कि यह बिल्डिंग मुस्तकीन अंसारी की है।

### द्वितीयःमां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

### सोना 1.12 लाख के ऑल टाइम हाई पर



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 22 सितंबर को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,380 रुपए बढ़कर 1,12,155 पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,09,775 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 4,869 रुपए बढ़कर 1,32,869 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## प्रदेशवासियों ने कहा- घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी के चौक व्यापारियों से किया संवाद

# सीएम ने खरीदे खादी के कपड़े, बोले स्वदेशी से देश को और समृद्ध बनाएं



देश में छोटी से छोटी चीज मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के तहत पुराने भोपाल के सोमवारा, भवानी चौक बाजार क्षेत्र में व्यापारियों एवं ग्राहकों से संपर्क कर जीएसटी की घटी दरों के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने खादी के कपड़े खरीदकर स्वदेशी अपनाने की अपील की। उन्होंने ग्राहकों और आम लोगों से संवाद करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली छोटी से ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि यहां का बना हुआ उत्पाद यहीं खपे और यहां से बनी हुई चीजें दुनिया में निर्यात हों

» *जीएसटी की दरों में कटौती कर मोदी जी ने देश को बड़ी सौगात दी*

» *जब राज्य समृद्ध होगा तो आर्थिक दृष्टि से यहां का पैसा यहीं रोटेट होगा*



### स्वदेशी के मूल भाव को अपनाते हुए हम आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में सरकार बनने के बाद हमने उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं में सुधार किए हैं। जब राज्य समृद्ध होगा तो आर्थिक दृष्टि से यहां का पैसा यहीं रोटेट होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत चौथी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के मूल भाव को अपनाते ▶▶ शेष पेज 4 पर



**जीएसटी की दरों में कटौती से त्योहारों का उत्साह कई गुना बढ़ गया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी की दरों में कमी करके देशवासियों को बड़ी सौगात दी है। कपड़ों सहित अन्य वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी की दरों में जो कमी की है, उससे नवरात्रि पर्व का उत्साह कई गुना बढ़ गया है। मैंने भी खादी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पैदल भ्रमण कर व्यापारियों, ग्राहकों से मिले मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के तहत पुराने भोपाल के भवानी चौक, चौक बाजार पहुंचकर कर्फ्यू वाली माता मंदिर में दर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री पुलिस चौकी के समीप से पैदल भ्रमण शुरू किया और दीपाली साड़ी तक पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने व्यापारियों एवं दुकानदारों को जीएसटी की दरों में किए गए बदलाव की जानकारी दी। उन्होंने जीएसटी रिजॉल्यूशन की कॉपी दी। मुख्यमंत्री ने खरीदारी कर रहे ग्राहकों से भी जीएसटी की कम हुई दरों को लेकर प्रतिक्रिया जानी। अधिकांश ग्राहकों ने विभिन्न वस्तुओं के मूल्यों में हुई कमी पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रधानमंत्री मोदी को इसके लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भिंड के मालनपुर में दर्दनाक हादसा



# बाइक सवार चिल्लाता रहा बस रोको, आधा किमी तक घसीटा, चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

■ घटना के बाद ड्राइवर फरार गुस्साए परिजनों ने चक्काजाम किया

मालनपुर से होकर निकले ग्वालियर-इटावा हाइवे बाराहेड़ पेड़ा के पास सोमवार की सुबह ड्यूटी पर बाइक से जा रहे युवक को बस ने टक्कर मार दी। बस करीब आधा किमी तक बाइक समेत युवक को घसीटते हुए ले गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। 30 वर्षीय जैकी पुत्र उदय सिंह कुशवाह निवासी धंमसा का पुरा जब बाइक से से औद्योगिक इकाई में ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह मालनपुर थाना क्षेत्र के बाराहेड़ पेड़ा के पास वह पहुंचा ही था कि तभी माधोगढ़ से ग्वालियर जा रही यात्री बस ने उसकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद जैकी कुशवाह बस में फंस गया और चीखते हुए लगातार बस रोको, बस रोको चिल्लाता रहा। लेकिन लापरवाह ड्राइवर ने बस नहीं रोकी बस रुकी तो युवक को बाहर निकाला गया, लेकिन इस दौरान उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने बस को मालनपुर ▶▶ शेष पेज 4 पर






## 50 बॉडीगार्ड सैटेलाइट भेजने की तैयारी

# अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत, भारत सतर्क



2024 के मध्य में पड़ोसी देश का उपग्रह इसरो के उपग्रह से महज 1 किमी पास से गुजरा था

करीब 27 हजार करोड़ रुपए की लागत से 50 निगरानी उपग्रह भेजे जाएंगे

पाक के पास केवल आठ उपग्रह, वहीं भारत के पास सौ से ज्यादा उपग्रह चीन के पास 930 से भी ज्यादा उपग्रह


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अब अंतरिक्ष में अपने उपग्रहों की सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड उपग्रहों की योजना बना रहा है। हाल ही में एक पड़ोसी देश का उपग्रह इसरो के उपग्रह के बेहद करीब आ गया था। सरकार अब 50 निगरानी उपग्रह भेजने की तैयारी कर रही है। साथ ही स्टार्टअप्स की मदद से नई तकनीक विकसित कर रही है।

भारत अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब ▶▶ शेष पेज 4 पर

### उपग्रहों की टक्कर नहीं हुई पर ये शक्ति प्रदर्शन था

*उपग्रहों की टक्कर नहीं हुई लेकिन जानकारों का मानना है कि यह इत्तेफाक नहीं, बल्कि एक तरह का शक्ति प्रदर्शन था। यानी दूसरा देश अंतरिक्ष में अपनी ताकत का प्रदर्शन करना चाहता था। इस घटना ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष में मौजूद खतरे को उजागर कर दिया। इसरो और अंतरिक्ष विभाग ने आधिकारिक तौर पर इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। भारत का पड़ोसी चीन और पाकिस्तान के साथ लंबे समय से सीमा को लेकर विवाद है और इन देशों की अंतरिक्ष क्षमताएं अलग-अलग स्तर की हैं। पाकिस्तान के पास केवल आठ उपग्रह हैं, वहीं भारत के पास सौ से ज्यादा उपग्रह हैं। चीन इस मामले में सबसे आगे है, उसके पास 930 से भी ज्यादा उपग्रह हैं। भारत और अमेरिका दोनों के अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) अंतरिक्ष में खतरनाक तरीके से अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 सितंबर 2025

02 राजधानी में चारों ओर छाया शक्ति की उपासना...



12 दर्शकों के हृदय में जीवंत अभिव्यक्ति बन गया...



बोले व्यवसायीः स्वागत योग्य निर्णय, व्यापारी और ग्राहकों दोनों को मिलेगी राहत

# स्वदेशी और जीएसटी बदलाव लाएगा आम आदमी के जीवन में झोली भरकर खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी को लेकर किए गए बदलाव और स्वदेशी जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे अभियान को लेकर व्यापारियों और ग्राहकों के बीच उत्साह का माहौल है। जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के अंतर्गत व्यापारियों और ग्राहकों को जागरूक भी किया जा रहा है। जीएसटी की घटी दरों के संबंध में जानकारी के साथ जीएसटी रिजोल्यूशन की कॉपी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

हरिभूमि चर्चा

सोमवार को हरिभूमि की टीम ने सोमवारा, भवानी चौक बाजार क्षेत्र में व्यापारियों के जीएसटी बदलाव और स्वदेशी जागरूकता को लेकर चर्चा की। इस दौरान व्यापारियों ने इस निर्णय को एक बेहतर पहल बताते है स्वागत योग्य निर्णय बताया है। उन्होने कहा कि जीएसटी की दर कम होने से मार्केट में 20 से 30 प्रतिशत तक बूम आएगा। 6 माह में इसका असर भी दिखेगा। इससे व्यापारी और ग्राहकों दोनों को राहत मिली है। विशेषतौर पर आम आदमी की इससे बड़ी बचत होगी। वहीं स्वदेशी को लेकर सरकार बेहतर कार्य कर रही है। स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

**खास बातें**

- जीएसटी रिजोल्यूशन की कॉपी भी उपलब्ध कराई जा रही
- व्यापारियों ने इस निर्णय को एक बेहतर पहल बताया



## 100 से 150 रुपए की ग्राहक को बचत



जीएसटी दर में बदलाव ग्राहकों के लिए बड़ी राहत है। एक हजार रुपए के कपड़े पर कम से कम 100 से 150 रूपए का फर्क पड़ेगा। ग्राहक को बचत होगी। हालांकि व्यापारियों को पुरानी एमआरपी पर खरीदा गया माल अब नई दरों पर जीएसटी घटाकर देना होगा, इसमें व्यापारी का घाटा है। स्वेदशी को लेकर सरकार बेहतर कार्य कर रही है। स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

नरेश कुमार चंदवानी, व्यवसायी

## सरकार का एक बेहतर निर्णय



जीएसटी दर में बदलाव ग्राहकों के लिए एक बड़ी राहत है। इस बदलाव से खरीदी में बढ़ोतरी भी होगी। यह सरकार का एक बेहतर निर्णय है, जो आम जनता के लिए सकारात्मक है। स्वदेशी को लेकर सरकार बेहतर कार्य कर रही है। सभी को स्वदेशी को बढ़ावा देना चाहिए और इसको लेकर जागरूकता भी बढ़ना चाहिए।

गोल्डी चंदवानी, व्यवसायी

## इस निर्णय के बाद मार्केट बढ़ेगा



जीएसटी दर में बदलाव से व्यापारियों के लिए विशेष कोई प्रभाव नहीं है, क्योंकि जिस पद लेंगे, उस हिसाब से विक्रय होगा। हालांकि इस निर्णय के बाद मार्केट बढ़ेगा। हर वर्ग के व्यक्ति के लिए यह एक बड़ी राहत है। आम आदमी को इससे बड़ा लाभ मिलेगा और उनकी बचत भी होगी। सरकार का यह निर्णय एक बेहतर निर्णय है। इस निर्णय का स्वागत है।

प्रमोद अग्रवाल, व्यवसायी

## 6 माह में इसका असर भी दिखेगा



सरकार का निर्णय स्वागत योग्य निर्णय है। जीएसटी की दर कम होने से मार्केट में 20 से 30 प्रतिशत बूम आएगा। 6 माह में इसका असर भी दिखेगा। हालांकि इसको लेकर जागरूकता की जरूरत है। यह व्यापारी और ग्राहकों दोनों के लिए बेहतर निर्णय है। विशेषतौर पर आम आदमी को इससे बड़ी बचत होगी। जिससे वह अन्य कार्य कर सकेंगे।

अरविंद विजयवर्गीय, व्यवसायी

## मुख्यमंत्री को साफा बांधा शॉल-श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर पाली ने किया सम्मान



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के पुराने शहर में जीएसटी बचत उत्सव एवं स्वदेशी अभियान कार्यक्रम का भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सहित व्यापारिक संगठनों ने भव्य आयोजन किया। कार्यकम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ. तेजकुलपाल सिंह पाली ने सभी व्यापारियों की ओर से सिर पर साफा बांध कर शाल-श्रीफल और मोमेंटो भेंट का सम्मान किया। उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव एवं स्वदेशी अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता जताई। इस अवसर पर भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र सौंपा और इस पहल की सराहना की।

### वाणिज्यिक लाइसेंस शुल्क समाप्त करने का सौंपा ज्ञापन

चेंबर ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें आग्रह किया गया कि भोपाल में वसूला जाने वाला वाणिज्यिक लाइसेंस शुल्क समाप्त किया जाए, क्योंकि मप्र के अन्य किसी भी शहर में ऐसा शुल्क लागू नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने सत्यम फेब्रिक में खरीदे कुर्ता-पजामा

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सबसे पुराने बाजार लखेरापुरा पहुंचे। यहां उन्होंने सत्यम फेब्रिक दुकान से कुर्ता-पजामा खरीदा फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्यामबाबू अग्रवाल और सुमित गर्ग (दीपाली साड़ी सेंटर) ने बताया कि मुख्यमंत्री ने ग्राहकों से जीएसटी लेकर चर्चा की।

कलेक्टर ने भेजी टीम

## एडीएम की टीम ने नापी अस्पताल और मंदिर से शराब दुकान की दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की पाश कॉलोनियों में शामिल अरेरा कॉलोनी में संचालित हो रही शराब दुकान को लेकर मानव अधिकार आयोग दिल्ली ने संज्ञान लेते हुए प्रतिवेदन मांगा है।

जिस पर सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने अपर कलेक्टर पीसी शाक्या के नेतृत्व में टीम का गठन किया है। सोमवार को टीम मौके पर पहुंची, जहां अस्पताल और मंदिर से शराब दुकान की दूरी नापी गई। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि शराब दुकान को हटाने को लेकर जिला प्रशासन लीपापोती करने में जुटा है। अरेरा कॉलोनी में शराब समूह द्वारा आवासीय भूखंड पर अवैध शराब दुकान-कम-बार संचालित किया जा रहा है।

रहवासियों ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के समक्ष आवेदन पेश किया। जिस पर आयोग ने संज्ञान लेते हुए प्रतिवेदन पेश करने का आदेश पारित किया गया था। जिसके बाद टीम ने जांच कर प्रतिवेदन तैयार कर लिया है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

## दारोगा ने नहीं सुना तो प्रभारी एएचओ ने खुद ही नाली की साफ-सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जोन 8 के प्रभारी एएचओ रविन्द्र यादव की वायरल वीडियो का मामला अब विवादित होता जा रहा है। निगम के सफाई कामगार संगठनों ने आरोप लगाया है कि पब्लिसिटी इस्टंड के लिए प्रभारी एएचओ ने नाली में फावड़ा चलाया और समाज व कर्मचारियों को यह बदनाम करने की साजिश है। कर्मचारी संगठन इस संबंध में मंगलवार को निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन से मिलकर ज्ञापन सौंपेगे।

दरअसल एक दिन पहले लिंक रोड नंबर 2 पर नगर निगम के जोन 8 के प्रभारी एएचओ रविन्द्र यादव ने नाली साफ करते हुए वीडियो वायरल की थी। उनका कहना था कि सफाई दारोगा उनकी नहीं सुनता है। इसलिए खुद ही सड़क किनारे नाली साफ करना पड़ रही है।



वीडियो और फोटो वायरल कर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वाह-वाही लूटी गई। लेकिन अब यह वायरल वीडियो का मामला विवादित हो गया है। निगम के सफाई कामगार संगठनों ने आरोप लगाया कि प्रभारी एएचओ ने पब्लिसिटी इस्टंड के लिए किया था। कर्मचारी नेता अनिल श्रवण ने बताया कि सफाई का काम कर्मचारियों का है, लेकिन प्रभारी एएचओ दारोगा को जिम्मेदार बता रहे हैं। अगर दरोगा नहीं सुन रहा तो उसे हटा देते या नोटिस देते।






भोपाल
मंगलवार, 23 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-02
वर्ष : 12, अंक : 174
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 भारत और पाकिस्तान के मैचों को....



व्यापार
05 80 हजार से 5 लाख रुपए तक...

सुप्रीम कोर्ट में 24 सितंबर से मामले की प्रतिदिन होगी सुनवाई

# 27% ओबीसी आरक्षण को लेकर दिल्ली में बड़ी बैठक सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई को लेकर बनी रणनीति

**पेश की जाने वाली दलीलों, तथ्यों और संवैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से हुई चर्चा**

**बैठक में मप्र सरकार के विधि अधिकारियों और भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल पी. विल्सन मौजूद रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर दिल्ली में एक अहम कानूनी बैठक आयोजित हुई, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता, भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल पी. विल्सन और मध्यप्रदेश सरकार के विधि अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक आगामी 24 सितंबर से सुप्रीम कोर्ट में शुरू होने वाली सुनवाई को लेकर रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई थी। वर्तमान में ओबीसी वर्ग को 13% आरक्षण मिल रहा है, जबकि इसे बढ़ाकर 27% किए जाने की मांग पर अदालत में बहस होनी है। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर से देश के सालिसिटर जनरल तुषार मेहता अपनी दलीलें रखेंगे।




**यह मामला सामाजिक न्याय और समान अवसर के अधिकार से जुड़ा**

जानकारी के अनुसार सुनवाई से पहले वरिष्ठ अधिवक्ता पी. विल्सन ने मध्यप्रदेश सरकार के विधि अधिकारियों के साथ दिल्ली में बैठक की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में पेश की जाने वाली दलीलों, तथ्यों और संवैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। सुप्रीम कोर्ट में इस संवेदनशील मुद्दे पर 24 सितंबर 2025 से प्रतिदिन सुनवाई की जाएगी। यह मामला सामाजिक न्याय और समान अवसर के अधिकार से जुड़ा हुआ है, इसलिए कानूनी व राजनीतिक दोनों ही दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



***13 प्रतिशत होल्ड पदों को लेकर रखा जाएगा पक्ष***

*बैठक में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर विचार किया गया। पहला, जिन 13 प्रतिशत पदों को अदालत के आदेश से रोककर रखा गया है, उन पर भर्ती प्रक्रिया की अनुमति मिले। दूसरा, प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को पूरी तरह लागू करने के लिए ठोस दलीलें तैयार की जाएं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अगस्त में कोर सेक्टर का उत्पादन 6.3% बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश के बुनियादी क्षेत्र का उत्पादन अगस्त में 6.3 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल इस महीने में उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कोयला, इस्पात और सीमेंट उत्पादन में विस्तार के कारण भारत के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर अगस्त में 13 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई।

### धीरेंद्र शास्त्री बोले- पंडालों के दरवाजे पर गोमूत्र रखें



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जिस तरीके से सनातन हिंदू विचारधारा के लोग हज यात्रा में नहीं जाते हैं, तो मुस्लिमों को भी गरबा में नहीं आना चाहिए। शास्त्री ने आयोजकों को सलाह दी है कि गरबा समारोह के मुख्य दरवाजे पर छिड़कने के लिए गोमूत्र रखना चाहिए।

### झांकी पर पत्थरबाजी सुलझा लिया मामला



**विदिशा।** सोमवार शाम को जय स्तंभ चौक बजरिया इलाके में एक झांकी पर पथराव हो गया। इसमें मां काली की प्रतिमा टूट गई। आरोप है कि वर्ग विशेष की बस्ती से पत्थर फेंके गए। घटना के बाद लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। पता चला कि बच्चों से गलती से पत्थर गिरा था। बच्चों के परिजनों ने माफी मांगी और सुलह हो गई।

‘जीएसटी बचत उत्सव’ के बाद एक और मास्टर स्ट्रोक

नवरात्रि पर मोदी सरकार का और 25 लाख महिलाओं को तोहफा

# मुफ्त में मिलेगा एलपीजी कनेक्शन और गैस चूल्हा, लाभार्थियों की संख्या 10.6 करोड़

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

मोदी सरकार नवरात्रि में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत और 25 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन वितरित करेगी जिससे लाभार्थियों की संख्या 10.6 करोड़ हो जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रत्येक कनेक्शन पर 2050 रुपए खर्च होंगे जिसमें सिलेंडर चूल्हा और रेगुलेटर शामिल हैं।

उन्होंने इसे नारी शक्ति का सम्मान बताया। इसे महिलाओं के लिए नवरात्र का उपहार बताते हुए पुरी ने कहा कि उज्ज्वला का विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। मंत्री ने इस योजना की सराहना सशक्तिकरण के प्रतीक और परिवर्तन के स्त्रोत के रूप में भी की। पुरी ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से लोगों में खुशी की लहर है और इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है

**सरकार ने बताया इसे नारी शक्ति का सम्मान**




***पुरी ने कहा कि यह कदम मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है***

***उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से 0.8 प्रतिशत बढ़ सकती है जीडीपी***

**पीएम मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र**

## सभी दुकानदारों से की ‘मेड इन इंडिया’ उत्पाद बेचने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। पीएम ▶▶ शेष पेज 4 पर




**स्वदेशी अपनाने की अपील की**

उन्होंने लिखा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

**छतरपुर में मर्डर केस | दो हफ्ते बाद अगली सुनवाई**

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा भाजपा विधायक को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया ?

**एसपी को नोटिस सीबीआई डायरेक्टर और डीजीपी से मांगी स्टेटस रिपोर्ट**



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने छतरपुर एसपी और राजनगर सीट से भाजपा विधायक अरविंद पटेरिया को नोटिस जारी किया है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान राजनगर सीट से कांग्रेस के तत्कालीन विधायक कुंवर विक्रम सिंह के ड्राइवर सलमान खान की 17 नवंबर 2023 को गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। सलमान की पत्नी राजिया ने भाजपा विधायक पटेरिया पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। डेढ़ साल बाद भी आरोपी विधायक की गिरफ्तारी और कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए एसपी से इसका जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर, डीजीपी, मुख्य सचिव और संबंधित जिले के एसपी को स्टेटस रिपोर्ट के साथ बुलाया है। इसके अलावा आरोपी अरविंद पटेरिया, जिन्हें मध्यप्रदेश सरकार ▶▶ शेष पेज 4 पर



सलमान खान
मृतक

**पत्नी का आरोप आरोपी समझौता का बना रहे दबाव**

ड्राइवर सलमान खान की पत्नी राजिया अली ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका में कहा कि घटना को डेढ़ साल से अधिक समय बीत गया है, लेकिन न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही जांच पूरी हुई। मुख्य आरोपी अरविंद पटेरिया चुनाव जीतकर राजनगर से विधायक बन गए हैं और उनका पुलिस-प्रशासन पर दबदबा है। राजिया अली ने कहा कि स्थानीय पुलिस आरोपियों को संरक्षण और सुरक्षा प्रदान कर रही है। जबकि उन्हें और उनके परिवार को लगातार यह दबाव बनाया जा रहा है कि वे समझौता कर लें। याचिकाकर्ता राजिया अली ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि अपराध क्रमांक 321/2023 की जांच स्थानीय पुलिस से हटाकर सीबीआई या स्वतंत्र एसआईटी को सौंपी जाए। साथ ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सुप्रीम कोर्ट ने डीजीसीए से मांगा जवाब**

## शुरुआती ‘जांच रिपोर्ट’ के कुछ पहलू गैरजिम्मेदाराना



***12 जून को हुआ एयर इंडिया विमान हादसा केस***

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ पहलू, जिनमें पायलटों की ओर से चूक का संकेत मिलता है गैरजिम्मेदाराना थे। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने की है। अदालत ने इस मामले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और नागरिक उड्डयन महानिदेशक को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**16 सितंबर को रिश्वत के साथ पकड़ाए**

## डिप्टी रेंजर ने खुद के पेट में मारी गोली, 5 पर प्रताड़ना के आरोप



***सुसाइड नोट में लिखा - मेरी छवि खराब हुई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶बुरहानपुर

नेपानगर की न्यू कॉलोनी में सोमवार दोपहर वन विभाग के धूलकोट रेंज में पदस्थ डिप्टी रेंजर कृष्ण कुमार बर्मन ने खुद को पेट में गोली मारकर घायल कर लिया। पुलिस और परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए। पेट से काफी खून निकल रहा था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बुरहानपुर रेफर कर दिया गया है, जहां इलाज चल रहा है। अस्पताल में परिजन और वन विभाग के लोग पहुंचे हुए हैं। बताया जा रहा है कि डिप्टी रेंजर 16 सितंबर को रिश्वत ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कई वीआईपी ने कार के बजाए ई-स्कूटी और अन्य साधनों का किया उपयोग**

**इंदौर में ‘नो कार डे’**

## कलेक्टर स्कूटी से कार्यालय पहुंचे, मेयर ने दौड़ाई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में सोमवार को नो कार डे मनाया गया। इस दौरान कई वीआईपी कार के बजाए बाइक, स्कूटी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करते नजर आए। सुबह 7 बजे पलासिया से राजबाडा और फिर पलासिया तक साइक्लोथान का आयोजन हुआ।

सुबह 8.30 से दोपहर 2 बजे तक पलासिया से गीता भवन के बीच नो कार जोन बनाकर ओपन स्ट्रीट ट्रैफिक कार्निवाल मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को निजी वाहनों की बजाए पर्यावरण-मित्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

ओपन स्ट्रीट ट्रैफिक कार्निवाल मनाया गया

**80** *हजार लीटर पेट्रोल ईंधनों की खपत में कटौती का दावा*



**हाईकोर्ट के जजों ने भी नहीं चलाई कार**

भार्गव के मुताबिक मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के कुछ न्यायाधीशों ने भी अदालत आने-जाने के लिए कार के बजाए दूसरे साधनों का इस्तेमाल किया। कार्यक्रम में देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के कुलपति राकेश सिंघई, महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया और अभिषेक शर्मा बबलू भी मौजूद रहे।

**बंगलुरू से वाराणसी जा रहा था विमान**

## फ्लाइट में यात्री ने की कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश

**दावा : फ्लाइट में किसी भी सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं हुआ**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-1086 ने सोमवार को बंगलुरू एयरपोर्ट से सुबह 8 बजे उड़ी थी।

इस दौरान मणि नामका एक यात्री अपनी सीट से उठकर कॉकपिट के दरवाजे के पास पहुंचा और उसे खोलने की कोशिश करने लगा। इसके बाद उस शख्स और उसके साथियों को सीआईएसएफ को सौंप दिया गया।




**शख्स और उसके साथियों को सीआईएसएफ को सौंपा**

यह शख्स आठ अन्य लोगों के साथ सफर कर रहा था। इस घटना के बाद उस शख्स और उसके साथियों को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंप दिया गया। फ्लाइट की सुरक्षित वाराणसी में लैंडिंग हुई। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि फ्लाइट में किसी भी सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं हुआ था। एक यात्री टॉयलेट (लैवेटरी) की खोज करता हुआ कॉकपिट के एंट्री एरिया में घुस गया। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि सुरक्षा मानक लगातार अपनी जगह पर हैं ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आत्मनिर्भरता फैलाने का प्रयास करेगा संघ, लोगों से नागरिक कर्तव्यों को लागू करने की अपील**

संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा

## भारत तो कई साल पहले आजाद हुआ, अब उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्ति अहम

एजेंसी ▶▶नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 साल पूरे हो रहे हैं। इस साल दशहरे पर संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा। आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संघ की भावी योजनाओं और देश में जरूरी बदलावों को लेकर अहम बयान दिया।

उन्होंने कहा कि देश को अब उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्त होना होगा। उन्होंने कहा कि देश में हर कोई एक ऐसा भारत चाहता है जिस पर हमें गर्व हो, जहां सभी खुश हों और जो वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका निभाए। संघ इसे प्राप्त करने के लिए हर संभव तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इस साल दशहरे पर संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा**




**शताब्दी वर्ष की शुरुआत इस साल दशहरे पर, अगले साल तक जश्न**

भावी बदलावों में संघ की भूमिका और आरएसएस शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर प्रचार प्रमुख आंबेकर ने कहा कि आरएसएस इस वर्ष विजयादशमी पर अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस वर्ष की विजयादशमी (2025) से अगली विजयादशमी (2026) तक आरएसएस शताब्दी वर्ष मनाएगा। इस वर्ष का विजयादशमी समारोह शताब्दी वर्ष की शुरुआत का प्रतीक होगा।

**संघ के मंच पर दिग्गजों की मौजूदगी में मंथन हुआ था**

गौर हो कि इस साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ दशहरे से पहले भी कई अहम कार्यक्रमों का आयोजन कर चुका है। बीते अगस्त में आंबेकर ने बताया था कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, पूर्व राजनयिक कंवल सिब्बल समेत कई पूर्व राजदूत और पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित कर देश के सामाजिक मुद्दों पर मंथन कर रहा है।



भोपाल। बिट्टन मार्केट की झांकी में भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्र और बड़े भाई बलभद्र के साथ माता संग विराजे हैं, जो बेहद आकर्षित कर रहे हैं।

माता की झांकी में बिखरी रंग-बिरंगी रोशनी से रोशन बिट्टन मार्केट।

### शुभ मुहूर्त में 1569 से अधिक पंडालों में विराजी मां दुर्गा-काली की प्रतिमाएं

# राजधानी में चारों ओर छाया शक्ति की उपासना का उल्लास, घटस्थापना के साथ लगे माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शक्ति की साधना और उपासना के शारदीय नवरात्र पर्व सोमवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शुरू हो गया। शहर में 1569 से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक स्थानों पर पंडाल सजाकर मां दुर्गा-काली की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। यह सिलसिला सुबह 9 बजे से शुरू होकर रात्रि तक चला। घरों, मंदिरों से लेकर पंडालों में माता की दस दिवसीय आराधना के लिए अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। इनकी संख्या 10 हजार से अधिक होने का अनुमान है।



### देवी मंदिरों में कतारें

शहर के दुर्गा मंदिरों में भी अखंड ज्योत स्थापना के साथ नवरात्र के अनुष्ठान प्रारंभ हो गए। सुबह मंदिरों में जल अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। शहर के काली मंदिर, भवानी मंदिर सोमवारा, माता मंदिर में भीड़ रही।

### मंदिरों में साज-सज्जा

नवरात्र के चलते पूरे शहर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। झांकी स्थलों से लेकर चौक चौराहों, रहवासी कॉलोनियों और सड़कों पर लाइटिंग लगाई गई है, इसी प्रकार शहर के प्रमुख मंदिरों में भी विद्युत साज सज्जा की गई है।

### जगराता और अनुष्ठान का सिलसिला शुरू

झांकी पंडालों और देवी मंदिरों में भजनों की स्वर लहरियां गूंजेंगी। इसी तरह झांकी स्थलों पर भी पूजा, अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान, देवी जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर नौ दिनों तक चलता रहेगा।



### पहले दिन कम रही भीड़

राजधानी भोपाल में इस बार एक से बढ़कर एक झांकी सजाई गई है। जिनको देखने देर रात तक लोगों की भीड़ जुट रही है। हालांकि सोमवार को पहला दिन होने के चलते भीड़ कम देखने को मिली। लेकिन एक-दो दिनों में पंडालों में अच्छी खासी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। बिट्टन मार्केट में पहले दिन हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। यहां पर जय मां वैष्णो दुर्गा उत्सव समिति हाट बाजार व्यापारी संघ द्वारा बड़े स्तर पर झांकी सजाई गई है। पहले दिन ही यहां पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। माता रानी के दर्शन किए। तो वहीं न्यू मार्केट व भेल बरखेड़ा पठानी में भी बड़ी संख्या में लोग झांकी देखने पहुंचे।

### पहले दिन हुई शैलपुत्री की पूजा अर्चना

मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री की पूजा आराधना की गई। घट स्थापना, पूजन आरती के साथ ही प्रसादी का वितरण किया गया। देवी मंदिर भी सुबह से रात तक खुले रहे। इनमें भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

### आज होगी ब्रह्मचारिणी की पूजा

दूसरे दिन मंगलवार को मां भगवती के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए हजारों वर्षों तपस्या की थी, उसी तप के कारण माता को ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां भगवती की इस शक्ति की पूजा अर्चना करने से मनुष्य कभी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होता और सही मार्ग पर चलता है।

### अपर कलेक्टर ने आयोजन समितियों को दिया आदेश

# गरबा पंडालों में आधार कार्ड से मिलेगी एंट्री

### लगाना पड़ेंगे सीसीटीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के गरबा पंडालों में अब बिना आधार कार्ड सहित पहचान के लिए कोई अन्य दस्तावेज के एंट्री नहीं मिलेगी। जिसके लिए गेट पर तैनात कर्मचारी आधार कार्ड से अंदर जाने वाले व्यक्ति का मिलान करेगा, जिसके बाद ही एंट्री दी जाएगी। इधर पंडालों के बाहर और अंदर सीसीटीवी कैमरे भी लगाने पड़ेंगे। अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने सोमवार को आयोजन समितियों को आदेश जारी कर दिए हैं। नवरात्र के दौरान राजधानी में एक दर्जन से अधिक जगहों पर गरबा पांडालों का आयोजन किया जाता है।

### ट्रैफिक, सफाई का रखेंगे ध्यान

अपर कलेक्टर ने आदेश के साथ पुलिस, नगर निगम सहित अन्य विभागों के अफसरों को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी है। जिसके तहत ट्रेफिक पुलिस बड़ी झांकियां, गरबा पांडालों के आसपास ट्रेफिक का इंतजाम देखेगी। सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात किए जाएंगे।

# शारदीय नवरात्रि

### मंदिरों व झांकियों में भक्तों की उमड़ेगी भीड़, 150 जवानों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्र में मंदिरों व झांकियों में आने वाले नौ दिनों तक भक्तों की भारी भीड़ उमडेगी, जिससे नियंत्रण करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा 150 से अधिक यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। तो वहीं क्षेत्रीय थाना पुलिस के मदद ली जाएगी। मंदिरों व झांकियों में लोग सपरिवार दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। इसकी वजह से सड़कों पर 5 गुना ट्रैफिक बढ़ने की संभवाना है। न्यू मार्केट, मोती मस्जिद हमीदिया मार्केट, रॉयल मार्केट, बिट्टन मार्केट, कर्फ्यू माता मंदिर और जहागीराबाद के आसपास के प्रमुख झांकियां सजाई जाती है।

# नवरात्रि के पहले शुभ दिन रजिस्ट्री कराने उमड़ी भीड़

***गणेशोत्सव के बाद से कम हो रही थीं रजिस्ट्री, नवरात्र में बढ़ेगी तादाद***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गणेशोत्सव के दौरान प्रॉपर्टी के बाजार में बूम आने के बाद दोबारा से नवरात्रि का शुभ मुहूर्त शुरु हो गया है। पहले दिन देर रात तक 464 रजिस्ट्री दर्ज की गईं, जिससे करोडों रुपए की आमदनी विभाग को हुई है। अब मंगलवार से रजिस्ट्री की तादाद बढ़ने की उम्मीद है।

दोपहर में सर्वर डाउन होने के चलते लोगों को बीच-बीच में परेशानी का सामना करना पड़ा। पंजीयन विभाग के अफसरों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त बढ़ेगी। इसलिए लोगों से अपील की जा रही है कि पहले से एडवांस स्लॉट की बुकिंग करा लें। जिससे परेशानी का सामना न करना पड़े। आने वाले दिनों में 400 से ज्यादा प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री होंगी।

### टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह, शिल्पा शिंदे और प्रसिद्ध बुंदेली गायिका कविता शर्मा मचाएंगी धमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के भेल जम्बूरी मैदान पर 23 सितम्बर मंगलवार से भोजपाल गरबा महोत्सव का भव्य आगाज होने जा रहा है। दो दिन की फायनल रिहर्सल के बाद गरबे की धूम मचेगी। गरबा महोत्सव में मुंबई की टीवी अभिनेत्रियों के साथ बुंदेलखंड की प्रसिद्ध गायिका अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाने आ रही हैं। इस बार एक लाख किलोवॉट साउंड सिस्टम और म्यूजिकल बैंड पर गरबा प्रेमियों और प्रतिभागियों के कदम थिरकेंगे। सोमवार को मुख्य आयोजन की पूर्व संध्या पर करीब 250 प्रतिभागियों ने मां, स्वास्तिक, ओम और भोजपाल गरबा महोत्सव की प्रस्तुति के साथ मां अम्बे की आरती की।

### एक लाख किलोवॉट का साउंड सिस्टम, म्यूजिकल बैंड पर गरबा प्रतिभागियों के थिरकेंगे कदम

# भोजपाल गरबा महोत्सवः आज से भव्य आगाज भेल जंबूरी मैदान पर 29 सितंबर तक मचेगी धूम



### गरबा महोत्सव में ये अभिनेत्रियां मचाएंगी धूम

भोजपाल गरबा महोत्सव में मुंबई की टीवी सीरियल की अभिनेत्रियां अलग-अलग दिनों तक अपनी प्रस्तुति देंगी। 24 सितम्बर को दीया बाती फेम टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह, 27 सितम्बर को शिल्पा शिंदे (भाभी जी घर पर हैं की अंगूरी भाभी) के साथ ही 29 सितम्बर को प्रसिद्ध बुंदेली गायिका कविता शर्मा अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाने आ रही हैं।

### तिलक लगाकर, कलावा बांधकर किया जाएगा स्वागत

आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि गरबा के दौरान आयोजन स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। यहां आने वाले हर सनातनी का चंदन का तिलक लगाकर, कलावा बांधकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया जाएगा। गरबा महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को अलग-अलग पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें स्कूटी, मोबाइल, एलईडी टीवी, स्मार्ट वॉच, म्यूजिक सिस्टम, स्टील बॉटल, आयरन प्रेस, ईयर बर्ड, गोल्ड इयर रिंग और गोल्ड रिंग दी जाएगी। प्रतिभागियों के अलावा आमजन को भी रोजाना अलग- अलग पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें बेस्ट डांस फीमेल, बेस्ट डांस मेल, बेस्ट कस्ट्यूम फीमेल, बेस्ट कस्ट्यूम मेल, बेस्ट पगड़ी, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट किड्स, बेस्ट कपल का पुरस्कार दिया जाएगा। आमजन के लिए बेस्ट ग्रुप का पुरस्कार दिया जाएगा।


### नवरात्रि के पावन दिनों के अतिरिक्त भी साल भर रहती है श्रद्धालुओं की भीड़, दूर-दूर तक फैला है मंदिर का प्रताप

# राजधानी में कर्फ्यू के दौरान हुई थी माता रानी की स्थापना, इसलिए भक्तों ने नाम दिया 'कर्फ्यू वाली माता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**1 नवरात्रि विशेष**
**देवी मंदिर परिक्रमा**

शक्ति की उपासना के नौ दिनी पर्व शारदीय नवरात्र की शुरुआत होते ही, माता रानी के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसी के तहत पुराने शहर का पीरगेट सोमवारा चौक आस्था का प्रमुख स्थल है। यह मंदिर कर्फ्यू वाली मंदिर के नाम से प्रसिद्ध रहा है। करीब चार दशक पूर्व यहां भवानी मंदिर बना, तब से यहां पर माता के जयकारे गूंज रहे हैं। वैसे तो सालभर यहां दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगता है। मंदिर के नाम के पीछे ऐतिहासिक महत्व भी है। यह मंदिर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर विकसित हो रहा है, इसलिए यह मंदिर भोपाल का स्वर्ण मंदिर के नाम से पहचाने जाने लगा है। पीरगेट इलाके में स्थित कर्फ्यू वाली माता रानी के दरबार की अपनी महिमा है। वैसे तो इस मंदिर में साल भर भक्तों की भीड़ लगी रहती है। लेकिन नवरात्र में विशेष रूप से मां भवानी के मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। मां भवानी के इस मंदिर को राजधानीवासी कर्फ्यू वाली माता के मंदिर के रूप में भी जानते हैं। इस मंदिर का नाम कर्फ्यू वाली माता का मंदिर कैसे पड़ा। इसकी अपनी कहानी है। संभवतः देश में यह पहला मंदिर है, जिसे इस नाम से पहचान मिली है।



### 50 रुपए से अधिक का दान की दी जाती है रसीद

एक तरफ जहां देश के अन्य मंदिरों में अकूत धन चढ़ता है, जिसका अधिकांश मंदिर समितियां, ट्रस्ट कोई रिकॉर्ड नहीं रखती हैं। लेकिन इस मंदिर में 50 रुपए से अधिक का दान रसीद से ही स्वीकार किए जाता है। पेटी में जो दान किया जाता, वह गुप्तदान रहता है। इसी पैसे से मंदिर का संचालन व वर्षभर के सभी बड़े त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं।

### प्रदेशभर से भक्त आते हैं

दर्शन के लिए यहां न सिर्फ भोपाल, बल्कि आसपास से भी लोग पहुंचते हैं। नवरात्र में यहां विशेष पूजा-अनुष्ठान होते हैं। माता रानी के दरबार में दिल्ली,मुंबई ग्वालियर जबलपुर जैसे महानगरों से भी लोग दर्शन करने आते हैं।



### कैसे पड़ा मंदिर का नाम



कर्फ्यू वाली माता का मंदिर इस मंदिर का नाम कर्फ्यू वाली माता का मंदिर पड़ने के पीछे बड़ी कहानी है। मंदिर के पुजारी सुरेश चौबे ने बताया कि 1982 में जब मंदिर का निर्माण हो रहा था तो राजधानी में खासकर पुराने भोपाल इलाके में साम्प्रदायिक तनाव के हालात पैदा हो गए थे और स्थिति पर नियंत्रण के लिए इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया था। प्रशासन ने रातों रात मूर्ति हटवाकर शीतलदास की बगिया में रखवा दी थी। इस बात से भोपालवासी खासा नाराज हो गए थे और तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा था। कर्फ्यू करीब एक महीने तक रहा और आखिरकार प्रशासन को हार मानकर मंदिर में मां की प्रतिमा को स्थापित करना पड़ा था। तब से इस मंदिर का नाम कर्फ्यू वाली माता के मंदिर के नाम से जाना जाने लगा।

### मां के आशीर्वाद से पूरी हुई सभी मुरादें



राजधानी में रहने वाले श्रद्धालु धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि वे कई सालों से मां के दरबार में आ रहे है। जब भी कोई कष्ट या परेशानी आई तो माता रानी ने दूर की। मातारानी के इस दरबार में मन्नत के लिए श्रद्धालु नारियल में मातारानी के लिए अर्जी लिखकर लगाते हैं। इससे श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती हैं।

### माता रानी भक्तों पर करती हैं कृपा



राजधानी के सुजीत पंथी ने बताया कि माता रानी भक्तों पर कृपा करती है। मुझे जब भी कोई दुख तकलीफ आती है। तो माता रानी के दर्शन व आशीर्वाद के लिए आता है। माता रानी के आशीर्वाद से समस्या का समाधान हो जाता है।

**खबर संक्षेप**

## सुधीर सोनी रत्न हाउस कार्यकारी अध्यक्ष बने



**भोपाल।** मप्र स्वर्णकार समाज कल्याण समिति ने अपनी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर इन्दौर स्थित रत्न हाउस के प्रोपाटर सुधीर सोनी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक किया है। इस बैठक में महाराजा अजमीढ़ देव की जयन्ती मनाने के लिए समिति का गठन कर जिम्मेदारी दी गई। 7 अक्टूबर को धूमधाम से कमला पार्क स्थित मूर्त स्थल पर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में योगेश सोनी, राजेश सोनी, आशीष सोनी, अखिलेश सोनी, प्रेम नारायण स्वर्णकार, अमित सोनी, मुकेश सोनी आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग विद्यार्थियों को 3.90 करोड़ जारी

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित समग्र शिक्षा अभियान में समाजसेवी योजना के तहत 3 करोड़ 90 लाख रुपए की भत्ता राशि जारी की गई है। भत्ते राशि में दिव्यांग विद्यार्थियों को परिवहन, मार्ग, वाचक और ब्रैल स्टेशनरी भत्ता उनके बैंक खातों में जारी किये गये है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके अलावा दिव्यांग बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप 2000 रुपए की राशि गर्ल्स स्टायपेंड के रूप में दी गई है। दिव्यांग विद्यार्थियों को सुविधा भत्ता दिए जाने का मकसद उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत प्रदान करना है। दिव्यांग विद्यार्थियों को परिवहन और मार्ग रक्षण भत्ता 3-3 हजार रुपए, दृष्टिवाधित विद्यार्थियों के लिये वाचक भत्ता 2500, ब्रैल स्टेशनरी मटेरियल 2000 और दिव्यांग बालिकाओं के लिए गर्ल्स स्टायपेंड 2000 रुपए प्रतिवर्ष दर से जारी किए जाने का प्रावधान है।

# मप्र में 10 गुना किराया देकर भी बंगले खाली नहीं कर रहे आईएएस-आईपीएस

▸ राजधानी के बाहर पोस्टिंग के बाद भी डेढ़ दर्जन अफसर सरकारी बंगलों में काबिज

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र के तीन कलेक्टरों सहित एक दर्जन से अधिक मौजूदा आईएएस, आईपीएस और अन्य अफसर भोपाल के सरकारी बंगले का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। बार-बार तबादले और पारिवारिक स्थितियों, बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्ग माता-पिता, बड़े भाई-बहनों के इलाज के लिए परिवार को राजधानी भोपाल या बड़े शहरों में रखना इनकी मजबूरी है। यही कारण है कि कई अफसर रिटायरमेंट के बाद भी बंगले में टिके हुए हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में मनचाहा सरकारी बंगला मिलना टेढ़ी खीर है। इतना ही नहीं भोपाल से तबादला होने के बाद दोबारा यहां आने पर पसंद का सरकारी बंगला पाना मुश्किल होता है। यही कारण है कि नौकरशाह भोपाल से दूसरे जिलों में कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत बनने के बाद भी राजधानी के सरकारी बंगलों को नहीं छोड़ रहे हैं। इसके लिए ऐसे अफसर दस गुना तक किराया देने के लिए तैयार हैं। दरअसल, तबादले के बाद बंगला रिक्त करने के लिए तीन व विशेष स्थिति में छह महीने तक का रीलिफ दिया जाता है। इसके बाद कुछ समय तक दोगुना फिर 10 गुना तक किराया वसूल किया जाता है।

### बंगले के लिए सीएस भी हुए परेशान, सरकारी बंगले के लिए इंतजार करना पड़ा



पद से सेवानिवृत हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुधीर सक्सेना ने अब तक चार इमली स्थित बी-18 खाली नहीं किया है। इसके चलते मुख्य सचिव अनुराग जैन को भी सरकारी बंगले के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। अंततः उन्हें पूर्व में अलॉट सरकारी बंगला छोड़ना पड़ा। अब उन्हें सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना को आवंटित चार इमली का बंगला बी-18 आवंटित किया गया। सूत्रों के मुताबिक इस माह उन्होंने बंगला खाली करने का आश्वासन दिया है।

### गृह विभाग ने जारी किया आदेश

अपर आयुक्त ग्वालियर निधि सिंह को ईएन / 7 चार इमली, पूर्व डीजीपी सुधीर सक्सेना को बी-18 चार इमली, स्पेशल डीजी रेलवे से रिटायर हुए आईपीएस सुधीर कुमार शाही को चार इमली में डी 9, सीईओ जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर को ईएन टाइप बंगला चार इमली में, आईएएस रत्नाकर झा को डी 4/9 चार इमली, पुलिस उपमहानिरीक्षक स्तर के अधिकारी अमित सांघी को डी 4/9 चार इमली, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र जैन ई117/12 शिवाजी नगर, दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर डी 2/11 चार इमली, मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग डी-12, उमाकांत चौधरी डीएसपी, रिटायर्ड एसपी एमएल चौरसिया सहित एक दर्जन आईएएस, आईपीएस, एसएएस, एसपीएस को गृह विभाग ने नोटिस जारी कर राजधानी भोपाल के शासकीय आवास खाली करने को कहा है।

### दिल्ली के सम्मेलन को सीएम हाउस से वर्चुअली किया संबोधित

# अगला अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन मध्यप्रदेश में होगा, सीएम डॉ. यादव ने किया आमंत्रित

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुझे गर्व है कि मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना के शुभारंभ के साथ ही नवकरणीय ऊर्जा में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर नया मानक स्थापित किया है। यह देश की पहली परियोजना है, जो रिकार्ड न्यूनतम 2 रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट टैरिफ पर स्थिर और डिस्पैचेबल नवकरणीय ऊर्जा प्रदान कर रही है। मप्र में वर्ष 2025 तक सौर क्षमता लगभग 5 हजार मेगावाट पर पहुंच चुकी है, जिसे वर्ष 2035 बढ़ाकर 33 हजार मेगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है।

डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित सीआईआई अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगला सम्मेलन मप्र में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी को आमंत्रित भी किया।

**मप्र ने नवकरणीय ऊर्जा में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया नया मानक**

### औद्योगिक निवेश के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी, रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी 2025 और पम्प हाइड्रो पॉलिसी 2025 के अंतर्गत औद्योगिक निवेश के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा, टैक्सटाइल, आईटी, कृषि, फार्मा, रक्षा और अंतरिक्ष हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है एवं भारत को स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी में वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित किया है। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो और 2030 तक 500 गीगावाट नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता का लक्ष्य रखा है। देश 251.5 गीगावाट नॉन-फॉसिल ऊर्जा क्षमता को पार कर चुका है और सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता में 100 गीगावाट की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

### मप्र ऊर्जा क्षेत्र में देश के प्रमुख राज्यों में से एक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, पीएम-कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और स्मार्ट ग्रिड जैसी पहलों के माध्यम से भारत ने ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर, स्वच्छ और सतत दिशा प्रदान की है। परिवारों को मुफ्त बिजली का लाभ मिला है। मध्यप्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अनूठी उपस्थिति के साथ देश के प्रमुख राज्यों में से एक बन चुका है। यहां देश का सबसे बड़ा सौर पार्क रीवा में स्थापित है, जो दिल्ली मेट्रो जैसे महत्वपूर्ण उपक्रमों को ऊर्जा प्रदान करता है। साथ ही सांची शहर को देश का पहला सोलर सिटी बनाया गया है और ओमकारेश्वर में भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट कार्यरत है। नीमच में भारत का सबसे बड़ा पंप हाइड्रो पॉवर स्टोरेज प्रोजेक्ट विकसित किया गया है, जो ऊर्जा संग्रहण क्षमता के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाता है।

## प्रधानमंत्री जन-मन योजना से सहरिया समुदाय को मिला नव जीवन: पटेल



▸ टीबी रोगियों से की मुलाकात, भेंट की फलों की टोकरी: राज्यपाल

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना और आयुष्मान कार्ड की सुविधाओं से जनजातीय समुदाय को नव जीवन मिला है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय बहुल क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान उन्होंने आवास हितग्राहियों से चर्चा की है। सभी का कहना है कि उनके मकान पक्के होंगे, सोचा भी नहीं था। लोक शक्ति रथ के यात्रियों ने आयुष्मान भारत योजना को सभी के लिए जीवन दायिनी बताया है। राज्यपाल पटेल सोमवार को मुरैना विकासखंड के ग्राम धनेला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने टीबी रोगियों से मुलाकात की और रोगियों को निक्षय मित्र के रूप में फलों की टोकरी भेंट की। राज्यपाल पटेल ने ग्राम धनेला में हितग्राही दिलीप, बंटी एवं पप्पू सहरिया को नए आवास में प्रवेश कराया। दिलीप सहरिया की पत्नी ने अपने घर की सुखद अनुभूतियां राज्यपाल के साथ साझा की। पटेल ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और आजीविका मिशन की प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। आगनवाड़ी कार्यक्रर्ताओं द्वारा पोषण अभियान के तहत बाटे जाने वाले विभिन्न व्यंजनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने श्रीअन्न (मोटे अनाज) से बने हलवे का स्वाद भी चखा।

### 68,500 शमन शुल्क वसूला, तीन ट्रक को किया जब्त

## बिना फिटनेस, पीयूसी, परमिट के दौड़ रहे आठ वाहनों को आरटीओ अमले ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नियम विरोध व टैक्स चोरी कर बसों का संचालन करने वाले संचालकों की धरपकड़ के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार पर 22 अक्टूबर सोमवार से परिवहन विभाग की ओर से विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को आरटीओ अमले चेकिंग की। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल द्वारा मोटर यान कर बकाया वसूली एवं यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के संबंध में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को भोपाल बाईपास, नर्मदापुरम रोड, इंदौर राजमार्ग, रायसेन, विदिशा रोड सहित अन्य जगहों पर यात्री वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटर यान अधिनियम की धाराओं के उल्लंघन की स्थिति में 8 वाहनों की जांच की गई। जोकि बिना फिटनेस, बिना पी यू सी, बिना परमिट के संचालित हो रहे थे। मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन के फलस्वरूप समन शुल्क के रूप में 68500 रुपए शमन शुल्क वसूला गया, साथ ही 3 ट्रक मोटर यान अधिनियम के उल्लंघन के कारण जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल में खा गया है।

## पटवारी की मांग: आईटी रिफंड की तरह आम लोगों के लिए जीएसटी रिफंड करे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिस तरह आयकर (आईटी) रिफंड की व्यवस्था है, उसी तरह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में भी रिफंड की नीति आम जनता के लिए लागू की जाए। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में जिन उपभोक्ताओं ने 28 की दर से जीएसटी का भुगतान किया है, उन्हें जीएसटी दरों में कमी जैसे 18 प्रतिशत के बाद अतिरिक्त भुगतान की राशि का रिफंड मिलना चाहिए।

पटवारी ने कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बनाकर आम जनता की जेब पर डाका डाला है। पिछले कई वर्षों में जीएसटी के माध्यम से सरकार ने लगभग 55 लाख करोड़ रुपए एकत्र किए, जिसका बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ा, जबकि बड़े उद्योगपतियों जैसे अडानी और अंबानी को इसका लाभ मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि जीएसटी दरों में कमी अब केवल आगामी बिहार चुनाव जैसे राजनीतिक लाभ के लिए की जा रही है, न कि जनता की भलाई के लिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी शुरू से कहते रहे हैं कि जीएसटी को एक स्लैब में लाया जाए ताकि यह आम जनता की पहुंच में हो और उनकी जेब पर बोझ न पड़े। लेकिन मोदी सरकार ने न केवल जीएसटी को जटिल बनाए रखा, बल्कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बीच जनता की क्रय शक्ति को भी कमजोर किया। उन्होंने विशेष रूप से कृषि यंत्रों पर जीएसटी जैसे मुद्दों को रेखांकित किया।

### आयुष एवं पर्यटन विभाग के मध्य होगा एमओयू

## आज सीएम 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को राज्य स्तरीय 10 वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का शुभारंभ कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में दोपहर 3 बजे करेंगे। कार्यक्रम में साथ ही आयुष वैलनेस टूरिज्म तहत आयुष विभाग एवं पर्यटन विभाग के मध्य एमओयू होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आयुष जनस्वास्थ्य कार्यक्रम का 55 जिले की 55 इकाई में प्रसार एवं कैंसर रोगियों के लिए कारुण्य कार्यक्रम और औषधि पौधों के लिए हेल्पलाईन का शुभारंभ करेंगे। साथ ही एसएमपीबी की 'मध्य हर्बल दर्पण' पत्रिका का विमोचन और जन आरोग्य समिति की नियमावली का विमोचन भी करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अध्यक्षता आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर मंत्री एवं भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप, मंत्री विश्वास सारंग, राज्यमंत्री कृष्णा गौर और धर्मेंद्र सिंह लोधी मौजूद रहेंगे।

## संगठनात्मक बैठक के दूसरे दिन प्रदेश प्रभारी बोले, जिला अध्यक्षों को गुटबाजी से ऊपर उठकर करना होगा काम

▸ ग्वालियर चंबल और इंदौर के जिला अध्यक्षों ने संगठनात्मक कार्यों की रिपोर्ट की प्रस्तुत




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक के दूसरे दिन ग्वालियर-चंबल एवं इंदौर संभाग के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ संगठन सृजन अभियान के तहत किए गए कायो पर विचार विमर्श किया है।

इस दौरान संभागवार जिला अध्यक्षों ने संगठनात्मक कार्यो और अपने क्षेत्र की गतिविधियों को लेकर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होने कहा कि जिला अध्यक्षों को गुटबाजी से ऊपर उठकर काम करना होगा।

संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं में निहित है, इसलिए हमें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है इसके लिए एकजुट रहना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने आगामी दिनों में जिला अध्यक्षों के लिए होने जा रही 10 दिवसीय ट्रेनिंग की रूपरेखा लेकर भी चर्चा हुई। बड़ी बात है कि इस ट्रेनिंग में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को भी शामिल होने आ रहे हैं। वहीं दूसरे दिन की संगनात्मक बेठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ग्वालियर-चंबल और इंदौर संभाग कांग्रेस पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संगठन को मजबूत करने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए हर स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी। संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।




### कारम बांध धराशायी होना एडीओ के लिए बना वरदान

कुछ साल पहले कारम बांध एक ही बारिश में धराशायी हो गया था। उस वक्त के पूर्व मुख्यमंत्री ने आनन फानन में कमेटी बनाकर जांच करवाई। किंतु यह बात कम ही लोगों को पता है कि उस करोड़ों रुपए की क्षति के लिए जिम्मेदार एक एसडीओ की जैसे बांध टूटना ही लकी साबित हुआ। एस एसडीओ को अब बड़ी जवाबदारी मिल गई है। वह जिम्मेदारी भी ऐसी है कि जो काम पहले कोई मियां नौशाद करते थे, वह काम अब एसडीओ साहब कर रहे हैं। खैर, यह तो बात पते की हुई, पर असल बात यह है कि इन एसडीओ साहब को भोपाल में ही पहले प्रभारी अधीक्षण यंत्री बनाया गया, फिर उन्हें प्रभारी मुख्य अभियंता बना दिया गया। दरसअल, यह सब आसमानी ताकत का कमाल है। बताते हैं कि एसडीओ की लाटरी लगने के बारे में अब विभाग के ही इंजीनियर खूब चर्चा करते हैं। वे ऐसी बातें भी बताते हैं कि कोई भी सुनकर ताज्जुब में पड़ जाता है।

### क्या सचमुच, सरपंच बनने के बाद बाकी किसी अनुभव की जरूरत नहीं होती?

पिछले दिनों एक मंत्री पर एक हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगा। हालांकि उस बात कोई खास दम नहीं दिखा। आनन फानन में उसकी जांच बिठा दी गई और ईएनसी ने अपने जांच में क्लीनचिट भी दे दी। इस पर लोगों ने कहना शुरू किया कि ऐसा संभव नहीं है, चूंकि मंत्री महोदया के बारे में कहा जाता है कि वे ऐसा नहीं कर सकती। सभी जगहों पर उनके बारे में इमेज काफी अच्छा है। कोई भी इस पर भरोसा नहीं करता कि ऐसा हो सकता है। खैर, यह तो सियासत की बात हुई, पर अफसरों के बीच में धारणा कुछ अलग कह सकते हैं। बताते है कि एक बार तो इसीतरह की चर्चा में एक सीनियर अफसर ने यह तक कह दिया कि बाकी सब कुछ ठीक है, पर एक बार कोई सरपंच बन जाए तो बाकी किसी बात के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते?

### पिताजी इतने भड़के कि आखिर आदेश बदलना ही पड़ा...

एक आईएएस बेचारे की चर्चा मंत्रालय में इन दिनों खूब हो रही है। बताते हैं कि साहब काफी सीधे-साधे हैं। यहां तक कि अपने सीनियर अफसर तक को ठीक से जवाब नहीं दे पाते। यह हालांकि उनके अच्छे संस्कार हैं, पर कई लोग इसे बहुत अच्छा नहीं मानते। खैर, यह तो संस्कारों की बात हुई। हुआ यूं कि पिछले दिनों इन साहब की ड्यूटी प्रधानमंत्री के एक कार्यक्रम में लगा दिया गया। वहां जाकर संबंधित विषय के बारे में ब्रीफ करना पड़ता। वे इससे काफी भयभीत हुए। बताते हैं कि उन्होंने यह बात अपने पिता जी को बता दी। पिता जी काफी नाराज हुए कि उनके बेटे को परेशान किया जा रहा है। वे मंत्रालय आ धमके, और उपर से लेकर नीचे तक के अफसरों को सुना दी। आनन फानन में आदेश में बदलाव कर एक मैडम को भेजा गया। अब चर्चा जमकर अफसरों के बीच हो रही है कि मम्मॉ ब्वॉय तो ठीक यह क्या है भाई।

### क्या सचमुच इंजीनियर डीपीआर बनाएंगे और उसी पर काम भी कराएंगे

पीडब्ल्यूडी के एक कार्यक्रम में विभागीय मंत्री ने कहा कि मुझे पता चला है कि इंदौर से आकर यहां कुछ लोग डीपीआर बनाकर दे दे रहे हैं। यह काम अपने इंजीनियर भी कर सकते हैं। मंत्री जी ने यहां तक कह दिया कि इंजीनियर बनना आसान नहीं है। आप समाज के लिए प्रेरणा हैं। आप डीपीआर बनाए तो और अच्छा बनेगा और लोग भी इससे सीखेंगे। यह तो ठीक बात थी, किंतु यह बात कौन बताएं कि एक-एक डीपीआर के लिए करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। जब विभाग ही डीपीआर बनाएगा तो यह खर्च कहां समायोजित होगा? मजे की बात यह कि मंत्री ने जो भी घोषणाएं की, वह पूरा शायद ही हो पाए।

हरि अग्रहरि

डायल 112 के जरिए लोगों को बेहतर सेवा देने में जुटे अफसर

## ट्रेनिंग के लिए साउथ कोरिया जाएगा 20 अफसरों का दल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अत्याधुनिक उपकरणों से लैस डायल 112 की फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल पूरे प्रदेश में दौड़ रही है। इस सेवा को तकनीकी रूप से और बेहतर बनाने के लिए आला अधिकारी जुट गए हैं।

अफसरों का कहना है कि इस सेवा से लोगों की मदद के संतोष जनक परिणाम सामने आ रहे है। इसके लिए एमपी पुलिस के अफसरों का एक दल जल्द ही साउथ कोरिया प्रशिक्षण के लिए जाएगा। इसके लिए टेलीकॉम शाखा ने एक प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय की ट्रेनिंग ब्रांच के जरिए सरकार को भेजा है। इसमें निरीक्षक स्तर से लेकर स्पेशल डीजी के अफसर तक के अफसरों को शामिल किया गया है। डेढ़ करोड़ का यह प्रस्ताव अभी मंजूरी की प्रक्रिया में है। दरअसल साउथ कोरिया उन देशों में शुमार है जहां पुलिस सिस्टम क्विक रिस्पांस के लिए जाना जाता है। यहां पर विदेशी नागरिकों को भी शिकायत में समस्या न आए इसका तक एक अलग सिस्टम बना हुआ है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैतूल में व्यापारियों और ग्राहकों से की चर्चा

## भारत को आत्मनिर्भर बनाने हमें करना है स्वदेशी उत्पादों का उपयोग: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को बैतूल के गंज मार्केट में भ्रमण कर स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों का जीएसटी की दरों में किए गए बदलाव की जानकारी देकर मुंह मीठा कराया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने खरीदारी कर रहे ग्राहकों से चर्चा के दौरान उन्होंने जीएसटी की कम हुई दरों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना। उन्होंने अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद एवं वस्तुओं के क्रय-विक्रय व उपयोग का आग्रह भी किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके प्रदेश अध्यक्ष के साथ थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि जीएसटी सुधार आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में बड़ा ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नागरिक देवो भवः की परिकल्पना साकार हो रही है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और अधिक से अधिक मात्रा में स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करें।

### जीएसटी की दरें घटाना भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है: हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान है कि अपने देश की मिट्टी से जुड़ा हर उत्पाद हमारी संस्कृति, मेहनत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसलिए आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण के लिए वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन दें। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जीएसटी सुधार को देश की दिशा और दशा बदलने वाला महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है। युवा न केवल उपभोग करता है बल्कि उत्पादन और जीडीपी में बड़ा योगदान दे सकता है।

## जैकेट का शेष....

### हादसे में 10 घायल, कई...

यह इमारत काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी थी। दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई थीं और अक्सर प्लास्टर व मलबा गिरता रहता था। रहवासियों ने बताया कि कई बार इस इमारत को खाली करने की बात भी उठी थी, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। सोमवार को दिनभर हुई तेज बारिश के कारण इमारत और कमजोर हो गई और रात में अचानक ढह गई। पड़ोसियों ने बताया कि हादसे के वक्त इमारत में कम ही लोग मौजूद थे, क्योंकि ज्यादातर लोग बाहर थे। उनका कहना है कि यदि यह हादसा और देर रात होता, तो जान-माल का नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता था, क्योंकि उस समय सभी लोग अपने घरों में सो रहे होते।

### सीएम ने खरीदे खादी...

छोटी चीज भी मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया होना चाहिए। स्वदेशी के मूल भाव को अपनाते हुए हम देश को अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दोपहर में जीएसटी रिफॉर्म को लेकर पुराने भोपाल के चौक बाजार पहुंचे थे। उन्होंने कर्फ्यू वाली माता का दर्शन पूजन किया। इसके बाद व्यापारियों से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों, आम जनता के कल्याण के लिए जीएसटी की दरें घटाई गई हैं। भारत स्वदेशी के भाव को लेकर ही आजाद हुआ है। हम स्वदेशी अपनाकर ही देश को और समृद्ध बना सकते हैं। जीएसटी की दरों में कटौती करके प्रधानमंत्री ने देश की जनता, व्यवसायियों, उद्यमियों को जो उपहार दिया है, उसके लिए हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करना चाहिए।

### स्वदेशी के मूल ...

हुए हम आगे बढ़ें और भारत को विश्व का नंबर एक देश बनाने में अपना सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यहां का बना हुआ उत्पाद यही खपे और यहां से बनी हुई चीजें दुनिया में निर्यात हों।

### जीएसटी की दरों में...

कपड़ों की खरीदारी की है। स्वदेशी वस्तुएं दुनिया में भारत की पहचान रही हैं। मुख्यमंत्री ने कपड़ा खरीदी का डिजिटल भुगतान किया साथ ही सभी से डिजिटल भुगतान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, छोटे व्यापारियों और कारीगरों को प्रोत्साहन देने, भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी के भाव से बढ़कर कुछ नहीं है। इसलिए स्वदेशी अपनाओ-देश को आगे बढ़ाओ।

### बाइक सवार चिल्लाता ...

थाने के सामने जब्त कर लिया है। हादसे से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने बाराहेड़ पेड़ा और मांगे दा ढाबे पर हाइवे जाम कर दिया।

### अंतरिक्ष में विदेशी ...

आ गया था। केंद्र सरकार ऐसे बॉडीगार्ड उपग्रहों को बनाना चाहती है, जो भारतीय उपग्रहों के आसपास रहकर उन्हें खतरे से बचा सकें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को पहचान सकें। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि 2024 के मध्य में एक पड़ोसी देश का उपग्रह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक उपग्रह के महज एक किलोमीटर पास से गुजरा। यह इसरो का वो उपग्रह था, जो धरती पर निगरानी और मानचित्रण जैसे काम कर रहा था, जिनका उपयोग रक्षा क्षेत्र में भी होता है। उपग्रह सुरक्षा परियोजना के तहत भारत अंतरिक्ष में अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना चाहता है। इसके तहत करीब 27 हजार करोड़ रुपए की लागत से 50 निगरानी उपग्रह भेजे जाएंगे। गौर हो कि पाकिस्तान के पास केवल आठ उपग्रह हैं, वहीं भारत के पास सौ से ज्यादा उपग्रह हैं। चीन इस मामले में सबसे आगे है, उसके पास 930 से भी ज्यादा उपग्रह हैं।

## पेज एक का शेष....

### सभी दुकानदारों से ...

मोदी ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी।

रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5% की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज़्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5% टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे।

उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- ...

ने सुरक्षा प्रदान की है, को भी नोटिस जारी किया है। दो हफ्ते बाद इस मामले में अगली सुनवाई होगी।

### पत्नी का आरोप- ...

याचिकाकर्ता और उनके परिवार के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कोर्ट से परिस्थिति के अनुसार उचित आदेश पारित करने की भी मांग की है।

### शुरुआती 'जांच रिपोर्ट'...

सिंह की पीठ ने 12 जुलाई को जारी विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ पहलुओं पर ध्यान दिया। एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद गठित जांच पैनल में तीन सदस्य विमानन नियामक से थे और इसमें हितों के टकराव का मुद्दा शामिल हो सकता है। उन्होंने विमान के उड़ान डेटा रिकॉर्डर से जानकारी जारी करने की मांग की, जिससे दुर्घटना के कारण का पता चल सके। पीठ ने कहा कि इस मामले में गोपनीयता और निजता पर ध्यान देने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि वह केवल दुर्घटना की स्वतंत्र, निष्पक्ष, और शीघ्र जांच के सीमित पहलू पर ही नोटिस जारी कर रही है। अदालत ने इस दौरान अंतिम रिपोर्ट जल्द से जल्द जारी करने की भी बात कही। इस हादसे में विमान में सवार 241 यात्रियों और चालक दल सहित 265 लोगों की मौत हो गई। 241 मृतकों में 169 भारतीय, 52 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली नागरिक, एक कनाडाई और 12 चालक दल के सदस्य शामिल थे। दुर्घटना में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति ब्रिटिश नागरिक विश्वाशकुमार रमेश थे।

### डिप्टी रेंजर ने...

लेते हुए पकड़े गए थे। इसके बाद से तनाव में थे। अब घटना से हड़कंप मच गया है। डिप्टी रेंजर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नेपा थाने के एएसआई शहाबुद्दीन कुरैशी ने बताया कि डिप्टी रेंजर कृष्ण कुमार बर्मन ने खुद की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारी है। कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, डिप्टी रेंजर ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। उन्होंने कुछ लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साथ ही उनके नाम भी लिखे हैं। इनमें रेंजर शंकर सिंह चौहान, वनपाल नारायण, शिकायतकर्ता सदाशिव डावर, दिलीप बामन्या और नवल है। डिप्टी रेंजर ने आगे लिखा कि मुझे साजिश के तहत लोकायुक्त में फंसाया गया है, जिसकी वजह से मेरी छवि खराब हुई है। इसी वजह से यह कदम उठा रहा हूं।

### कलेक्टर स्कूटी...

साधनों जैसे साइकिल, सार्वजनिक परिवहन और पैदल चलने के लिए प्रेरित करना है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने नो कार डे पर स्कूटी चलाई और महापौर पुष्यमित्र भार्गव साइकिल से नगर निगम कार्यालय के लिए निकले। इस तरह लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वे भी कार की बजाए टू-व्हीलर या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

**शहर में हर रोज चार लाख से ज्यादा कारें चलती हैं:** स्थानीय प्रशासन ने दावा किया कि उसकी अपील पर लोगों ने शहर में आम दिनों के मुकाबले कारों का कम इस्तेमाल किया जिससे पेट्रोलियम ईंधनों की दैनिक खपत में करीब 80,000 लीटर की कटौती हुई और पर्यावरण को इसका फायदा मिला। अधिकारियों का अनुमान है कि शहर में हर रोज चार लाख से ज्यादा कारें चलती हैं जिनमें बाहर से आने-जाने वाली गाड़ियां भी शामिल हैं।

### शख्स और उसके साथियों...

और इनका उल्लंघन नहीं हुआ। इस मसले को संबंधित अधिकारियों को बता दिया गया है।

### भारत तो कई ...

करेगा। उन्होंने कहा कि परिवार अगली पीढ़ी की विचारधारा का मूल है... हम समाज में इस जागरूकता को आगे बढ़ाएंगे। भारत को आजादी कई साल पहले मिल गई थी, लेकिन इसे उपनिवेशवादी मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होना होगा। इसलिए, हम आत्मनिर्भरता फैलाने का प्रयास करेंगे और लोगों से नागरिक कर्तव्यों को लागू करने की अपील करेंगे... संघ भविष्य में इसी दिशा में काम करेगा।

देश का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट स्कैम

# रिटायर्ड बैंकर से 23 करोड़ की ठगी, कभी ईडी तो कभी सीबीआई अफसर बन धमकाया

## एक महीने तक उसके ही फ्लैट में बंधक बनाकर 'डिजिटल अरेस्ट' रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में एक हैरान कर देने वाला साइबर फ्रॉड सामने आया है। साउथ दिल्ली के गुलमोहर पार्क में रहने वाले 78 साल के रिटायर्ड बैंकर नरेश मल्होत्रा को ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' में फंसाकर करीब 23 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। अगस्त की शुरुआत में मल्होत्रा को एक फोन आया। कॉल करने वाली महिला ने खुद को टेलीकॉम कंपनी की सीनियर अफसर बताया और कहा कि उनका मोबाइल नंबर फ्रॉड और गैर-कानूनी कामों में इस्तेमाल हुआ है। इसके बाद उन्हें अलग-अलग नंबरों से कॉल आने लगे।

कोई खुद को मुंबई पुलिस बता रहा था, तो कोई ईडी और कोई सीबीआई का अफसर बनकर धमका रहा था। उन्हें कहा गया कि उनके अकाउंट्स में टेरर ग्रुप्स से लिंक मिले हैं और उन पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। ठगों ने मल्होत्रा को कहा कि अब वे डिजिटल अरेस्ट में हैं। साथ ही उनसे कहा गया कि वे हर दो घंटे में वीडियो कॉल पर हाज़िरी दें। ठगों ने एक फर्जी बेल ऑर्डर भी भेजा और कहा कि इससे उनकी गिरफ्तारी टल जाएगी। मल्होत्रा से ये सब सीक्रेट रखने का हलफनामा भी साइन कराया गया। पासपोर्ट ज़ब्त होने और देश से बाहर न जा पाने की धमकी दी गई। परिवार को नुकसान पहुंचाने की भी धमकी दी। 4 अगस्त से 4 सितंबर के बीच, करीब 20 ट्रांज़ैक्शन के ज़रिए उनके तीन बैंक खातों से लगभग 23 करोड़ रुपए ठगों ने निकाल लिए।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

धोखेबाज़ों ने उनसे बैंक डिटेल्स और निवेश की जानकारी भी हासिल की। पीड़ित ने आखिरकार पुलिस को शिकायत दी। दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट ने 19 सितंबर को एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने अभी तक करीब 2.3 करोड़ रुपए फ्रीज़ किए हैं। जॉइंट सीपी आईएफएसओ राजनीश गुप्ता ने बताया कि मामला जांच में है और आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### अगले महीने से देश भर में एक साथ शुरू होगा एसआईआर

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 30 सितंबर तक विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए पूरी तैयारी कर लें। अक्टूबर से ही देशव्यापी अभियान शुरू किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि वे पुनरीक्षण कार्य को समय पर शुरू करें और इसे 10-15 दिनों के भीतर पूरा करने की रूपरेखा तय करें ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सके।


**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
26- ARERA HILLS, JAIL ROAD, BHOPAL
Board/Nirman/P.Cell./Assaying/25-26/1744 Bhopal, Dated : 22.09.2025

**CORRIGENDUM – 01 (EXTENSION OF DATES)**

With reference to the notice **Board/Nirman/P.Cell./Assaying/25-26/1651 Date: 01.09.2025 regarding Notice Inviting Request for Qualification (RFQ) for Empanelment of Manufactures for Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Operation, Repair And Maintenance of Two-Directional Automatic Food Grain Analyzer For Quality Assaying Of Food Grains in Various APMCs of Madhya Pradesh (Tender Number : 2025_MPSAM_448339)**, published on the Madhya Pradesh e-tender portal, the following corrigendum is hereby issued :

| S.No. | Key Date | Original Date | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 01 | Bid Submission Closing Date | 24.09.2025, 17:00 | 08.10.2025, 17:00 |
| 02 | Bid Opening Date | 26.09.2025, 11:00 | 10.10.2025, 11:00 |

All other terms and conditions of the RFQ shall remain unchanged.
**Note:-** The corrigendum is available on the **https:/mptenders.gov.in** and **https://mpmandiboard.in/**. Any other corrigendum in this RFQ, if required, shall be displayed only on above portals regarding any matter included in this RFQ or otherwise.
M.P. Madhyam/122210/2025 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त-04 बावड़िया कलां तहसील-कोलार जिला-भोपाल. म.प्र.**
क्र.0/रा.नि./2025 भोपाल, दिनांक 19.9.25
ग्राम नाम कालापानी
// सूचना-पत्र (सीमांकन एवं बटांकन) //
प्रति, 1. रेहाना बी पत्नी सलीम खाँ, 2. मुमताज बी पत्नी रफीक खाँ, जुबेर आरिफ, रानी शमशाद बेबी उर्फ शबनम गुलक शा पुत्र रफीक खाँ, मुन्नी पत्नी कामरान खाँ, साहिल आशिफ, गुलिस्ता फरमान, फरियाद, आशिफ पुत्र कामरान 3. लईक खाँ, नईम खाँ पिता सलीम खाँ 4. नसीम बी पुत्री सलीम खाँ 5. मुजीब खाँ पुत्र सलीम खाँ 6. नफीज खाँ शकीला बी माईन शाहबाज, अमिर, फरीदा आयशा निशा पुत्री शकीला बी 7. शराफत खाँ पुत्र सलीम खाँ 8. रेहाना बी पति अतीक खाँ, आदीम सादिक, अनस, तस्कीन, अस्मा, फरहा पुत्र/पुत्री अतीक खाँ 9. रेहाना बी पुत्री सलीम खाँ 10. जुबेदा बी, रजिया बी पुत्री सलीम खाँ 11. सन्नो बी पत्नी सिद्दीक शहाना सजीदा शीबा पिता सिद्दीक शहाना संजीदा शीबा पि. सिद्दीक 12. अचल शर्मा पिता डी.आर. शर्मा एवं आशीष अरोरा पि. अमरनाथ नि. भोपाल,
विषय:- बटान किये जाने हेतू बाबत् सूचना - पत्र,
आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0348/अ-12/2025-26, 0138/अ-3/25-26 में आवेदक श्री रेहाना बी पुत्री सलीम खाँ एवं लुईक खाँ पि. सलीम खाँ निवासी कालापानी द्वारा ग्राम कालापानी, प.ह.नं.-18, रा.नि.मं. कालापानी, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 278 279, 280, 281/1 रकबा 1.360, 1.130, 0.730, 0.870, कुल रकबा ......... हेक्टेयर का राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज करने की कार्यवाही का स्थल का सीमांकन कर नक्शा बटांन, पंचनामा, सूचना-पत्र के साथ जांच प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 25/9/25 को आवेदित स्थल पर समय 12.00 बजे की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया। पडोसी का पता स्पष्ट न होने पर आवेदक स्वंय पर उक्त दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन करा सकता है।
**राजस्व निरीक्षक, तहसील कोलार जिला भोपाल**



**म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
(म.प्र. शासन का उपक्रम)
कार्यालय उप महाप्रबंधक (एस.टी.सी./एस.टी.एम.) संभाग, रायसेन
पाटनदेव सागर रोड, रायसेन (म.प्र.)-464551, ई-मेल : raisenstc@gmail.com
क्र./उ.म.प्र./एस.टी.सी./सं./2025-26/1036 रायसेन, दिनांक : 22.09.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered under relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work :-

| NIT No. & Date | Particulars | Approx. Value (In. Lakh) | Tender Doc. Fees (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1034/01 Dated 22.09.2025 | Bifurcaton of 11 KV Line 6.5 Km. From S/s Sanchet to Gamiri and S/s to Gayarsabad under Raisen (R) D/c of (O&M) Division Raisen. | 8.91 | 1180/- |
| 1034/02 Dated 22.09.2025 | Bifurcaton of 11 KV Line 9.5 Km. From S/s Pratapgarh to Semrakha under Silwani D/c of (O&M) Division Raisen | 17.81 | 2360/- |

**Date of Sale of Bid Documents : 22.09.2025, 18.00 Hrs. Up to 29.09.2025, 12.30 Hrs.**
**Bid Submission Last Date : 29.09.2025 Up to 12.30 Hrs.**
**Bid Opening Date : 30.09.2025 at 13.00 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122208/2025 **DGM (STC-STM)**



हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 03/08/25 to 13/08/25

**नाम परिवर्तन**
मैं मोहम्मद उसमान अली (MUHAMMAD USMAAN ALI) पुत्र मोहम्मद निसार, वर्तमान निवासी म.नं. 12, अनवर विला, बारा महल, शाहजहांनाबाद, भोपाल म.प्र. (आधार नं. 650564963395) यह कि पूर्व में मेरे नाम की स्पेलिंग मोहम्मद अली (MOHAMMED ALI) थी जोकि गलत है। मेरा सही एंव पूरा नाम मोहम्मद उसमान अली (MUHAMMAD USMAAN ALI) है एवं उपरोक्त पाते पर निवासरत हूँ। जोकि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड में दर्ज है, भविष्य मे मुझे इसी सही नाम से जाना पहचाना जाये।

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5997



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 5996 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## सूडोकु नवताल - 6007

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

अब साढ़े 3 लाख रुपए में घर ले जाएं मारुति की एस-प्रेसो कार

# 80 हजार से 5 लाख रुपए तक सस्ती हुई कारें, 10 फीसदी कम हुए दुपहिया के दाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी 2.0 लागू हो गया है, जिसका सबसे अधिक असर ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म के तहत एंट्री लेवल कारों से लेकर प्रीमियम कारों तक की कीमतों में लाखों रुपए तक की कटौती हुई है। मध्य प्रदेश में कारों में कीमतें 80 हजार रुपए से लेकर 15 लाख रुपए तक कम हुई हैं। छोटी कारों पर टैक्स घटाकर 28 फीसदी से 18 फीसदी जबकि बड़ी प्रीमियम कारों पर टैक्स बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया गया है। शारदीय नवरात्र के साथ ही लागू जीएसटी 2.0 का बड़ा असर आटोमोबाइल सेगमेंट में दिखा। जीएसटी में नए बदलाव के साथ ही सभी कारें 80 हजार से 5 लाख रुपए सस्ती हो गई। तो दुपहिया वाहनों की दाम में 10 फीसदी की कटौती हुई है। जिससे आम आदमी और मध्यम वर्ग के लिए कार, टीवी, बाइक और अन्य घरेलू सामान सस्ते हो गए हैं।

आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन 501 ने बताया कि मारूति कंपनी 1 हजार सीसी की कारों में 80 हजार से 1 लाख रुपए तक दाम कम हुए हैं। इतना ही कंपनी मारूति एस-प्रेसो मॉडल की कार साढ़े 3 लाख रुपए में उपलब्ध करा रही है। उन्होंनें बताया कि पेट्रोल, एलपीजी या सीएनजी वाली छोटी कारों (इंजन 1200 सीसी) पर अब 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। डीजल कारों के लिए इंजन 1500 सीसी पर 18 फीसदी जीएसटी लागू होगा। लग्जरी और बड़ी गाड़ियों पर 40 फीसदी जीएसटी लगेगा, लेकिन कोई सेस नहीं। पहले इन गाड़ियों पर 28 फीसदी का जीएसटी और कंपनशेसन सेस लगता था। नई नीति के बाद टाटा, हुंडई, होंडा, स्कोडा, महिंद्रा और टोयोटा जैसी बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपनी गाड़ियों की कीमतें कम करने का ऐलान किया है।



## मारुति सुजुकी में कटौती

- ▶▶ एस-प्रेसो: पहले 4,26,500 रु, अब 3,49,900 रु – कट ऑफ 76,600 रु
- ▶▶ स्विफ्ट: पहले 6,49,000 रु, अब 5,78,900 रु - कट ऑफ 70,100 रु
- ▶▶ बलेनो: पहले 6,74,000 रु., अब 5,98,900 रु. - कट ऑफ 75,100 रु.
- ▶▶ ग्रैंड विटारा: पहले 11,42,000 रु, अब 10,76,500 रु - कट ऑफ 66,500 रु

**टाटा में कटौती**

- ▶▶ नेक्सन: पहले 8,89,990 रु., अब 8,14,190 रु. - कट ऑफ 75,800 रु.
- ▶▶ सफारी: पहले 27,34,000 रु., अब 25,86,290 रु. - कट ऑफ 1,47,710 रु.
- ▶▶ हैरियर: पहले 26,69,000 रु., अब 25,84,890 रु. - कट

**टोयोटा में कटौती**

- ▶▶ फॉर्च्यूनर: पहले 50,09,000 रु, अब 46,75,000 रु – कट ऑफ 3,34,000 रु
- ▶▶ इनोवा: पहले 27,08,000 रु., अब 25,70,400 रु. - कट ऑफ 1,37,600 रु.
- ▶▶ लैंड क्रूजर: पहले 2,31,00,000 रु, अब 2,15,60,000 रु - कट ऑफ 15,40,000 रु

**टाटा मोटर्स**

- ▶▶ नेक्सॉन: 1.55 लाख रुपए तक कम
- ▶▶ सफारी: 1.45 लाख रुपए कम
- ▶▶ हैरियर: 1.40 लाख रुपए कम
- ▶▶ पंच: 85,000 रुपए कम
- ▶▶ टियागो: 75,000 रुपए कम
- ▶▶ अल्ट्रोज: 1.10 लाख रुपए कम

**महिंद्रा एंड महिंद्रा**

- ▶▶ बोलेरो/नियो: 1.27 लाख रुपए कम
- ▶▶ एसयूवी3एक्स ओ पेट्रोल: 1.40 लाख रुपए, डीजल: 1.56 लाख रुपए कम
- ▶▶ थार 2डब्ल्यूडी: 1.35 लाख रुपए, थार 4डब्ल्यूडी: 1.01 लाख रुपए
- ▶▶ वृश्चिक-एन: 1.45 लाख रुपए, एक्सयूवी 700: 1.43 लाख रुपए

### जीएसटी कटौती के बाद शोरूम्स खचाखच भरे कारों की बंपर बुकिंग

*वरेण्यम मोटर्स के विशाल जौहरी ने बताया कि नवरात्रि की शुरूआत के साथ जीएसटी कटौती के बाद आटोमोबाइल सेगमेंट में फोर व्हीलर्स और टू व्हीलर्स खरीदारों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि वरेण्यम मोटर्स के सभी शोरूम्स में आज नवरात्रि के पहले दिन टाटा मोटर्स की 125 कारों की बुकिंग हुई तो, 100 से अधिक हीरो मोटरसाइल की बुकिंग और सेल हुई। जबकि आरएमजे मोटर्स के सुनील जैन 501 ने बताया कि शोरूम्स में पिछले तीन-चार दिनों से चहल पहल बढ़ी और अभी तक 500 गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है।*

### नवरात्रि की रौनक बढ़ी बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी

*नवरात्रि शुरू होने के साथ ही राजधानी भोपाल के छोटे-बड़े बाजारों में रौनक लौट आई है और लोग उत्साह के साथ खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार इस बार नवरात्रि पर बाजारों में अच्छी चहल-पहल है। कारोबारियों ने दुकानों में नवरात्र के लिए बाजार में कपड़ा, आभूषण, बर्तन, मोटर-कार, इलेक्ट्रिक, साज-सज्जा और पूजा सामग्री का सामान भंडारण कर रखा है।*

मप्र और देश के रीढ़ कही जाने वाली छोटी-मझोली दवा निर्माता इकाइयों पर संकट

# कठोर नीतियों और सीडीएससीओ की सख्त कार्रवाई से पांच हजार इकाइयां बंद होने की कगार पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश और देश की दवा निर्माण व्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली छोटी और मझोली दवा निर्माता इकाइयां (फार्मा एमएसएमई) आज अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही हैं। केंद्र सरकार की कठोर नीतियों और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की हालिया सख्त कार्रवाइयों ने इन इकाइयों को बंदी की स्थिति तक पहुंचा दिया है। इसी को लेकर ज्वॉइंट फोरम ऑफ फार्मास्यूटिकल एमएसएमई ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन-उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा को विस्तृत ज्ञापन भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग




की है। उक्त जानकारी फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यालय में हुई फार्मास्यूटिकल कंपनियों की समस्याओं एवं चुनौती मुद्दें की बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने की। इस बैठक में हिन्द फार्मा से डॉ. आरएस गोस्वामी, इंदौर से फेडरेशन ऑफ फार्मा इंटरप्रेन्योर्स से अमित चावला, एमएल जैन, प्रशांत सिंह एवं अभिजीत मोतीवाला के अलावा हिमांशु शाह चेयरमैन फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स मध्यप्रदेश चैप्टर, एमएल जैन वाईस चेयरमैन फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स मध्यप्रदेश, सुधीर वोरा, डॉ सुभाष रिजवानी सचिव फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स मौजूद रहे हैं। फोरम ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने राहत नहीं दी तो आने वाले महीनों में लगभग चार से पांच हजार इकाइयां बंद होने की नौबत में पहुंच जाएंगी, जिससे न केवल किफ़ायती दवाओं का उत्पादन ठप होगा बल्कि भारत का दुनिया की फार्मेसी के रूप में मिला गौरव भी संकट में पड़ सकता है।

### नीतियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़े उद्योगों के हित में और छोटे निर्माताओं के खिलाफ में

प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने बीते वर्षों में जीएसटी सुधार और अन्य योजनाओं से उद्योग को आत्मविश्वास दिया और छोटे निर्माताओं ने गुणवत्ता सुधार में निवेश भी किया, लेकिन अब सीडीएससीओ की नीतियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़े उद्योगों के हित में और छोटे निर्माताओं के खिलाफ काम कर रही हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि रोजाना जारी हो रहे नए सर्कुलरों ने व्यापार सुगमता की अवधारणा को ध्वस्त कर दिया है और उद्योग का भविष्य अधर में लटका दिया है।

### छोटे उद्योगों के लिए मौत का फरमान

एक और बड़ा संकट बायो-इक्विवेलेंस अध्ययन को लेकर है, जिसे दशकों से प्रमाणित दवाओं पर भी अनिवार्य कर दिया गया है और जिसकी लागत प्रति दवा 25 से 50 लाख रुपए है, जो छोटे उद्योगों के लिए मौत का फरमान है। इससे जन औषधि केंद्रों और सरकारी आपूर्ति व्यवस्थाओं में दवा संकट खड़ा हो जाएगा। इसी तरह एनडीसीटी नियम 2019 के अंतर्गत पहले से स्वीकृत दवाओं को न्यू ड्रग मानकर लाइसेंस वापस लेने की प्रक्रिया भी उद्योग के लिए घातक है।अमित चावला ने बताया कि ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि निर्यात एनओसी को केवल नशीली और लत पैदा करने वाली दवाओं तक सीमित किया जाए।

### 50 करोड़ से कम टर्नओवर वाली इकाइयों को 1 अप्रैल 2027 तक मोहलत दी जाए

डॉ.गोस्वामी ने बताया कि सबसे गंभीर समस्या 1 जनवरी 2026 से लागू होने वाले रीवाइज्ड शेड्यूल-एम मानकों को लेकर है, जिनका पालन भारी निवेश किए बिना संभव नहीं है और मौजूदा कर्ज बोझ में डूबी इकाइयां इसे वहन नहीं कर सकतीं, इसलिए मांग की गई है कि 50 करोड़ रुपए से कम वार्षिक टर्नओवर वाली इकाइयों को कम से कम 1 अप्रैल 2027 तक मोहलत दी जाए। फोरम ने यह भी आरोप लगाया है कि रिस्क बेस्ड इंस्पेक्शन में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जहां छोटे उद्योगों को सिलेक्टिव तरीके से निशाना बनाया जाता है जबकि बड़ी कंपनियों की ओर से अमेरिका और अन्य देशों में हर महीने दवाओं की रिकॉल रिपोर्ट आने के बावजूद उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती।

अपील स्वदेशी अपनाओ भारत बनाओ

# स्वदेशी खरीदेंगे और स्वदेशी बेचेंगे, तो ही भारत आत्मनिर्भर और मजबूत बनेगा : कैट

व्यापार प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपील की है कि स्वदेशी अपनाओ ,भारत बनाओ। इसके लिए संगठन द्वारा राजधानी भोपाल सहित देशभर में कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व प्रदेश महामंत्री रमाकांत तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद आलोक शर्मा के इस अपील को मूर्तरूप देने में जुटे कैट के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की अपील का असर बाजार में दिखने लगाया है। लोगों में स्वदेशी अपनाओं अभियान के प्रति जबरदस्त उत्साह और सहभागिता देखने को मिल रही। जो हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि समाज स्वदेशी की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य अपना देश, अपना सामान ,यही है सबसे बड़ा सम्मान के अलावा स्वदेशी अपनाओ, किसान का जीवन सजाओ है। संगठन सभी जनमानस से अनुरोध कर रहा है कि अधिक - अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें और विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें। क्योंकि जब हम स्वदेशी खरीदेंगे और स्वदेशी बेचेंगे, तभी हमारा भारत आत्मनिर्भर और



मजबूत बनेगा। स्वदेशी अपनाओ- भारत बनाओ, विश्व में अपने तिरंगे का मान बढ़ाओ के इस अभियान में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, श्रमश्री अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष तेजपाल सिंह पाली, राजेश भूरानी,दीपक वाधवानी ,अपूर्व पवैया, अनिल राजदेव , विवेक साहू ,अभिषेक साहू, अशोक जैन रवि तलरेजा, प्रेम नारायण यादव सहित समस्त कैट परिवार ने संगठन के इस अभियान का पुरजोर समर्थन करते हुए मूर्तरूप में देने में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने में जुटे हुए हैं।

मप्र देश का पहला राज्य जहां स्वदेशी को सर्वाधिक मिल रहा बढ़ावा

# व्यापारी बोले, मुख्यमंत्री की स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने पहल सराहनीय

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां स्वदेशी सामान को सर्वाधिक बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने की जो महत्वपूर्ण पहल शुरू की है वह सराहनीय है। यह बात राजधानी के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कही।

सोमवार को पुराने शहर के व्यापारियों की बीच जीएसटी बचत उत्सव एवं स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की व्यापारियों में खूब आवभगत की। इस दरमियान मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के चक्कर में न पड़कर ऑफलाइन सामान खरीदे। जिससे हमारा पैसा देश में ही रहे। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री के इस पहल की सराहना करते हुए को मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता जताई।

### मुख्यमंत्री की पहल का व्यापारियों ने किया स्वागत

*भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भोपाल किराना व्यापारी महासंघ सहित कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक सराहनीय कदम है और इससे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वदेशी सामान को प्रोत्साहित करने के लिए कम दरों पर लोन और स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जीएसटी को कम करने से लोगों में खरीदने की इच्छा शक्ति बढ़ेगी और स्वदेशी अभियान को चलाने में मदद मिलेगी। व्यापारियों ने कहाकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने की पहल एक सराहनीय कदम है।*

### ऑनलाइन के चक्कर में नहीं पड़े, सामान ऑफलाइन खरीदे: मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज- कल ऑनलाइन खरीदारी का सिस्टम चल रहा है। ऑनलाइन सामान खरीदते हैं तो पैसा विदेश में जाता है। अतः ऑनलाइन के चक्कर में नहीं पड़े, सामान ऑफलाइन खरीदे। इससे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा।*

**कार्यालयः सांईधाम कॉलोनी रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, नीलबड़, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक /डीआर/बीपीएल/109507, दिनांक 23.11.2021)

क्रमांक /2025/ क्यू–1
भोपाल, दिनांक 13.09.2025

**// वार्षिक साधारण सभा की सूचना //**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा रविवार, दिनांक 28.09.2025 को स्थान– मंदिर प्रांगण, सांईधाम कॉलोनी, नीलबड़, भोपाल पर दोपहर 12.00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें समस्त सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। वार्षिक साधारण सभा का एजेण्डा साधारण डाक से समस्त सदस्यों को प्रेषित किया जा चुका है, जिस सदस्य को सूचना प्राप्त ना हो, वह इसे ही सूचना मानकर उपस्थित हो सकते है।

–अध्यक्ष

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने सेंट्रल जेल का किया भ्रमण



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल के विद्यार्थियों ने सेंट्रल जेल, भोपाल का विजिट किया। इस विजिट का नेतृत्व प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज) ने किया। इस विजिट का उद्देश्य जेल से जुड़ी जानकारियों का विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस विजिट पर राकेश कुमार भांगरे(जेल अधीक्षक) को प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने जेल कैदियों के अधिकार के बारे में जाना तथा जेल की संरचना, बैरक, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। कैदियों के दैनिक जीवन, उनके काम और उनके अनुभवों के बारे में एवं जेल प्रशासन की भूमिका और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. योगिनी उपाध्याय,करन तिवारी,सौम्या दुबे एवं डॉ. देवेन्द्र मणि मिश्रा का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम की सफलता पर एल एन सी टी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ अनुपम चौकसे धर्मेन्द्र गुप्ता (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) एवं वी . सी. रजिस्ट्रार सहित सभी ने बधाईयां दी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा में मेगा संतृप्ति शिविर का सफल आयोजन



**भोपाल।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्तीय सेवाएं विभाग के दिशानिर्देशों के अंतर्गत विशेष मेगा संतृप्ति शिविर का आयोजन बिजलौन और सूखीसेवनिया में किया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली, बैंक प्रधान कार्यालय, वित्तीय समावेशन विभाग के महाप्रबंधक विमल कुमार नेगी, अंचल प्रमुख, भोपाल शैलेष कुमार पारख तथा क्षेत्रीय प्रमुख, भोपाल दीपेश कुमार उपस्थित रहे। क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल सुश्री रेखा चंदनावेली के द्वारा री-केवाईसी के महत्व की जानकारी दी गई और उन्होंने बताया कि री-केवाईसी नहीं होने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से मिलने वाले लाभों से वंचित हो सकते हैं। सभी ग्राम वासियों को री-केवाईसी की पूरी प्रक्रिया को करने के लिए कहा।

### एसबीआई में स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय भोपाल में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के अवसर पर सफाई मित्र स्वच्छता शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता गतिविधियाँ संपन्न हुईं। सफाई मित्र साथियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और उन्हें प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों के अमूल्य कार्यों को सराहा गया और उन्हें समाज के सच्चे "नायक" के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के उप-प्रबंध निदेशक एवं भोपाल सर्कल के मुखिया चन्द्रशेखर शर्मा ने सफाई मित्रों को स्वच्छता किट प्रदान करते हुए कहाकि हमें अपने गाँव, जिले, प्रदेश और देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। स्वच्छता केवल पखवाड़े का अभियान नहीं, बल्कि इसे हमें हर दिन की आदत बनाना होगा। इस आयोजन में महाप्रबंधक कुन्दन ज्योति, महाप्रबंधक ओमकार नाथ चौधरी, उपमहाप्रबंधक मनीष मठपाल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी तथा स्थानीय प्रधान कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दो साल में बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड की एयूएम 5,400 करोड़ रुपए के पार

**भोपाल ।** बजाज फिनसर्व एएमसी ने अपने प्रमुख इक्विटी फंड, बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड की दूसरी वर्षगांठ मनाई। इस फंड की निवेश रणनीति पर आधारित है। इस फंड ने केवल दो वर्षों में अपनी प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति को 5,410.04 करोड़ रुपए 31 अगस्त 2025 तक) तक पहुंचाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अपनी शुरुआत से ही फंड ने मजबूत प्रदर्शन दिखाया है, जिसमें रेगुलर प्लान के तहत 19.19 फीसदी और डायरेक्ट प्लान के तहत 20.91 फीसदी की सीएजीआर दर से वृद्धि हासिल की है । इस फंड ने एक खास तरह की निवेश रणनीति मेगाट्रेंड्स को अपनाया है। इस रणनीति का मकसद उन बड़े और लंबे समय तक चलने वाले बदलावों का फायदा उठाना है जो दुनिया में हो रहे हैं।

### फोनपे के इंडस एप स्टोर ने बनाई 10 करोड़ डिवाइस में अपनी जगह

**नई दिल्ली।** भारत के अपने एंड्रॉयड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने एक शानदार उपलब्धि की घोषणा की है। इसने 10 करोड़ से अधिक डिवाइस पर अपनी जगह बना ली है। इसकी सफलता का एक बड़ा कारण इसकी स्थानीय भाषा में होना है, जो यूजर्स को अंग्रेजी के साथ-साथ 12 भारतीय भाषाओं में भी ऐप्स खोजने की सुविधा देती है। इसकी सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके 40 फीसदी यूजर्स, ऐपस्टोर को किसी ना किसी क्षेत्रीय भाषा में उपयोग करते हैं, जिनमें हिंदी, मराठी, तमिल और गुजराती सबसे पॉपुलर हैं।

### आईएमसी करेगा एस्पायर प्रोग्राम के साथ स्टार्टअप सफलता की कहानियां साझा

**भोपाल।** स्टार्टअप इंडिया, दि फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स और अटल इन्नोवेशन मिशन जैसी अहम पहल के कारण भारत का स्टार्टअप पारितंत्र विश्व के सबसे गतिशील नवप्रवर्तन इंजनों में से एक बना हुआ है। देशभर में 1.57 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स और करीब 122 यूनिकॉर्न्स के साथ जिनका कुल मूल्य 363 अरब डॉलर से अधिक है, भारत एक वैश्विक नवप्रवर्तन महाशक्ति के रूप में उभरा है और अब यह विश्व में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन गया है। एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 अपने अग्रणी एस्पायर स्टार्टअप प्रोग्राम के जरिए इस गति को बढ़ाएगा। आईएमसी एस्पायर में 500 से अधिक स्टार्टअप्स और 300 से अधिक निवेशक, इनक्यूबेटर्स और एक्सिलेटर्स शामिल होंगे। यहां निवेशकों के साथ आमने सामने बैठकर 600 बैठकें होंगी, पिच सेशन और नेटवर्किंग का अवसर मिलेगा और उद्यमशीलता वृद्धि के लिए एक तल्लीनता भरा माहौल उपलब्ध होगा।

### एनटीपीसी ने की आईआरएफयू के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** विद्युत कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने भारत में रगबी को विकास को बढ़ावा देने के लिए इंडियन रगबी फुटबॉल युनियन (आईआरएफयू) के साथ साझेदारी की है। एनटीपीसी के चीफ जनरल मैनेजर वी. जयनारायणन और आईआरएफयू के मानद सचिव जेराल्ड प्रभु द्वारा एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर किए गए। प्रोग्राम का उद्देश्य भारतीय रगबी टीमों के प्रशिक्षण, विकास और क्षमता निर्माण को सशक्त बनाना तथा युवा एथलीट्स को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म्स पर अपनी प्रतिभा दर्शाने के अवसर प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से एनटीपीसी ने युवाओं को सशक्त बनाने एवं खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। आईआरएफयू के साथ साझेदारी एनटीपीसी के सहयोग से खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करेगा।

### क्रोमा ने आईफोन-17 के लिए विशेष ऑफर पेश किए

**मुंबई।** टाटा समूह की सदस्य, क्रोमा ने नई आईफोन 17 सीरीज पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की। देश भर में उपलब्ध, इन विशेष डील्स का लाभ क्रोमा स्टोर्स, ट्राइब बाय क्रोमा आउटलेट्स, क्रोमा.कॉम और टाटा ने एप पर उठाया जा सकता है। अस्वीकरण ,एक्सचेंज मूल्य की गणना चुनिंदा पुराने आईफोन (आईफोन 15, आईफोन 14 प्रो मैक्स, आईफोन 15 प्रो, आईफोन 15 प्रो मैक्स) पर लागू होती है। अंतिम एक्सचेंज मूल्य सटीक मॉडल और उसकी स्थिति पर निर्भर करेगा। ऑफर सीमित समय के लिए लागू होंगे और केवल पात्रता, उपलब्धता और ब्रांड दिशानिर्देशों के अधीन ही मान्य होंगे।

### फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने पेश किया 'सोने पे सुहागा' अभियान

**नई दिल्ली।** फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने त्योहारों पर अपना सोने पे सुहागा अभियान पेश किया है। इस ऑफर में ग्राहकों को अपने घर के लिए भरोसेमंद इनोवेशन खरीदने के साथ सोना जीतने का अवसर भी मिलेगा। यह अभियान फिलिप्स ने अपने इस विश्वास के साथ शुरू किया है कि त्योहारों का मौसम दैनिक जीवन को आसान बनाने के साथ स्थायी यादों को संजोने का समय भी होता है। ग्राहकों के जीवन में खुशी लाने के लिए फिलिप्स एयरफ्रायर, मिक्सर ग्राइंडर, कॉफी मशीन, गारमेंट स्टीमर, एयर प्योरिफायर्स आदि के अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ फिलिप्स हर घर में इनोवेशन, सुविधा और देखभाल पेश करता है। इसमें ग्राहकों को हर रोज, हर घंटे 9,999 रुपये मूल्य का सोना जीतने का मौका मिलेगा।

**ई–नीलामी सूचना**

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**Case No. RC 264/2018 / ओ.ए. नं. 175/2017**

**ई–नीलामी क्रमांक 240/2025**

**BANK OF INDIA वि. M/s EVERGREEN TRADERS एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 264/2018 / O.A. No. 175/2017** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs.39,61,252.00 (Rupees Thirty Nine Lakh Sixty One Thousand Two Hundred Fifty Two only)** तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **28-02-2017** से ब्याज एवं की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाईन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई–नीलामी की तिथि एवं समय : 29/10/2025 दोपहर 12.00 बजे से 1.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**Residential duplex house (unfinished) situated at Plot no. 72-A, Part of Survey No. 338/2, 338/ 1/1, DREAM CITY phase-II, Patwari Halka No.-37, Tehsil and District-Sehore (M.P.), admeasuring 800 sq.ft.; Balaji puram, village murli, Distt. Sehore** owned by Shri Parmajeet Singh Khanuja. (A/C M/S Evergreen Traders)

**प्रारक्षित मूल्य : रुपए 9,30,000.00 (Rupees Nine Lakh Thirty Thousand only)**

**विक्रय की शर्तें**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये । अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो **रुपए Rs. 93,000 (Rupees Ninety Three Thousand only)** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई–नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित Account No. 5692799461** in the name of **"Recovery Officer, E-Auction Account, DRT Jabalpur with Central Bank of India, Dhobighat Branch, Jabalpur (IFSC Code CBIN0281618)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **27-10-2025** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (**BSNL** बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए Rs.10,000/-**(Rs. Ten Thousand only), रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति ''जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **14-10-2025** को **प्रातः** 12 **बजे से** 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Krishna Swaroop Pareek, Chief Manager, Mob. No. 7405463875** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Krishna Swaroop Pareek, Chief Manager, Mob. No. 7405463875** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान : जबलपुर,**
**दिनांक 01.09.2025**

**(प्रीती देसाई)**
**वसूली अधिकारी**

## चिंतन

# हमें तुरंत देश की प्रतिभा को आकर्षित करना होगा

दुनिया की तस्वीर बहुत तेजी से बदल रही है। एक के बाद एक ऐसे फैसले आमने आ रहे हैं जो हैरान करने वाले हैं। सबसे ज्यादा तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चौंका रहे हैं। उन्होंने एकाएक एच-1बी वीजा के नियमों में संशोधन करके भारतीय पेशेवरों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। अब अगला फैसला चीन की तरफ से आया है। अपने विकास और अपनी तकनीक को हमेशा गोपनीय रखने वाले चीन ने दुनिया भर के टैलेंट को आकर्षित करने के लिए एक नई के वीजा कैटेगरी की शुरुआत करने का ऐलान किया है। वैसे तो चीन की नई वीजा कैटेगरी को लेकर फैसला अगस्त में ही कर लिया गया था। लेकिन अब एक अक्टूबर, 2025 से ये लागू हो जाएगी। अमेरिका साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स की फील्ड से जुड़े लोगों को एच-1बी वीजा के जरिए देश में लाता रहा है, लेकिन अब यही काम चीन करने वाला है। कई देशों में वर्किंग प्रोफेशनल्स की एंट्री कड़ी की जा रही है। ऐसे में चीन ने इसका फायदा उठाते हुए नए वीजा को लॉन्च किया है, ताकि वह उन्हें देश में लेकर आ सके। दरअसल, अमेरिका ने टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग सेक्टर में जिस तरह का दबदबा बनाया है, उसके पीछे एच-1बी वीजा का बड़ा हाथ रहा है। बिना एच-1बी वीजा वर्कर अमेरिका की टेक इंडस्ट्री प्रभावित हो सकती है। चीन को ये बात अच्छी तरह से मालूम है, तभी वह चाहता है कि जिन वर्किंग प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में दिक्कत हो रही है, वो सीधे चीन आ जाएं और उसने कई तरह की सुविधाएं देने का भी वादा किया है। ऐसे में जल्द ही सारे टैलेंटेड लोग चीन का रुख भी कर सकते हैं। आवेदकों को ये वीजा तभी मिलेगा, जब वे चीनी अधिकारियों द्वारा तय की गई क्वालिफिकेशन और शर्तों को पूरा करेंगे। उन्हें इस दौरान जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी दिखाने होंगे। हालांकि, अभी वीजा की शर्तों को जारी नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही चीनी दूतावासों और महावाणिज्य दूतावासों की तरफ से इसकी जानकारी पब्लिश की जाएगी। इस फैसले से तय है कि चीन दुनियाभर की प्रतिभा अपने देश में लाने की तैयारी में है। अमेरिका के ही सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच जारी किए गए सभी एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों को मिले हैं। ट्रंप सरकार स्वदेशियों को रोजगार के अवसर की आड़ लेकर अपने यहां स्किल्ड अप्रवासियों के रास्ते धीरे-धीरे बंद कर रही है। एक तथ्य यह भी है कि अमेरिका की कई नामी कंपनियां भारतीय पेशेवरों के भरोसे ही रहती आई हैं। अमेरिका में भारी वीजा फीस देनी पड़ी तो ये कंपनियां भी अपने कार्यालय भारत व दूसरे देश में खोलने का विकल्प रख सकती हैं। अब चीन चाहता है कि वे कंपनियां उनके देश में आ जाएं। हमें भी चीन की तरह तुरंत कदम की उठाने की जरूरत है ताकि हमारे युवा अपने ही देश में रहकर विकास को रफ्तार दें। इसके लिए अभी कई तरह के प्रयास करने होंगे। क्योंकि वेतन व जीवनशैली से जुड़ी सुविधाओं का इन प्रयासों में खासा योगदान रहने वाला है। अभी हमारे शहरों में ऐसे पेशेवरों के लिए बुनियादी सुविधाओं की दिशा में काफी कुछ करना बाकी है। लेकिन इतना तय है कि बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे आइटी शहरों में पेशेवरों और स्टार्टअप्स को आकर्षित करने का यह बेहतर मौका है। समुचित सुविधाएं देने के साथ अपने ही देश में पेशेवरों को रोक कर 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में कदम तेज किए जा सकते हैं। बस जरूरत है कि कदम आगे बढ़ाने की।



पहल
अवधेश कुमार

> प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उनकी पार्टी के शीर्ष लोग भी बोलते हैं की उनका पूर्व अनुमान लगाना लगभग असंभव होता है। इस कारण शायद देश के बड़े समूह की उम्मीदें ज्यादा रही होंगी। इस समय जिस तरह की चुनौतियां भारत के सामने उत्पन्न हुईं हैं, सोशल मीडिया में इतनी बातें आती है कि लोग सभी में शीर्ष नेतृत्व से प्रतिक्रिया की मांग करने लगते हैं। उसमें यदि कुछ लोगों को लगता है कि इतने के लिए संबोधन की आवश्यकता नहीं थी तो यह उनकी सोच हो सकती है। सच कहा जाए तो किसी संबोधन का छोटा होना उसके आवश्यक, प्रासंगिक और महत्वपूर्ण न होने का पर्याय नहीं हो सकता।

# संबोधन का दूरगामी महत्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन लगभग 19 मिनट का था। विरोधियों की आम प्रतिक्रिया यही है कि केवल जीएसटी या वस्तु और सेवा कर सुधार की ही बात रखनी थी तो उसके लिए राष्ट्र के नाम संबोधन की कोई आवश्यकता नहीं थी। कई विश्लेषकों और पत्रकारों ने भी अपने सोशल मीडिया पर इसी तरह का पोस्ट लिखा है। मोदी की छवि अच्छे प्रभावी होने के साथ लोगों की समझ में आ जाए इस तरह से बात रखने वाले वक्ता की है। जैसे ही यह सूचना आई कि प्रधानमंत्री शाम 5 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे अनेक तरह की अटकलें लगाई जाने लगी। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उनकी पार्टी के शीर्ष लोग भी बोलते हैं की उनका पूर्व अनुमान लगाना लगभग असंभव होता है। इस कारण शायद देश के बड़े समूह की उम्मीदें ज्यादा रही होंगी। इस समय जिस तरह की चुनौतियां भारत के सामने उत्पन्न हुईं हैं, सोशल मीडिया में इतनी बातें आती है कि लोग सभी में शीर्ष नेतृत्व से प्रतिक्रिया की मांग करने लगते हैं। उसमें यदि कुछ लोगों को लगता है कि इतने के लिए संबोधन की आवश्यकता नहीं थी तो यह उनकी सोच हो सकती है। सच कहा जाए तो किसी संबोधन का छोटा होना उसके आवश्यक, प्रासंगिक और महत्वपूर्ण न होने का पर्याय नहीं हो सकता।

2017 में जीएसटी की शुरुआत के समय भी प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन किया था और उसे आर्थिक आजादी की शुरुआत बताया था। अप्रत्यक्ष करों में इतनी बड़ी कटौती केवल दो दरों 5 प्रतिशत और 18% तक सीमित कर देने जैसे ऐतिहासिक कदम पर वे देश को संबोधित नहीं करें ऐसा संभव नहीं था। उसमें भी इस वर्ष के बजट में 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया। ध्यान रखिए, 15 अगस्त को लाल किले के संबोधन से ही उन्होंने सेकंड जेनरेशन रिफॉर्म यानी दूसरी पीढ़ी के सुधारों की बात की थी और इसे सतत प्रक्रिया बताया था। इस नाते जीएसटी दरों में परिवर्तन का क्रांतिकारी महत्व है। शारदीय नवरात्र और ग्रेगोरियन कैलेंडर से 22 सितंबर से इसकी शुरुआत करने का महत्व भी समझ जाना चाहिए। आखिर नौ दिनों का यह त्योहार शरीर और चित्त की शुद्धि ही नहीं अपनी साधना से बहु स्वरूपा मां दुर्गा को प्रसन्न कर सिद्धि प्राप्त करने की भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं दासत्वकाल के अवशेषों और मानसिकता से मुक्ति का बार-बार आह्वान किया है। शुभ मुहूर्त में देवी देवताओं की आराधना के साथ कार्य शुरू करने की हमारी परंपरा है। नवरात्र के आरंभ जैसी अवसरों से अपने व्यापक आर्थिक सुधार के इतने महत्वपूर्ण कदम की शुरुआत करते हैं तो राष्ट्र के नाम संबोधन से इसका महत्व स्पष्ट होता है। प्रधानमंत्री ने नागरिक देवो भव, बचत उत्सव से लेकर स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की बातचीत की। वर्तमान विश्व परिदृश्य अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। ऐसा लगता है जैसे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के संचालन के लिए कोई नियम या तंत्र नहीं है। सभी देशों को अपनी आंतरिक व बाह्य शक्ति के आधार पर ही अस्तित्व बनाए रखने और कार्य करने का यथार्थ सामने है। भारत के सामने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले 25% सीमा शुल्क फिर रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25% शुल्क लागू कर दिया। अमेरिका विपक्षीय व्यापार में हमारा सबसे ज्यादा




42 से 43 अरब डॉलर का लाभ देने वाला देश है। यहां हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात प्रभावित हुए तो इसका असर संपूर्ण अर्थव्यवस्था पर पड़ना है। आप इसका आकलन अपने अनुसार कर सकते हैं। शायद सामान्य समय में भारत रूस से तेल आयात में थोड़ी बहुत कमी कर सऊदी और अन्य जगहों से बढ़ा सकता था। किंतु अभी ऐसा करने का अर्थ देश का दबाव में झुक जाना होगा और इसका आर्थिक प्रभाव भी होगा। विश्व को दिशा देने का लक्ष्य रखने वाला देश कदापि ऐसा नहीं कर सकता। तो यह एक अवसर है हमें भविष्य की दृष्टि से सचेत होकर कदम उठाने का ताकि आने वाले समय में इससे बड़े आघात भी राष्ट्र के रूप में भारत को प्रभावित नहीं कर सकें।

रक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समीकरणों की दृष्टि से भी संपूर्ण विश्व उथल-पुथल के दौर में है। थोड़ी गहराई से देखे तो यह विचारधाराविहीनता का भी युग है जहां संपन्न व प्रभावी व्यक्तित्व, संस्थाएं, संगठन, समूह, समुदाय किसी देश में उथल-पुथल का खतरा पैदा कर सकते हैं। इन सबसे निपटने का कोई एक रास्ता हो सकता है तो यही कि भारत हर दृष्टि से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाएं और आत्मनिर्भरता का रास्ता राष्ट्र के प्रति स्वभाव के अभियान और स्वदेशी से जाता है। प्रधानमंत्री स्वयं लंबे समय से लोकल फौल वोकल की बात तो करते ही रहे हैं।

इन सारे परिप्रेक्ष्यों को आधार बनाएं तो निष्कर्ष आएगा कि प्रधानमंत्री ने छोटे संबोधन में ही राष्ट्र के लिए एक क्रांति का आह्वान किया है। उन्होंने उद्यमियों, एक-एक व्यक्ति, सभी राज्यों से अपील की है कि मिलजुल कर इस तरह से कम करें, ऐसे नियम बनाएं ताकि स्वदेशी सोच व संसाधनों की बदौलत आत्मनिर्भर बन सकें। यही एकमात्र रास्ता है जिसके बाद कोई देश हमको आर्थिक, सैन्य, तकनीक, वैज्ञानिक किसी दृष्टि से दबावों में लाने का दुस्साहस नहीं करेगा। राष्ट्र के नाम संबोधन में सामान्य विदेश नीति, कूटनीति ही नहीं विपक्ष के आरोपों का उत्तर या विपक्ष पर राजनीतिक हमले नहीं किए जाते। कांग्रेस के जयराम रमेश या अन्य नेताओं के पूर्व कटाक्षों से आप प्रभावित केवल भारत के भविष्य का विचार करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के नेता के रूप में सभी से इन परिस्थितियों में भारत राष्ट्र के नाते सोचने और उस दृष्टि से संगठित होकर काम करने का आह्वान किया है।

25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया जो नवमध्यम वर्ग है। इसकी अभिक्षाएं हैं जो बहुत कुछ करने और पाने को तत्पर है। दूसरे, भारत में सुधारों के कारण नियम-कानूनों को इतना आसान कर दिया गया है कि एक शहर से दूसरे शहर, एक राज्य से दूसरे राज्य और अनेक मायनों में देशव्यापी उद्यम, कारोबार और आवागमन सहित आपूर्ति श्रृंखला में पहले की तरह समस्या नहीं है। प्रधानमंत्री ने उदाहरण भी दिया कि बेंगलुरु से हैदराबाद सामान पहुंचाने में इतने कर देने पड़ते थे कि उत्पादक पहले उसे यूरोप भेज कर वहां से हैदराबाद मांगना आसान समझते थे। यह उदाहरण देश और विदेश के पूंजी निवेशकों के लिए भी था कि भारत बदल चुका है। पहले बड़े आय को कर मुक्त करने अप्रत्यक्ष कर भी केवल पांच प्रतिशत और 18% तक सीमित करने का अर्थ घरों में बचत होगा और भारत जैसे व्यापक मध्यवर्ग परिवार के लोग अतिरिक्त पैसों से खरीदारी करेंगे। भारत की दृष्टि से देखें तो नवरात्र के समय से त्योहार का दौर शुरू होता है जिसमें आम परिवार खरीदारी करते हैं। जीएसटी के बदलाव का समय ऐसा चुना गया है कि बाजारों में बिक्री बढ़नी ही है। वैश्विक परिस्थितियों के और बिगड़ने के बावजूद इसका नकारात्मक असर नहीं हो सकता है। इन दृष्टियों से प्रधानमंत्री के संबोधन के तात्कालिक एवं दूरगामी महत्व को समझा जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मौसम
पंकज चतुर्वेदी



# मानसून को जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में समझना होगा


इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है। बांध लबालब हैं, नदियों का पानी खेतों में प्रवेश कर गया है। भारत के मौसम विभाग के 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ये प्रकृति की नियति है लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है। हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आईओडी कहते हैं। आईओडी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आईओडी अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आईओडी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आईओडी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर हिंद महासागर बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारणए अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। आइआइटीएम पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रॉपिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है। जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है।

बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवतः पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। भारत के लोक जीवन अर्थ व्यवस्थाए पर्व त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात मौसम विज्ञान नहीं हैं इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज एसेनिटेशन, कृषि सहित बहुत कुछ जुड़ा है। मानसून प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से लेकर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में हो वहीं जफसलों, सड़कों व शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों। खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर भी हमे नइ सिरे से रणनीति बनानी होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## सटाका




## आज की पाती

### कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं। सरकारी के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्रों में भी कंप्यूटर महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में कंप्यूटर की शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।

*-रवि चतुर्वेदी, पलारी*

## ट्रेंड

### असाधारण स्नेह



आज सुबह ईटानगर में मेरा स्वागत सचमुच यादगार रहा। वंदे मातरम के नारों और नारी शक्ति व युवा शक्ति की जीवंत उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण था। अरुणाचल प्रदेश के लोगों का उत्साह और स्नेह असाधारण था।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### बचत उत्सव



नवरात्र में जीएसटी बचत उत्सव के तहत नई दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक स्टेशनरी दुकानदार से बातचीत की। दुकानदार ने बताया कि कई स्टेशनरी वस्तुओं पर नेक्स्ट-जेन जीएसटी दरों में कटौती से कीमतें कम हुई हैं, जिससे छात्रों और अभिभावकों को लाभ हुआ है।

**- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री**

### ऐसा प्रेम नहीं देखा



मैंने अपने जीवन में किसी कलाकार के लिए यह प्रेम नहीं देखा जैसा ज़ुबीन को लेकर आसाम और पूर्वोत्तर में है। दो दिन से प्रदेश ग़म में है। मुख्यमंत्री से लेकर गोद में शिशु लेकर रास्तों पर खड़ी माँएँ उसके गाने गा-गाकर रो रहीं हैं।

**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**

### जीएसटी में सुधार



प्रधानमंत्री ने जीएसटी काउंसिल जो एक संवैधानिक निकाय है, द्वारा किए गए संशोधनों का श्रेय खुद को देने की कोशिश की। कांग्रेस लंबे समय से यह तर्क देती आई है कि जीएसटी में सुधार जरूरी हैं।

**- जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

## करंट अफेयर

# परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग छोड़े अमेरिका : किम


उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि उनके जेहन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूर्व में की गई मुलाकातों की अच्छी यादें अब भी ताजा हैं। किम ने साथ ही, लंबे समय से रुकी हुई राजनयिक स्तर की वार्ता बहाल करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया से परमाणु हथियार बनाना बंद करने संबंधी मांग छोड़ने की अपील की। रविवार को उत्तर कोरिया की संसद को संबोधित करते हुए किम ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिद्वंद्वी देश दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत शुरू करने का उनका कोई इरादा नहीं है। दक्षिण कोरिया अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप के साथ किम की शिखर बैठकों में मध्यस्थता करने में मदद की थी। किम की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क रवाना होने वाले हैं। उम्मीद है कि वह कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु तनाव पर और वार्ता की मेज पर उत्तर कोरिया के लौटने के संबंध में बात कर सकते हैं। ट्रंप के अगले महीने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया जाने की भी उम्मीद है।



## ऑफ बीट

# रोज सनस्क्रीन लगाने से विटामिन डी की कमी

हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन का उपयोग करता है, विशेष रूप से उन दिनों जब अल्ट्रावायलेट (यूवी) इंडेक्स तीन या उससे अधिक होता है, तो उसमें विटामिन डी की कमी का खतरा बढ़ सकता है। सनस्क्रीन के फ़ायदे जगज़ाहिर हैं, इसलिए हमारे निष्कर्षों का मतलब यह नहीं है कि हमें एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल छोड़ देना चाहिए। इसका मतलब है कि जो लोग रोज़ाना एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें विटामिन डी सप्लीमेंट लेना शुरू करना पड़ सकता है। यह अध्ययन हाल ही में 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है। इसमें कहा गया है कि हालांकि सनस्क्रीन के उपयोग से त्वचा कैंसर और सनस्पॉट्स जैसी समस्याओं से बचाव होता है, लेकिन नियमित उपयोग से शरीर में विटामिन डी का स्तर अपेक्षाकृत कम हो सकता है। अध्ययन में 639 वयस्कों को शामिल किया गया, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी राज्यों में रहते हैं। इन्हें दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को रोजाना एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन लगाने को कहा गया, जबकि दूसरा समूह अपनी सामान्य दिनचर्या के अनुसार सूर्य सुरक्षा उपाय करता रहा।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**औबेदुल्लागंज।** कृषि उपज मंडी कर्मचारियों के अध्यक्ष दशरथ गुर्जर ने बताया कि सोमवार को जिला मुख्यालय रायसेन में 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह राजपूत एवं रजनी वर्मा सचिव मंडी उदयपुरा, कैलाश चंद बामलिया मंडी सचिव औबेदुल्लागंज, राजेश रजक रायसेन, शिव पटेल उदयपुरा, चन्दरसिहं राजपूत, अंकित सक्सेना, अरविंद सेंगर औबेदुल्लागंज के कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

### ग्लोबल स्कूल में ग्लोबल गरबा महोत्सव 27 से

**औबेदुल्लागंज।** ग्लोबल गरबा महोत्सव हर वर्ष की तरह इस बार भी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शनिवार, 27 सितंबर शाम 6 बजे से ग्लोबल गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मनाया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता, संस्कृति और सामूहिक उत्सव को विशेष रूप से महत्व दिया जाएगा। कार्यक्रम में जीएसई परिवार की महिलाओं को ससम्मान आमंत्रित किया गया है। यह शाम गरबा नृत्य, संगीत और पारंपरिक उल्लास से भरी होगी।

### शास्त्रोक्त विधि से किया सामूहिक पिंडदान व तर्पण



**संतनगर।** गांधीनगर बापू आश्रम में सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक पिण्डदान व तर्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें रतलाम के विद्ववान पंडित आचार्य मनोज द्वारा विधि विधान से पितरों की सद्धगति व कल्याण के लिए सामुहिक कार्यक्रम किया गया। श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से हर वर्ष हजारों लोग शास्त्रोक्त विधि से युक्त कार्यक्रम का लाभ लेते हैं। समिति के प्रवक्ता हरीश मेहर चंदानी ने बताया कि कार्यक्रम के बाद सभी के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारी ओम प्रकाश कृपलानी, रितेश राजदेव, राजू ग़ज़वानी, सुनील पाटीदार, राम लखन गुप्ता, अशोक मालवीय व अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### छात्रा नौरीन ने अर्बन हीट का बताया समाधान



**संतनगर।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वुमेन की दो छात्राएं नौरीन फातिमा रिज़वी और रोशनी तिवारी, यंग इंडियंस द्वारा आयोजित 'फ्यूचर 5.0' प्रतियोगिता में सहभागी बनीं। दोनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया। यंग इंडियंस भोपाल सिटी चैप्टर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग वेस्टर्न रीजन के 7 अध्यायों, 9 संस्थानों और 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रा रोशनी ने 'जल संरक्षण' पर अपनी नई सोच से निर्णायकों को प्रभावित किया। निदेशक डॉ. आशीष ठाकुर ने बधाई दी। संस्था के प्रबंध निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी , समूह सलाहकार पी.एस. राठौर ने संस्था की छात्रा नौरीन और रोशनी को पुणे में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 3849 | | |
| दिनः | 447 | 52 | 480 |
| रातः | 240 | 67 | 557 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 249 | 54 | 770 |
| रातः | 245 | 10 | 569 |

# कार से शराब की तस्करी, 7 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

## कमला नगर थाना पुलिस ने की कार्रवाई, कार से 90 हजार रु. की 94.5 लीटर शराब पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कमला नगर पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 94.5 लीटर शराब जब्त की है। आरोपी शराब तस्कर ऑल्टो कार से शराब की तस्करी कर रहा था। इस दौरान उसे गीतांजली चौराहा पर रोककर 7 पेटी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 90 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शराब के साथ परिवहन में इस्तेमाल ऑल्टो कार भी जब्त की है।

थाना प्रभारी निरुपा पांडे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक लाल रंग की ऑल्टो कार में शराब की पेटियां लेकर गीतांजली चौराहा के पास पार्किंग में खड़ा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की और गीतांजली चौराहा पहुंची। पुलिस को आता देख कार सवार ने कार डिपो चौराहा होते हुए वायरलेस कॉलोनी जलेश्वर महादेव मंदिर की तरफ बढ़ा दी। वह भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे बमुश्किल घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार में बैठे युवक ने अपना नाम गणेश राव अडाव पिता दाटतराव अडाव (39) डी सेक्टर, कमला नगर भोपाल बताया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें 7 पेटी अंग्रेजी शराब मिली। 7 पेटी में जब्त शराब की मात्रा 94.5 लीटर बताई जा रही है और कीमत 90 हजार बताई गई। पुलिस ने शराब का लाइसेंस और बिल मांगा तो उसने बताया कि उक्त शराब अवैध रूप से लेकर आया था।

### दुर्घटना दावा राशि के लिए झूठी एफआईआर कराने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**भोपाल।** दुर्घटना दावा राशि प्राप्त करने के लिए पुलिस थानों में झूठी एफआईआर कराने वाले गिरोह के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी और यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओपी सीहोर डॉक्टर अभिनंदना शर्मा से भेंट कर सीहोर के पुलिस थानों में सड़क दुर्घटना की झूठी रिपोर्ट पंजीबद्ध कराए जाने के आधार पर भोपाल के जिला न्यायालय में दुर्घटना दावा राशि प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किए गए लगभग 35 प्रकरणों की सूची दस्तावेज सहित देते हुए झूठी एफआईआर कराकर दुर्घटना दावा राशि प्राप्त करने वाले गिरोह के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# कूलर से करंट लगा, 4 साल के मासूम की मौत

छोटे भाई के साथ खेलते समय कूलर के संपर्क में आया बच्चा



**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कपड़ा मील की चाल चांदबड़ इलाके में सोमवार सुबह कूलर का करंट लगने से चार साल के मासूम की मौत हो गई। वह अपने छोटे भाई के साथ खेल रहा था। चलते कूलर में हाथ लगते ही उसे करंट का तगड़ा झटका लगा। बेहोशी की हालत में पिता उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कपड़ा मील के पास चांदबड़ निवासी शहजाद खान फलों का व्यापार करते हैं। परिवार में पत्नी और दो बेटे थे। छोटा बेटा सोहेल दो साल का है, जबकि बड़े बेटे साहिल की उम्र 4 साल थी। पत्नी गृहणी हैं। परिवार एक कमरे के घर में रहता है। सोमवर सुबह करीब नौ बजे साहिल अपने छोटे भाई सोहेल के साथ कमरे में खेल रहा था। उसी दौरान वह छोटे भाई से छिपने के लिए कूलर के पीछे चला गया। उस समय कूलर ऑन था। कूलर से हाथ टच होते ही साहिल को जोरदार झटका लगा और वह बेहोश होकर गिर गया। काम पर जाने की तैयारी कर रहे शहजाद की नजर पड़ते ही वह फौरन अपने बेटे को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि करीब तीन माह पूर्व ही साहिल का एडमिशन स्कूल में कराया था।

## घायल को हमीदिया अस्पताल में किया भर्ती, आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# धक्का लगने पर विवाद, दो युवकों ने नौवीं कक्षा के छात्र को पीटा, पेट में घोंपा चाकू

**माता मंदिर के पास रिवेयरा टाउन के सामने हुई वारदात, चाकूबाजी से इलामें फैला दहशत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर के पास रिवेयरा टाउन के सामने रविवार रात मामूली धक्का लगने को लेकर हुए विवाद के चलते दो युवकों ने नवमी कक्षा के एक छात्र के साथ मारपीट कर पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में नाबालिग छात्र को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी गौरव सिंह दोहर ने बताया कि कोटरा सुल्तानाबाद निवासी लक्की उर्फ प्रवीण सिंह पुत्र अजीत सिंह (15) नवीं कक्षा का छात्र है। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह माता मंदिर चौराहा व मैनिट तिराहा के बीच रिवेयरा टाउन के सामने फल के ठेले के पास खड़ा होकर झांकी देख रहा था। राहुल नगर में रहने वाले बाबू उर्फ गोविंद (18) और सुमित उर्फ कृष्णा (18) भी वहां खड़े थे। इस बीच मामूली धक्का लगने की बात पर प्रवीण और सुमित व गोविंद के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर दोनों ने प्रवीण के साथ मारपीट की और उसी दौरान गोविंद ने अपनी कमर में खुंसा चाकू निकालकर नाबालिग छात्र के पेट में घोंप दिया। सरेराह चाकूबाजी की घटना से इलाके में दशहत छा गई। गंभीर रूप से घायल लक्की उर्फ प्रवीण को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों आरोपियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है।

### पुराने बदमाश ने बेटे और भाई के साथ मिलकर पड़ोसी पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**गाली-गलौज का विरोध करने पर पसलियों में घोंपा चाकू**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित बाल विहार कॉलोनी में गाली-गलौज करने से मना करने पर पुराने बदमाश ने अपने बेटे व भाई के साथ मिलकर एक युवक को डंडे से पीटा और फिर पसलियों में चाकू घोंपकर मौत के घाट उतारने का प्रयास किया। गंभीर हालत में युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से फरार तीनों आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बाल विहार कॉलोनी आनंद नगर निवासी विशाल मीना पुत्र पप्पू मीना (25) मोबाइल शॉप पर नौकरी करता है। शनिवार 20 सितंबर की रात नौ बजे मोहल्ले में रहने वाला पुराना बदमाश माखनलाल धानक शराब के नशे में धुत होकर गाली-गलौज कर रहा था। विशाल ने उसे गाली देने से मना किया तो माखनलाल और उसका बेटा राहुल धानक व भाई अशोक धानक तैश में आ गए। तीनों ने मिलकर विशाल की डंडों से पिटाई कर दी और उसी दौरान माखनलाल ने अपनी कमर में फंसा चाकू निकालकर उसके सीने में वार कर दिया। एसआई संतोष रघुवंशी का कहना है कि दिल के नीचे और पेट के ऊपर चाकू का गहरा घाव लगा है। हालत गंभीर है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी माखनलाल इलाके का पुराना गुंडा है।

### चेतक ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

अवधपुरी में रहने वाले एक युवक ने चेतक ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर जान दे दी। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे के आसपास की है। युवक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। मोबाइल की सीडीआर निकलवाई जा रही है। साथ ही मोबाइल का पैटर्न लॉक खुलवाकर जांच की जा रही है, ताकि आत्महत्या के कारण पता चल सके। पुलिस के अनुसार क्रिस मोरे पिता अशोक मोरे (22) सरला स्टैट, अवधपुरी में रहता था। क्रिस ने बारहवीं कक्षा की पढ़ाई की थी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिजन ने बताया कि क्रिस रविवार सुबह साढ़े 8 बजे घर से एक्टिवा लेकर निकला था। इधर, 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि किसी युवक की चेतक ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर लाश पड़ी है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लाश पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी। मृतक की तलाशी लेने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला। घटनास्थल से पुलिस को मोबाइल मिला था। मोबाइल से क्रिस की पहचान कर ली गई।

#### परिवार में छोटा बेटा था क्रिस

क्रिस के पिता जनसंपर्क विभाग के ड्राइवरी करते हैं। क्रिस परिवार में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई और बहन है। पुलिस को क्रिस की एक्टिवा का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने पिता से बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन वह शोकाकुल होने के कारण कुछ भी नहीं कह रहे हैं। पुलिस का कहना है कि परिजन के विस्तृत बयान से आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा।



### सुखमनी पाठ में संतजी के बताए गए सेवा मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम साहिब के अवतरण दिवस के उपलक्ष में नवयुवक सभा द्वारा आनंदराम टी. शाहानी कउमावि एवं सिंधू माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुखमनी साहिब पाठ का आयोजन किया गया। नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी ने कहा कि हमें संतों के उपदेशों का अनुकरण करते हुए अपना जीवन सद्गुणों से भरपूर बनाना चाहिए और सेवा-भाव में जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम टिलवानी, सुरेश राजपाल, धर्मप्रकाश मोटवानी, प्राचार्य प्रिया बुधानी, केटी शाहानी के प्राचार्य हरिओम शर्मा, ज्योति चौहान, प्राचार्या प्रिया धर्मदासानी मौजूद थे।

### मां जगदंबा के जयकारों के साथ की प्रतिमाएं स्थापित

**नौ दिन तक रोजाना होता है भंडारा**



**संतनगर।** उपनगर बैरागढ़ में नवदुर्गा उत्सव का शुभारंभ बड़े ही धूमधाम से हुआ। नगर में कई स्थानों पर आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं। सोमवार सुबह से ही माता की प्रतिमाओं के स्थापना का सिलसिला विधिवत से शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। विराट श्री मानव सेवा संस्था द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नौ दिवसीय भंडारा शुरू हो गया जो 1 अक्टूबर तक रोज़ाना संध्या आरती के बाद प्रारंभ होता है। संस्था के रामू केवट ने भंडारे में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आग्रह किया है।

## अग्रसेन जयंती पर किया गरबा, महिलाओं और बच्चों के लिए गेम्स का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में सोमवार को समाज के लोगों द्वारा गरबा किया। बच्चों और महिलाओं के लिए गेम्स का आयोजन किया। इसके बाद सह भोज रखा गया। कार्यक्रमों में लोगों ने उत्साह एवं उमंग से सब ने भाग लिया। समाज की अध्यक्ष विद्या अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा समाज की एकता और अखंडता के प्रति सभी जागरूक रहें या हमारा कर्तव्य है। वैसे भी अग्रवाल समाज अग्रणी समाज माना जाता है। अग्रवाल समाज की महिलाएं हर कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभातीं हैं। बच्चे, महिलाएं, पुरुषों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, नीतू मानसी मित्तल, राजकुमारी मित्तल, सुषमा मित्तल, अशोक मित्तल, बागिश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राम अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि शामिल हुए।

## नगर में दर्जनों स्थानों पर विराजीं माता, सजाए पंडाल

**नवरात्रि पर्व पर लोगों में दिखा उत्साह, मंदिरों में माता रानी के दर्शन करने वालों की उमड़ी भीड़**



**औबेदुल्लागंज।** शारदीय नवरात्रि पर्व सोमवार से शुरू हो गया। नगर में हर तरफ माता के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में माता की प्रतिमा स्थापित करने के लिए दर्जनों पंडाल बनाए गए हैं। सुबह से देर रात तक माता की स्थापना का सिलसिला जारी रहा। वहीं मां वैष्णो दुर्गा समिति महाराणा प्रताप वार्ड 13 स्टेशन रोड में पंडित मनीष शास्त्री द्वारा विधि-विधान से पूजन कर माता की प्रतिमा स्थापित की गई। डैनी राजपूत, रविंद्र विजयवर्गी, विनोद तिवारी, सौरभ कोठारी, आशीष दीक्षित, सर्वेश मित्तल, रामकिशोर नंदवंशी, पंकज कोठारी, मनोज चौरसिया, विजय नागर, हेमराज गुर्जर, बल्लू ठाकुर, अनिल गुप्ता, पम्मी चोरे, टिंकू ठाकुर, राकेश तिवारी, दीपू नगार, जसवंत गुर्जर आदि शामिल थे।

समितियों द्वारा पंडालों में माता की प्रतिमा स्थापित करने के लिए वार्ड 14 से प्रतिमाएं लाने का सिलसिला सुबह ही शुरू हो गया था। ढोल-ढमाकों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में माता की प्रतिमा ले जाते हुए।





### सलकनपुर माता के दर्शन करने जाने वाले यात्रियों को बांटा प्रसाद



शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू होते ही नगर के निशिता पेट्रोल पंप संचालिका ने सलकनपुर माता के दर्शन करने जाने वाले यात्रियों के लिए पंडाल लगाकर साबूदाना खिचड़ी और केले वितरण किया। बड़ी संख्या में भक्त रुककर प्रसाद ग्रहण करते है। मंडीदीप की श्रद्धालु सोलंकी मां बिजासन सलकनपुर वाली माता के दर्शन को दंडवत प्रणाम करते हुए जाते समय सेंगर परिवार ने उनका स्वागत कर माता से महिला को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पिछले 10 सालों से नवरात्रि पर्व पर टोल प्लाजा के पास स्थित निशिता पेट्रोल पंप की संचालिका रश्मि सेंगर द्वारा श्रद्धालुओं को फलाहार वितरण का आयोजन कर रहा है।

**निशातपुरा पुलिस को कॉल किया, नहीं मिली प्रतिक्रिया**

# करोंद गल्ला मंडी में दुकान से नगदी और चांदी की प्रतिमा चोरी, सीसीटीवी कैमरे भी ले भागे चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोंद मंडी में स्थित अनाज की दुकान पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर तीन हजार रुपए की नगदी और चांदी की प्रतिमा चुरा ली। बदमाश अपने साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी लेकर गए हैं। चोरी की वारदात के बारे में सोमवार की सुबह पता चली, जब दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी दुकान पहुंचे। व्यापारी का कहना है कि घटना के बाद निशातपुरा पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

जानकारी के अनुसार करोंद गल्ला मंडी में सुरेशचंद्र की अनाज की दुकान है। रोज की तरह वे रविवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह कर्मचारी दुकान पर पहुंचे तो उन्हें ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो दुकान का सामान व कागजात बिखरे पड़े थे। दुकान में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे भी नहीं थे। दुकान मालिक ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, लेकिन दो घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद उन्होंने थाने में कॉल किया तो वहां पर भी सुनवाई नहीं हुई।



### आर्टिस्ट डेवलपर की कार का कांच तोड़कर बैग चोरी

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-4 अरेरा कॉलोनी इलाके में खड़ी कार का कांच तोड़कर अज्ञात बदमाश बैग चुरा ले गया। बैग में लैपटॉप व अन्य दस्तावेज रखे थे। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि अयोध्या नगर निवासी कृति आनंद पिता विवेक आनंद (26) आर्टिस्ट डेवलपमेंट का काम करती हैं। विगत 20 सितंबर की शाम साढ़े सात बजे वह अपनी कार ई-4 अरेरा कॉलोनी में पार्क कर स्टार बक्स में चली गई थीं। कुछ देर बाद किसी काम से अपने दोस्त शशांक के साथ न्यू मार्केट चली गईं। रात करीब नौ बजे लौटने पर अपनी कार को देखा तो कार का लेफ्ट साइड का कांच टूटा मिला। कार का कांच तोड़कर अज्ञात चोर एक बैग चुरा ले गए।

# महिला पटवारी और उसका सहयोगी 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ऋण पुस्तिका में नाबालिग से बालिग में बदलने के लिए मांगे थे 5 हजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुरहानपुर के नेपानगर में लोकायुक्त की टीम ने एक महिला पटवारी और उसके सहयोगी को रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

डावलीखुर्द निवासी ओंकार राठौर पिता प्रीतम राठौर (20) ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि की ऋण पुस्तिका में उनका नाम नाबालिग के रूप में दर्ज है, जिसे बालिग में बदलने के लिए पटवारी प्रियंका ठाकुर और प्राइवेट व्यक्ति नंदु कोली ने 5 हजार रुपए की मांग की। बातचीत के बाद रिश्वत की राशि 4 हजार रुपए तय हुई, जिसमें से पहले ही एक हजार रुपए लिए जा चुके थे। लोकायुक्त की टीम ने शिकायत के सत्यापन के बाद ट्रैप दल का गठन किया। महिला पटवारी के बताए अनुसार जेसे ही उसका सहयोगी प्राइवेट व्यक्ति नंदू कोली ने 3 हजार की रिश्वत ली, नजदीक ही खड़ी लोकायुक्त की टीम ने उसे दबोच लिया। लोकायुक्त इंदौर के निरीक्षक आशुतोष मिठास का कहना है कि शिकायत की जांच में आरोप सही पाए गए। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**सूचना**
प्रिय पाठकगठ
सर्व विदित हो कि **श्री नितेश पटेल** को हरिभूमि मण्डीदीप का अंशकालिक संवाददात नियुक्त किया गया है इन्हे समाचार विज्ञापन एवं प्रसार में सहयोग प्रदान करें ।
धन्यवाद
प्रबंधक
हरिभूमि भोपाल

जीएसटी 2.0 की नई दरें प्रभावी

# ‘जीएसटी बचत उत्सव’ के साथ स्वदेशी मंत्र को मिलेगी नई ऊर्जा: पीएम मोदी
# ये पूरा जीएसटी सुधार नहीं, डेढ़वा अवतार, इसे लाने में 8 साल लगे: कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही एक्स पर जीएसटी में बदलाव को लेकर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि इस बार नवरात्रि का यह शुभ अवसर बहुत विशेष है। जीएसटी बचत उत्सव के साथ-साथ स्वदेशी के मंत्र को इस दौरान एक नई ऊर्जा मिलने वाली है। आइए, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए सामूहिक प्रयासों में जुट जाएं।

बता दें, जीएसटी की नई दरें नवरात्र के पहले दिन यानी 22 सितंबर से लागू हो गई हैं। अब जीएसटी के 5 फीसदी और 18 फीसदी के सिर्फ दो स्लैब रह गए हैं। नई दरें लागू होने के साथ रसोई के सामान से लेकर दवाइयां, गाड़ियां, कपड़े, मकान खरीदना-बनवाना, बीमा उत्पाद और एसी-टीवी जैसे कई उत्पाद सस्ते हो गए हैं।

नई दरें नवरात्र के पहले दिन से लागू हो गई हैं



ईटानगर में स्थानीय उद्यमी महिलाओं से पीएम मोदी ने मुलाकाता की

कांग्रेस का आरोप

### ट्रंप टैरिफ से ध्यान भटकाना मकसद



कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि ये जो दरें कम हुई हैं क्या उसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा या ग्राहकों को मिलेगा इस पर बड़ा सवाल है। ये पूरा जीएसटी सुधार नहीं है ये दूसरा अवतार नहीं बल्कि डेढ़वा अवतार है। हमें जो ट्रंप से निपटना है उन्होंने जो टैरिफ लगाया और दूसरी तरफ हमारी वीजा को खत्म कर रहे हैं ये सब ध्यान कही और ले जाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी में आपने जो सुधार लाया इसमें आपको 8 साल लगा क्या 8 साल पहले आप सो रहे थे। ये आपको 8 साल पहले करना चाहिए था।


भाजपा का पलटवार

### कांग्रेस के मुद्दों को जनता नकार चुकी



कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार करते हुए कहा कि जयराम रमेश को समझना चाहिए कि यदि किसी देश से टैरिफ बातचीत नहीं हो रही होती तो क्या जीएसटी दरें कम नहीं होनी चाहिए थीं? उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता का नारा नया नहीं है, इसे अब मजबूती दी जा रही है। पुरी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं को नए मुद्दे खोजने चाहिए क्योंकि पुराने मुद्दों पर जनता ने उन्हें नकार दिया है।

### जीएसटी रिफॉर्म का वादा पूरा: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का नवरात्रि के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं-बहनों को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म का उपहार! पीएम मोदी ने देशवासियों से जीएसटी रिफॉर्म का जो वादा किया था, वह पूरे देश में लागू हो गया है।

### दुकानदार और ग्राहक दोनों खुश : वैष्णव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने टैक्स स्लैब को कम करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिससे हर घर को बचत करने में मदद मिलेगी। बचत महोत्सव शुरू हो गया है। दुकानदार और ग्राहक दोनों बहुत खुश हैं।

### लोगों को मिलेगी राहत: पासवान



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नई जीएसटी दरें लागू होने पर पीएम मोदी और वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो इतने साल से मांग चल रही थी कि जीएसटी रेट में सुधार किया जाए। उन्होंने इस मांग को स्वीकार किया। इस सुधार से लोगों को काफी राहत मिली है।

**भाजपा ने शुरू किया ‘जीएसटी सेविंग्स फेस्टिवल’ अभियान:** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार से 29 सितंबर तक पूरे देश में ‘जीएसटी सेविंग्स फेस्टिवल’ नामक विशेष अभियान शुरू किया है। पार्टी ने सभी सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्रों में पदयात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य स्थानीय बाजारों में व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और उन्हें यह बताना है कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) ने कैसे अर्थव्यवस्था में बचत और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है।

**फायदा न मिले तो करें शिकायत:** अगर विक्रेता टैक्स में कमी का फायदा नहीं देता है, तो ग्राहक इसकी शिकायत कर सकते हैं। नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन 1800-11-4000 व 1800-1200-232 पर शिकायत करें।

## खबर संक्षेप

### तिरुपति को 1.8 करोड़ के 15 स्वर्ण पदक दान



**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा है कि श्री संस्थान गोकर्ण पर्टागली जीवोत्तम मठ के मठाधीश विद्याधीश तीर्थ स्वामी ने तिरुपति मंदिर को 1.80 करोड़ रुपए मूल्य के 15 स्वर्ण पदक और दो चांदी की प्लेट दान कीं। धर्मगुरू स्वामी ने रंगनायकुला मंडपम में मंदिर के पेशकार रामकृष्ण को ये भेंट दान दी।

### अवैध हथियारों की तस्करी, 3 गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब की अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित हथियार एवं हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और सीमा पार से अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया। अमृतसर के गेट हकीमा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। 10 हथियार और 2.5 लाख रुपए की हवाला राशि बरामद की गई है।

### ट्रक ने स्कूटर को टक्कर मारी, 3 युवाओं की मौत



**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा बाईपास पर सोमवार को एक ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे 19-22 आयु वर्ग के तीन युवकों की मौत हो गई। ठाणे नगर निगम आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि यह घटना गावदेवी मंदिर के पास अपराह्न करीब तीन बजे हुई, जब स्कूटर को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।

### ओपी राजभर की तबीयत बिगड़ी, पीएम ने जाना हाल



**लखनऊ।** यूपी सरकार के मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की तबीयत सोमवार को फिर बिगड़ गई। वे लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। उनके बेटे अरविंद राजभर ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने फोन कर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## 5,100 करोड़ की 13 विकास परियोजनाओं का पीएम मोदी ने किया शिलान्यास, बोले

# ‘अरुणाचल’ उगते सूर्य और देशभक्ति की उमंग की धरती



यहां का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक

*अरुणाचल को प्रकृति ने इतना कुछ दिया है। ये धरती, यहां के परिश्रमी लोग, यहां का सामर्थ्य, यहां इतना कुछ है। लेकिन 2014 से पहले जो लोग दिल्ली में बैठकर देश चला रहे थे, उन्होंने अरुणाचल को हमेशा नजरअंदाज किया*

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

तिरंगे की तरह अरुणाचल का पहल रंग भी केसरिया

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश में 5,100 करोड़ रुपए से अधिक की 13 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। क्षेत्र में विशाल जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने और निरंतर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पीएम ने ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी।

दोनों बिजली परियोजनाओं का विकास नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (नीपको) की ओर से अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में किया जा रहा है। पीएम ने राजधानी के इंदिरा गांधी पार्क में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम ने कहा कि अरुणाचल की यह भूमि उगते सूर्य की धरती के साथ देशभक्ति के उफान की भी धरती है। जैसे तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, वैसे ही अरुणाचल का पहला रंग भी केसरिया है। यहां का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक है।

कांग्रेस की सोच से पूरे नार्थ ईस्ट को नुकसान पहुंचा




**कांग्रेस के राज में दशकों लग गए**

पीएम मोदी ने कहा कि विकास की किरण आते-आते कई दशक लग गए। मैं 2014 से पहले भी यहां कई बार आया हूं, आपके बीच रहा हूं। अरुणाचल को प्रकृति ने इतना कुछ दिया है। ये धरती, यहां के परिश्रमी लोग, यहां का सामर्थ्य, यहां इतना कुछ है। लेकिन जो लोग दिल्ली में बैठकर देश चला रहे थे, उन्होंने अरुणाचल को हमेशा नजरअंदाज किया।

### कांग्रेस की सोच से देश को मुक्ति दिलाई

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जैसे लोग सोचते थे, यहां इतने कम लोग हैं, लोकसभा की सिर्फ दो ही सीटें हैं, तो क्यों अरुणाचल पर ध्यान दिया जाए? इस सोच से अरुणाचल को, पूरे नॉर्थ ईस्ट को बहुत नुकसान हुआ। नॉर्थ ईस्ट विकास में पीछे छूट गया। 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया, तब मैंने कांग्रेस की सोच से देश को मुक्ति दिलाने की ठान ली। हमारी प्रेरणा किसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है।

### आठ राज्य अष्ट लक्ष्मी

पीएम मोदी ने कहा कि हम नॉर्थ ईस्ट के आठों राज्यों को अष्टलक्ष्मी के रूप में पूजते हैं, इसलिए इस क्षेत्र को विकास में पीछे नहीं देख सकते। यहां विकास के लिए केंद्र सरकार अधिक से अधिक धन खर्च कर रही है। एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान, केंद्रीय मंत्रियों ने 800 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है और दूर-दराज के जिलों और गाँवों तक पहुँचने का प्रयास किया है। एक पीएम के रूप में, वह 70 से अधिक बार पूर्वोत्तर आ चुके हैं।

### 10 वर्षों में अरुणाचल को एक लाख करोड़ मिले

पीएम ने कहा कि देश में जो टैक्स इकट्ठा होता है, उसका एक हिस्सा राज्यों को मिलता है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब अरुणाचल प्रदेश को 10 साल में सेंट्रल टैक्स में से सिर्फ 6,000 करोड़ रुपए ही मिले थे, जबकि भाजपा सरकार के 10 वर्षों में अरुणाचल को एक लाख करोड़ रुपए से अधिक मिल चुके हैं। यानी भाजपा सरकार ने कांग्रेस की तुलना में अरुणाचल को 16 गुना ज्यादा पैसा दिया है और यह सिर्फ टैक्स का हिस्सा है।

### त्रिपुर सुंदरी मंदिर में किए दर्शन




पीएम मोदी ने त्रिपुरा के उदयपुर में हिंदुओं द्वारा पूजे जाने वाले 51 शक्तिपीठों में से एक, पुनर्विकसित माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर का उद्घाटन किया।

मराठा आरक्षण मामला, सीजे करेंगे निर्णय

# सुनवाई से तीन जजों की बेंच ने खुद को कर दिया अलग

ओबीसी ने निर्णय को असंवैधानिक बताया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र सरकार के हालिया फैसले पर दायर याचिकाओं की सुनवाई से बॉम्बे हाईकोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने खुद को अलग कर लिया। मामला उन आदेशों से जुड़ा है जिनमें मराठा समुदाय के सदस्यों को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र जारी कर उन्हें ओबीसी श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले को ओबीसी संगठनों ने मनमाना और असंवैधानिक बताते हुए चुनौती दी है। कुल पांच याचिकाएं दायर की गई हैं जिनमें कुनबी सेना, महाराष्ट्र माली समाज महासंघ, अहीर सुवर्णकार समाज संस्था, सदानंद मंडलिक और महाराष्ट्र नाभिक महामंडल शामिल हैं।

### मराठाओं को कुनबी माना

याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान जस्टिस संदीप पाटिल ने कहा कि वे इन पर सुनवाई नहीं कर सकते। इसके बाद जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और संदीप पाटिल की बेंच ने मामले से खुद को अलग कर लिया। अब यह याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंकल की बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए पेश की जाएंगी। सरकार का यह फैसला मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज जारंगे के आंदोलन के बाद लिया गया। दो सितंबर को राज्य सरकार ने हैदराबाद गजेटियर पर आधारित एक सरकारी आदेश (जीआर) जारी किया और समिति बनाने का ऐलान किया। यह समिति उन मराठा परिवारों की पहचान करेगी जो ऐतिहासिक रूप से कुनबी दर्ज हैं। ऐसे लोगों को कुनबी प्रमाणपत्र मिलेगा और वे ओबीसी कोटे का लाभ ले सकेंगे।

### ओबीसी समाज की नाराजगी

सरकार के इस कदम से ओबीसी समाज में बेचैनी है। सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग द्वारा जारी किए गए जीआर के बाद ओबीसी संगठनों ने चिंता जताई है कि इससे उनकी आरक्षण व्यवस्था प्रभावित होगी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह परिपत्र तरीके से मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे में शामिल करने की कोशिश है, जो कानूनन गलत है। दरअसल, ओबीसी समुदाय का मानना है इस फैसले से उनके कोटे का आरक्षण बंट जाएगा।

अमित शाह पर टिप्पणी मामला

# राहुल पर मानहानि मामले में 4 अक्टूबर को आएगा फैसला

एजेंसी ▶▶ चाईबासा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दायर की गई अर्जी पर सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट, चाईबासा में सुनवाई पूरी हुई। राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा के माध्यम से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत ट्रायल के दौरान व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग की थी। राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध चाईबासा के भाजपा नेता प्रताप कटियार की ओर से किए गये मानहानि केस से जुड़ा हुआ है। परिवादी की ओर से आरोप लगाया गया है।



### आदेश सुरक्षित रखा

अधिवक्ता केशव प्रसाद ने बताया कि 22 सितंबर को इस अर्जी पर बहस पूरी कर ली गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में निर्णय आगामी 4 अक्टूबर 2025 को सुनाया जाएगा।

असम सीएम हिमंता सरमा बोले

# लोगों की मांग पर जुबीन गर्ग का आज दोबारा होगा पोस्टमार्टम

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कुछ लोगों की मांग के बाद जुबीन गर्ग के शव का दूसरा पोस्टमार्टम होगा। मंगलवार को गुवाहाटी के अस्पताल में जुबीन गर्ग का पोस्टमार्टम किया जाएगा। रविवार को सिंगर जुबीन गर्ग का डेथ सर्टिफिकेट सिंगापुर हाइकमिशन द्वारा असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को भेजा गया था। डेथ सर्टिफिकेट में सिंगर की मौत का कारण भी स्पष्ट लिखा है। इस डेथ सर्टिफिकेट को पाने के बाद भी असम के सीएम ने जुबीन की मौत के मामले में जांच का आश्वासन परिवार को दिया था।



### पीएम और डेथ सर्टिफिकेट अलग

सीएम सरमा ने कहा कि सिंगापुर हाइकमिशन ने जुबीन गर्ग का डेथ सर्टिफिकेट भेजा है, उसमें मौत का कारण डूबना बताया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अलग है और डेथ सर्टिफिकेट अलग है।

## हावड़ा-नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन में लगी आग



### यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**जामताड़ा।** हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर सोमवार को बड़ा हादसा टल गया, जब टाटा 18184 सुपरफास्ट ट्रेन की एक बोगी में अचानक आग लग गई। घटना जामताड़ा जिले के कालाझरिया रेलवे ट्रैक के पास हुई। बोगी से अचानक धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं, इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग ट्रेन से बाहर कूदने लगे। लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को तुरंत रोक दिया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। करीब 45 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, इस दौरान रेलवे स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर से आग पर काबू पाया। मौजूद रेलवे अधिकारी के मुताबिक, बोगी के अंडर-गियर से चिंगारी उठने के कारण आग लगी थी। इस घटना से यात्री घबरा गए और बोगियों से कूदने लगे।

सुप्रीम कोर्ट से एक्ट्रेस जैकलीन को झटका

# 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ी याचिका खारिज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है।

### 3 जुलाई का आदेश बरकरार

जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जैकलीन फर्नांडिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि ‘हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे।’ इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया कि 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को ही बरकरार रखा जाएगा। इसमें जैकलीन की ईसीआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

### पूर्व क्रिकेटर उथप्पा से ईडी दफ्तर में पूछताछ जारी



पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा सोमवार को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश हुए। उनसे एक कथित अवैध बेटिंग एप से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूछताछ की है। यह मामला वन-एक्स-बेट नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ा है, जो अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल बताया जा रहा है। इससे पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को मंगलवार को ईडी के सामने पेश होने का नोटिस दिया गया है।

दिल्ली दंगा: उमर खालिद समेत अन्य की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब, 7 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के शीर्ष न्यायालय ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों की कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को की जाएगी। खालिद, इमाम और बाकी आरोपियों पर फरवरी 2020 के दंगों के कथित मास्टरमाइंड होने के आरोप में यूएपीए और तत्कालीन भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज़्यादा घायल हुए थे।

### जमानत देने से किया था इंकार



बता दें, आरोपियों ने 2 सितंबर के दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें खालिद और इमाम सहित नौ लोगों को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि नागरिकों द्वारा प्रदर्शनों या विरोध प्रदर्शनों की आड़ में षड्यंत्रकारी हिंसा की अनुमति नहीं दी जा सकती। उच्च न्यायालय द्वारा खालिद और इमाम के अलावा फातिमा, हैदर, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, अब्दुल खालिद सैफी और शादाब अहमद भी शामिल रहे, जिनकी याचिका खारिज की गई।

### संविधान शांतिपूर्ण आंदोलन का अधिकार देता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान नागरिकों को विरोध प्रदर्शन या आंदोलन करने का अधिकार देता है, बशर्ते वे व्यवस्थित, शांतिपूर्ण और बिना हथियारों के हों, और ऐसी कार्रवाई कानून के दायरे में होनी चाहिए। वहीं, उच्च न्यायालय ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने और सार्वजनिक सभाओं में भाषण देने का अधिकार अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत संरक्षित है और इसे स्पष्ट रूप से सीमित नहीं किया जा सकता, उसने यह भी कहा कि यह अधिकार पूर्ण नहीं है और उचित प्रतिबंधों के अधीन है।

दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

### डूसू चुनाव की सभी ईवीएम सुरक्षित रखी जाएं

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनाव आयुक्त से पिछले सप्ताह हुए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सुरक्षित रखने का आदेश जारी किया है। कांग्रेस पार्टी की छात्र शाखा एनएसयूआई ने ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के नेताओं रौनक खत्री और जोसलिन नंदिता चौधरी द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया। यह रिट याचिका ईवीएम में छेड़छाड़ के आधार पर अध्यक्ष पद के लिए मतदान प्रक्रिया को रद्द करने और रद्द करने के निर्देश देने की प्रार्थना के साथ दायर की गई है।


## खबर संक्षेप

### डल झील में मिला मिसाइल का मलबा



**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस दौरान भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच झड़प भी हुई थी। दोनों देशों की ओर से एक दूसरे पर मिसाइल भी दागे गए थे। अब जम्मू-कश्मीर में डल झील में फटे हुए मिसाइल का मलबा बरामद किया गया है। झील संरक्षण एवं प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शनिवार को झील की सफाई के दौरान मलबे को बरामद किया गया है।

### बांग्लादेश के कई हिस्सों में भूकंप



**ढाका।** बांग्लादेश के कई हिस्सों समेत राजधानी ढाका में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका केंद्र सिलहट जिले के छातक में था। बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से बताया कि दोपहर 12:19 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र ढाका से लगभग 185 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में छातक (सिलहट) में 4.0 तीव्रता का भूकंप था, जिसका केंद्र छातक, सिलहट में स्थित था। भूकंप का केंद्र दाउकी फॉल्ट क्षेत्र में था।

### छत गिरने से 6 बच्चों समेत 8 लोग जिंदा दफन



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक शिक्षण संस्थान की छत गिर जाने के कारण छह बच्चों समेत आठ लोग जिंदा दफन हो गए तथा तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना लाहौर के उत्तर-पश्चिम से लगभग 120 किलोमीटर दूर हाफिजाबाद शहर में हुई। पंजाब आपातकालीन विभाग के बचाव दल 1122 के अनुसार, उस वक्त कक्षा में दो शिक्षक और नौ छात्र मौजूद थे। रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा, ''वे मलबे में दब गए थे। बचाव दल ने चार छात्रों को जीवित निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

# एच-1बी वीजा का तोड़ लाया चीन, 'के-वीजा' लांच कर दुनियाभर के लिए खोल दिया अपना दरवाजा

## चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर बिना भी आवेदन कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन का के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ सिस्टम से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दे कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे।

अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है।



### 12 तरह के वीजा जारी करता है चीन

चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पॉन्सरशिप चाहिए होती है।

### के-वीजा फीस के बारे में कोई घोषणा नहीं की गई है

*जेड-वीजा में किसी चीनी कंपनी की नौकरी मिलनी जरूरी है और वीजा सिर्फ उसी कंपनी के लिए वैध होता है। नौकरी बदलने पर नया वीजा लेना पड़ता है। के-वीजा के साथ ऐसा कोई नियम नहीं होगा। शिक्षा और अनुभव के आधार पर सीधे आवेदन किया जा सकता है। के-वीजा फीस के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं, जेड वीजा की फीस हर देश के नागरिकों के लिए अलग-अलग होती है। भारतीय नागरिकों के लिए यह 2.9 हजार रुपए, अमेरिकी नागरिकों के लिए 2.3 हजार रुपए, कनाडाई नागरिकों के लिए 8.5 हजार रुपए और ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए 5.5 हजार है। इसके अलावा वीजा आवेदन प्रक्रिया में सर्विस चार्ज भी जोड़ा जाता है जिसकी कीमत भारतीयों के लिए 2 से 3 हजार के बीच होती है।*

### एच-1बी वीजा पर आए अपडेट से उद्योग जगत की चिंताएं दूर

**नई दिल्ली।** नैसकॉम कंपनी ने कहा कि अमेरिका की ओर से एच-1 बी वीजा शुल्क को लेकर जारी की गई नई स्पष्टता से उद्योग की चिंताएं बहुत हद तक दूर हुई हैं। ट्रंप प्रशासन ने साफ किया है कि शुल्क में बढ़ोतरी मौजूदा वीजा धारकों पर लागू नहीं होगी और यह केवल नए आवेदनों पर एक बार के शुल्क के रूप में लागू होगी। ट्रंप प्रशासन के स्पष्टीकरण से पात्रता और समयसीमा को लेकर बनी अनिश्चितता दूर हो गई है। नैसकॉम, यानी नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज, भारत में सॉफ्टवेयर और सर्विसेज कंपनियों का प्रमुख संगठन और गैर-लाभकारी उद्योग निकाय है। यह संगठन भारत सरकार के साथ मिलकर काम करता है, उद्योग के लिए नीतियां तैयार करने, कारोबारी माहौल सुधारने और अपने सदस्यों को प्रशिक्षण, नेटवर्किंग और मार्केट रिसर्च जैसी सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है।

## रबात में रक्षामंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया

# मोरक्को की धरती से राजनाथ ने पाक को दिया कड़ा संदेश, पीओके अपने आप भारत में आएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिनों के लिए मोरक्को की यात्रा पर हैं। किसी भारतीय रक्षा मंत्री की ये पहली मोरक्को यात्रा है। राजनाथ सिंह ने मोरक्को में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह इकाई अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। वह यहां पर अपने समकक्ष अब्देलतीफ लौदियी के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया।

रक्षामंत्री मोरक्को में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया

भारतीय होने के नाते हमारी जिम्मेदारियां दूसरों से अलग

### हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- भारत के प्रति हमारी भक्ति, स्नेह और प्रेम स्वाभाविक है। हम दुनिया में कहीं भी हों, हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं। भारतीय होने के नाते, हमारी जिम्मेदारियां दूसरों से अलग हैं।

### 'पीओके' अपने आप भारत का होगा

मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- पीओके अपने आप हमारा होगा। पीओके में मांगें उठने लगी हैं, आपने नारे सुने होंगे। मैं 5 साल पहले कश्मीर घाटी में एक कार्यक्रम में भारतीय सेना को संबोधित कर रहा था, तब मैंने कहा था कि हमें पीओके पर हमला करके कब्जा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, वह वैसे भी हमारा है; पीओके खुद कहेगा, 'मैं भी भारत हूं'। वह दिन आएगा। मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- 'जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे'...इस बार भी यही हुआ। हमने उन्हीं लोगों को मारा जिन्होंने हमारे लोगों को मारा। हमने किसी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया। केवल भारत ही ऐसा चरित्र रख सकता है। अगर हम चाहते तो किसी भी सैन्य या नागरिक प्रतिष्ठान पर हमला कर सकते थे, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। हमें भारत के इस चरित्र को कायम रखना चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा- आतंकवादी यहां आए और हमारे नागरिकों का धर्म पूछकर उन्हें मार डाला।

### ऑपरेशन सिंदूर का अगला चरण पाकिस्तान के आचरण पर

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा किक ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा भाग बाकी है या तीसरा, हम नहीं कह सकते। यह उनके पाकिस्तान के आचरण पर निर्भर करता है। अगर वे आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होते हैं, तो उन्हें जवाब मिलेगा। पहलगाम में हमारे 26 लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला गया। अगले दिन, 23 अप्रैल को, सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में मैंने पहला सवाल यही पूछा कि अगर सरकार कोई ऑपरेशन करने का फैसला करती है, तो क्या वे इसके लिए तैयार हैं। आपको यह जानकर खुशी होगी कि उन्होंने बिना एक सेकंड भी देर किए जवाब दिया कि वे पूरी तरह तैयार हैं। फिर हमने प्रधानमंत्री मोदी से संपर्क किया, उन्होंने हमें आगे बढ़ने को कहा और पूरी छूट दे दी।

### रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत-मोरक्को के बीच हुआ एमओयू



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के बीच सोमवार को रबात में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू की खास बात यह है कि ये दोनों देशों की बढ़ती साझेदारी के लिए एक मजबूत संस्थागत संरचना प्रदान करता है। संयुक्त अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्रालय ने 22 सितंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें यह भी बताया कि बैठक में दोनों नेताओं ने रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। आतंकवाद से मुकाबला, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, शांति अभियान और सैन्य चिकित्सा व विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को शामिल करते हुए एक व्यापक रोडमैप पर भी सहमति जताई गई।

## भारत सरकार ने उठाया बड़ा कदम

# रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को किया जाएगा प्रदर्शित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष पहली बार रूस के काल्मिकिया गणराज्य की राजधानी एलिस्ता में प्रदर्शित होने जा रहे हैं। ये अवशेष नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय से विशेष धार्मिक सम्मान और परंपराओं के साथ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ले जाए जाएंगे। इस आयोजन का नेतृत्व भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्फेडरेशन आईबीसी, राष्ट्रीय संग्रहालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) मिलकर कर रहे हैं। इस आयोजन को स्थानीय बौद्ध समुदाय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद ऐतिहासिक और आध्यात्मिक माना जा रहा है।

### प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केशव मौर्य करेंगे

वहीं भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। आईबीसी की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानिदेशक करेंगे। साथ ही, 43वें साक्या त्रिजिन रिनपोछे साक्या परंपरा के प्रमुख, 13वें कुंडलिंग तक्सक रिनपोछे (द्रेपुंग गोमांग मठ), 7वें योंगजिन लिंग रिनपोछे और 17 अन्य वरिष्ठ भिक्षु भी शामिल होंगे। इसके अलावा भारत के तीन वरिष्ठतम वंदनीय भिक्षु स्थानीय श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे।

### भारत और रूस के सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे

पिपरहवा स्थल उत्तर प्रदेश, बस्ती जिले के बर्डपुर क्षेत्र से 1898 में विलियम क्लैक्सटन पेपे ने खुदाई के दौरान बुद्ध से जुड़े अस्थि और आभूषण प्राप्त किए थे। बाद में 1971 से 1977 के बीच के एम श्रीवास्तव के नेतृत्व में खुदाई में और अस्थि अवशेष मिले, जिन्हें 4वीं–5वीं शताब्दी ईसा पूर्व का माना गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने पिपरहवा को कपिलवस्तु की प्राचीन नगरी के रूप में पहचाना। इस प्रकार काल्मिकिया में होने वाला यह आयोजन भारत और रूस के बीच न केवल धार्मिक व सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, बल्कि विश्व स्तर पर बौद्ध धर्म के संदेश को भी व्यापक बनाएगा।

वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच

# 4500 जवान, 10 युद्धपोत, एफ-35 जेट और न्यूक्लियर सबमरीन के साथ चारों ओर से घेर रही अमेरिकी सेना

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच कैरिबियन के दक्षिणी इलाके में अमेरिकी सेना की बड़ी तैनाती कर रहे हैं। इसमें एफ-35 स्टील्थ जेट और अन्य हथियार शामिल हैं। अमेरिका इसे ड्रग तस्करी रोकने का नाम दे रहा है, लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह हमले की तैयारी जैसा लगता है।

### आदेश का इंतजार कर रही सेना



अगर आदेश मिले, तो पहले वेनेजुएला के एयर डिफेंस, रडार (ला ओरचिला, बार्सिलोना, सुक्रे) और नौसेना ठिकाने (पारिया प्रायद्वीप) नष्ट होंगे। फिर कार्टेल लॉजिस्टिक्स, गुप्त एयरस्ट्रिप और कम्युनिकेशन नोड को नष्ट किया जाएगा।

### गुप्त विशेष बलों की तैनाती

एलीट स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट्स की गुप्त तैनाती से लगता है कि वेनेजुएला के अंदर हमले या कमांडो छापे हो सकते हैं। अमेरिका ने दक्षिणी कमांड क्षेत्र में चौथा गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर भेजा है। वही कल यूएसएस स्टॉकडेल डीडीजी 106 पनामा पहुंचा। अब क्षेत्र में कम से कम 10 अमेरिकी नौसेना के जहाज हैं, जो पूरी दुनिया में तैनात अमेरिकी जहाजों का 13 प्रतिशत है।

### जुलाई में ट्रंप ने किए साइन

जुलाई में राष्ट्रपति ट्रंप ने गुप्त आदेश पर हस्ताक्षर किए। ये लैटिन अमेरिका में नार्को-टेररिस्ट नेटवर्क पर बल प्रयोग की मंजूरी देते हैं। अगर कोई सरकार इनकी मदद करे, तो सीमा पार हमला हो सकता है। वेनेजुएला के राज्य-संबंधित कार्टेल निशाने पर हैं।

## पद एवं गोपनीयता की शपथ ली

# नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने ली शपथ, इनकी संख्या बढ़कर हुई आठ

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने सोमवार को राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय आविष्कार केंद्र के संस्थापक महावीर पुन, पत्रकार जगदीश खरेल और विशेषज्ञ मदन परियार को शपथ दिलाई। चार नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नीत मंत्रिपरिषद में सदस्यों की संख्या आठ हो गई है। प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं।

सिन्हा उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री हैं, जबकि खरेल संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। परियार कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री हैं, जबकि पुन शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को घोषणा की थी कि सोमवार को पांच नए मंत्री शपथ लेंगे। हालांकि, संगीता कौशल मिश्रा को बाद में उनकी विवादास्पद पृष्ठभूमि के कारण सूची से हटा दिया गया। भ्रष्टाचार विरोधी संस्था अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग, नेपाल मिश्रा से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले की जांच कर रही है।

बमबारी से मचा बवाल

# पाक वायुसेना ने अपने ही नागरिकों पर गिराए 8 बम, 30 की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। पाकिस्तान की वायु सेना ने अपने ही देश के नागरिकों पर बमों की बारिश की है। बताया जा रहा है कि ये कारमाना पाकिस्तानी वायुसेना ने तड़के करीब 2 बजे किया।

पाकिस्तानी वायु सेना की इस एअर स्ट्राइक में कम से कम 30 लोगों की जान गई है। मरने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिक थे। वहीं, इस बमबारी में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

### रात दो बजे पाकिस्तानी वायुसेना की एयर स्ट्राइक



मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने तिराह घाटी स्थित मत्रे दारा गांव पर आठ एलएस-6 बम गिराए, जिससे भारी तबाही मच गई।

### घटना सोशल मीडिया पर वायरल

इस घटना का के बाद की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें बच्चों समेत कई शव पड़े दिखाई दे रहे हैं। बचाव दल मलबे में दबे शवों को निकालने में लगे हुए हैं। दावा किया जा रहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

इस बमबारी में काफी लोगों के घायल होने की भी खबर है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। वहीं, अन्य लोगों को मलबे से निकालने की कोशिश जारी है। घटना से स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान इस समय अंदरुनी हालात और कलह से गुजर रहा है। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र पिछले काफी समय से अशांत रहा है।

## डेनमार्क सरकार ने जन्म देने के एक घंटे बाद मां से छीनी उसकी बेटी

# मनोवैज्ञानिक जांच के बाद कहा- तुम मां बनने के काबिल नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोपेनहेगन

साल 2023 में एक बॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था- मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे। फिल्म में एक भारतीय महिला देबिका चटर्जी रानी मुखर्जी अपने परिवार के साथ नॉर्वे में रहती हैं, जहां उन पर बच्चों का ठीक से पालन-पोषण न करने का आरोप लगाकर नॉर्वे की चाइल्ड केयर संस्था देबिका के बेटा और बेटी को छीन लेती है। देबिका के किरदार में रानी मुखर्जी नॉर्वे की सरकार से बच्चों को वापस पाने के लिए जो जद्दोजहद करती हैं, जिस तरह रोती-बिलखती, तड़पती और लड़ती नजर आती हैं, उसने फिल्म देखने वालों को झकझोर कर दिया था। फिल्मी किरदार देबिका चटर्जी चैसी ही वास्तविक घटना ग्रीनलैंड मूल की निवासी 18 साल की इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड के साथ डेनमार्क में हुई है। इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के एक अस्पताल में बेटी को जन्म दिया।

### डेनमार्क सरकार ने इवाना से छीनी उसकी बेटी?



डेनमार्क सरकार ने इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड से उनकी बेटी छीनने का फैसला एक मनोवैज्ञानिक जांच पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट (एफकेयू) के आधार पर लिया था। इस टेस्ट में माता-पिता मानसिक स्थिरता, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक कौशल का मूल्यांकन किया जाता है। इस टेस्ट की आलोचना इसलिए हो रही है, क्योंकि इसमें सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को नजरअंदाज किया जाता है। डेनमार्क में ग्रीनलैंड के परिवार इस तरह के परीक्षण का लंबे समय से विरोध करते रहे हैं। सांस्कृतिक असंवेदनशीलता और भेदभाव के आरोपों के बाद जब विवाद बढ़ा तो डेनमार्क सरकार ने जनवरी, 2025 में एलान किया कि पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट ग्रीनलैंडिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर लागू नहीं होंगे। नया कानून मई 2025 से लागू भी हो गया।

### मामला हाइलाइट हुआ तो नपा ने दिया तर्क

विशेष सलाहकार इकाई (वीआईसो) को ऐसे मामलों की समीक्षा की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन इवाना का केस कानून बदलने और लागू होने के बीच की अवधि में फंसा रह गया। इवाना का टेस्ट अप्रैल से जून 2025 के बीच हुआ। यानी कि आंशिक रूप से पुराने नियम के तहत और आंशिक रूप से नए कानून के बाद। जब यह मामला हाइलाइट हुआ तो नगरपालिका ने तर्क दिया है कि इवाना पर नया कानून लागू ही नहीं होता है।

### इवाना को दी गई यह मोहलत

इवाना को उनकी बच्ची से 15 दिन में एक बार सिर्फ एक घंटे के लिए अधिकारियों की निगरानी में मिलने की मोहलत दी गई है। अपील भी जारी है। हालांकि, न्यायिक इकाई अब तक किसी ठोस निर्णय तक नहीं पहुंच सकी है। इसी के साथ यह केस ग्रीनलैंड और डेनमार्क के बीच नया राजनीतिक विवाद बन चुका है, बिल्कुल वैसे, जैसे भारत की सागरिका भट्टाचार्य से 2011 में नॉर्वे में बच्चे छीन लिए थे। जिसके बाद भारत सरकार के इंटरप्ट करने के दो साल बाद बच्चे वापस मिले थे। फिल्म 'मिसेज चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे' इसी वास्तविक घटना पर बनी है।

## अमेरिका के विदेश मंत्री से होगी जयशंकर की मुलाकात

# द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े जरूरी पहलुओं के साथ क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर होगी बात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से संबंधों में उपजे तनाव, द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर जारी खींचतान के बीच सोमवार देर रात भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। दोनों के बीच भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं (टैरिफ, व्यापार समझौते सहित) के अलावा क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किए जाने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जयशंकर, रुबियो की यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक अहम बैठक से इतर होगी। भारत पर लगाए गए अमेरिकी टैरिफ के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच यह पहली द्विपक्षीय बैठक होगी। पूर्व में महासभा के इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिरकत करने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। विदेश मंत्री जयशंकर की इसमें भागीदारी की जानकारी सामने आई।

# यहां गिरा था माई का हार...



प्रदेश के सतना जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण शक्तिपीठ है। यह मंदिर मां शारदा को समर्पित है और त्रिकूट पर्वत की चोटी पर स्थित है। इस मंदिर का ऐतिहासिक महत्व है और इसे 'माई का हार' भी कहा जाता है, क्योंकि यह माना जाता है कि माता सती का हार यहीं गिरा था। भक्त सीढ़ियां चढ़कर या रोपवे से मंदिर तक पहुंचते हैं और यह भक्तों के बीच अपने रहस्यों के लिए भी प्रसिद्ध है।

ड्रोन फोटो सौजन्य: अरुण पिल्लई

### अगले 3 दिन मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं, इसके बाद एक दौर फिर तेज बारिश का चलेगा


## रात में ओस जैसा अहसास, दिन में बढ़ा पारा, बारिश तीन दिन दूर

रात के तापमान में धीरे-धीरे आ रही कमी, बारिश के बाद फिर गिरेगा दिन का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में बादल छंटने और बारिश में कमी से रात के समय ओस गिरने जैसा अहसास शुरू हो गया है। इससे रात के तापमान में धीरेए-धीरे कमी आना शुरू हो गई है।

भोपाल में न्यूनतम पारा थमा रहा, लेकिन पूर्वी मप्र अधिकांश जिलों के साथ ही पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में रात के पारे में कमी आई है। शहर में दिन का पारा 1.2 डिग्री बढ़कर 32.8 डिग्री रहा, जो नार्मल से डेढ़ डिग्री अधिक है, जबकि रात का पारा 22.8 डिग्री पर थमा रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अभी एक_दो दिन ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार खाड़ी में 25 सितंबर को नया सिस्टम बनने से तीन से चार दिन बाद एक दौर फिर से तेज बारिश का आएगा। यह क्रम चार से पांच दिन रहेगा। इससे दिन के तापमान में फिर से कमी आएगी।



### मानसून की वापसी जल्द

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अब मानसून कुछ और हिस्सों से वापस हो गया है। अगले 2-3 दिनों में गुजरात, राजस्थन, हरियाणा और पंजाब के कुछ और हिस्सो, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर के कुछ और हिस्सों से मानसून वापसी की परिस्थितियां अनुकूल हैं। इससे पूरी संभावना है कि मप्र से भी मानसून की वापसी समय पर होगी।

### 25 को बनेगा नया सिस्टम

शुक्ला के अनुसार अभी एक लो प्रेशर एरिया उत्तर पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर बन रहा है। यह 25 सितंबर तक आगे बढ़कर खाड़ी में सक्रिय होगा। यह 26 सितंबर को आगे बढ़कर ओड़िशा और आंध्रप्रदेश और बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन के रूप में बदल जाएगा। इससे अगले तीन से चार दिन बाद प्रदेश में भी बारिश का दौर शुरू होगा।

### आज यहां तेज बारिश का अलर्ट

मंगलवार तक बैतूल, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, खंडवा, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, श्योपुरकलां, सिंगरौली, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरिसंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पन्ना,सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ आदि जिलों में बादल, बौछारें पड़ सकती हैं।

### बारिश के भरोसे शहर का पॉल्यूशन कंट्रोल, बादल बरसे तो बेहतर, नहीं तो धूल-धुएं से हालत खस्ता

राजधानी में लंबे समय से एयर पॉल्यूशन का लेबल बारिश और हवाओं के भरोसे चल रहा है। लगातार बारिश या बौछारों में धूल_धुएं के कण नहीं उडने से एयर क्वालिटी इंडेक्स संतोषजनक हो रहा है, जबकि बारिश रुकते ही धूल और धुएं के गुबार सांस लेना दूभर कर देते हैं। इससे एक्यूआई का लेबल बढ़ जाता है। सोमवार को शहर में एक्यूआई अलग अलग हिस्सों में अलग दर्ज हुआ। हालांकि, पूरे शहर में अभी संतोषजनक बना हुआ है। शहर में कलेक्टोरेट इलाके में एक्यूआई 57, पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में 52 और टीटी नगर इलाके में 71 पर दर्ज हुआ है। यह संतोषजनक है। एक्यूआई का स्तर पिछले चार दिन से इसी के आसपास दर्ज हो रहा है, जबकि पिछले सप्ताह यह 100 से ऊपर रहा है।

### फिर बढ़ेगा पॉल्यूशन

धूप का असर शुरू होते ही टूटी सड़कों और गड्ढों के कारण धूल का असर बढ़ेगा। गड्ढों के कारण वाहनों की हालत खस्ता होने के साथ ही धुएं का असर भी बढ़ता है। इससे एक्यूआई का लेबल आंकड़ों में बढ़ेगा, जबकि प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ेगा।

### दीवाली के आसपास खास निर्देश

मप्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार बारिश में एयर पॉल्यूशन कम हो जाता है। लेकिन धूप के असर से धूल बढ़ती है, जिससे पॉल्यूशन भी बढ़ जाता है। हालांकि, समय समय पर पाल्यूशन कंट्रोल के लिए संबंधित विभागों को दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं। दीपावली से पहले पाल्यूशन कम करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।

### प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर से पानी सप्लाई करेगा निगम

## आज भी दस लाख की आबादी को नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी में नर्मदा पानी नेटवर्क से जुड़े इलाकों में सोमवार शाम को पानी की सप्लाई नहीं हुई। वहीं मंगलवार को होने वाली पानी की सप्लाई भी नहीं होगी। दरअसल बिजली कंपनी ने एचटी बिजली लाइन मेंटेनेंस के चलते एक दिन का शट-डाउन लिया है। ऐसे में नर्मदा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बिजली एक दिन गुल रहेगी। इस कारण सोमवार शाम जहां 32 फीसद इलाकों में सप्लाई नहीं हुई, वहीं मंगलवार को भी सप्लाई नहीं होगी। ऐसे में 10 लाख से ज्यादा आबादी प्रभावित होगी।

निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि मंगलवार को दिनभर प्रभावित क्षेत्रों में पानी के टैंकरों से पानी की सप्लाई की जाएगी। 23 की शाम को कुछ इलाकों में सप्लाई शुरू हो सकती है। 24 सितंबर को समस्त प्रभावित इलाकों में सुचारू रूप से पानी की सप्लाई होगी।

### इन इलाकों में नहीं होगी पानी की सप्लाई

होशंगाबाद रोड स्थित सभी कालोनियों के अलावा चिनार ड्रिम्स, हरिगंगा नगर, मिसरोध क्षेत्र की सभी कालोनियां, दीपड़ी समर्धा, रापड़िया क्षेत्र, कटारा हिल्स की सभी कालोनियां, लाहरपुर, बागसेवनिया, बाग मुगालिया, रोहित नगर, बावड़ियां कलां, एम्स क्षेत्र, साकेत नगर के समस्त फेस, शक्ति नगर, बरखेड़ा पठानी, विद्या नगर, नारायण नगर, गणेश नगर, जाटखेड़ी, अवधपुरी, खजूरीकलां, अमरावत खुर्द, पक्षी विहार, आजाद नगर, पंचशील नगर, रविदास नगर, पिपलिया पेंदे खां, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर, पटेल नगर, आनंद नगर, बिजली कालोनी, शिव नगर, रत्नागिरी, पिपलिया बी-सेक्टर, कल्पना नगर, सोनागिरी- ए, बी, सी सेक्टर, अशोक विहार, मानक विहार, इंद्रपुरी-ए, बी, सी सेक्टर, राजीव नगर, गुप्ता कालोनी, भारत नगर, नरेला संकरी, चांदबड़, अशोका गार्डन, जहांगीराबाद, बैंक कालोनी, वसुंधरा कालोनी, झदा कालोनी, लाल परेड मैदान, अहिर मोहल्ला, स्टेट गैरेज, आम वाली मस्जिद, चर्च रोड, पुलिस मुख्यालय, अर्जुन नगर, दुर्गा नगर, राजीव नगर क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं होगा।

### टाइम लिमिट बैठक में अपर कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी को लगाई फटकार

## पुलिस ने पकड़े अवैध खनिज के डंपर, 24 घंटे में भी नहीं पहुंचीं प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पिछले दिनों ईटखेड़ी पुलिस ने खनिज के तीन डंपर पकड़े। खनिज की प्रभारी अधिकारी सुचि माथुर को पुलिस ने सूचना भी दी, लेकिन 24 घंटे गुजरने के बाद भी इंस्पेक्टर मौके पर नहीं पहुंचीं।

अगर पुलिस ने अवैध खनिज के वाहन पकड़े हैं, तो खनिज इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी है कि वह मौके पर जाकर चैक करे। प्रभारी अधिकारी ध्यान रखें, आग से ऐसा नहीं होना चाहिए। यह बात सोमवार को अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने टाइम लिमिट बैठक में कही। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से नजर रखी जानी चाहिए। जिले में खनिज उत्खनन पर कार्रवाई का ग्राफ भी खासा नीचे है। इधर कोर्ट में कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट के मामलों पर भी अपर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि एसडीएम और तहसीलदार ने समय पर जवाब पेश नहीं करने से कलेक्टर को स्वयं हाईकोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करनी पड़ती है।

### पोर्टल पर केस पेंडिंग, आगे ऐसा न हो

एडीएम ने कहा कि बड़ी संख्या में आरसीएमएस पोर्टल पर नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण पेंडिंग हैं। अफसर केस निपटाने में देरी कर रहे हैं। जिसकी वजह से समय पर प्रकरणों के निराकरण नहीं किए जाते। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को रेरा की वसूली की कार्रवाई करने को कहा। एडीएम ने विभाग के जिला अधिकारियों से कहा कि ई-ऑफिस सिस्टम को सही ढंग से क्रियान्वित करना है। ऐसा नहीं करते हैं तो विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से निगरानी की जाए। जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर कार्रवाई की जाए।

### अग्रवाल महासभा ने करुणा धाम मंदिर में की महालक्ष्मी पूजा

**भोपाल।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर करुणा धाम मंदिर में महालक्ष्मी और अग्रसेन महाराज की महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाआरती में शशि गुप्ता, बृजलता गोयल, राधा मित्तल, गायत्री गर्ग, अनीता मंगल जैन, ममता सिंहल, अंजु गोयल व अलेखा गोयल आदि शामिल हुए।

### एसपीएम कॉलेज: गरबा ड्रेस नि:शुल्क उपलब्ध कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सोमवार को गरबा उत्सव के लिए गरबा ड्रेस प्रदान की गई।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तहत 26 सितंबर को आयोजित होने वाले गरबा उत्सव के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शालिनी सक्सेना के नेतृत्व में महाकाल मंदिर समिति, त्रिलंगा भोपाल द्वारा चयनित छात्राओं को प्रोत्साहन के लिए यह गरबा ड्रेसेज



नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर महाकाल मंदिर समिति सदस्य कृतिका पांडे एवं दीपिका श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ सुषमा जैन ने आभार ज्ञापन किया।


### नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री, सांसद, जनप्रतिनिधियों से भी की चर्चा

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सॉलिसिटर जनरल से की मुलाकातें

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, केंद्रीय मंत्री जल शक्ति मंत्री सहित अनेक जनप्रतिनिधियों से भेंट की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के संबंध में राज्य सरकार द्वारा प्रतिबद्धता के साथ कार्यवाही की जा रही है। डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस संबंध में विस्तार से विमर्श किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य प्रदेश भवन में सांसदों से भी मुलाकात की।



### हर घर जल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध मध्य प्रदेश सरकार: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्य जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी से भी भेंट की और मध्य प्रदेश के लिये पेयजल संबंधी योजनाओं के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री चौधरी को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में सभी जिलों में कार्य हो रहा है। मध्य प्रदेश सरकार नागरिकों के लिए घर-घर तक जल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में क्रियान्वित कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार के अधिकारी से भी चर्चा की।

### घनश्याम सिंह के विरुद्ध एफआईआर के आदेश को सेशन कोर्ट ने किया निरस्त

**भोपाल।** भाजपा नेता घनश्याम सिंह राजपूत और उनके पुत्र विशाल सिंह राजपूत की अपील स्वीकारते हुए सेशन कोर्ट ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के एक तरफ़ा आदेश को विधि विरुद्ध मानते हुए निरस्त कर दिया है। मामला भोपाल के कोलार क्षेत्र का है। सेशन कोर्ट ने इसे निरस्त करने का आदेश दिया है। सेशन कोर्ट न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि प्रकरण की विवेचन के आधार पर न्यायालय का मत है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तरुणेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आठ सितंबर 2025 को किया गया आक्षेपित आदेश धारा 175 (3) बीएनएसएस के प्रविधान के आलोक में समुचित जांच उपरांत अपने विवेकाधिकार का प्रयोग कर पारित नहीं किया गया है और विधि एवं प्रक्रियात्मक त्रुटि कारित की गई है।

### लोकगीतों के माध्यम से महकी राजस्थान की सौंधी महक




हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजस्थान की धारा पर जब ढोलक की थाप, सारंगी की मधुर आवाज और गूंजती लोकधुनें गूंजीं तो बाल भारती पब्लिक स्कूल का प्रांगण सुरमयी हो उठा। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रोज़े खान एवं उनके समूह ने अपनी प्रस्तुतियों से बच्चों और शिक्षकों को लोकसंगीत की मधुर दुनिया से परिचित कराया। स्पिक मैके के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थानी लोकगीतों ने बच्चों के हृदय में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। राजस्थान की मिट्टी की महक और संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर कलाकारों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करें, मुकाबला है ही नहीं : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों को जबर्दस्त प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करने का आग्रह किया है चूंकि उनकी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह से दबदबा रहा है। भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को रविवार को छह विकेट से हराया। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोनों टीमों का सामना 15 बार हुआ है और भारत ने 12 बार जीत दर्ज की है। रविवार के मैच के बाद पाकिस्तान के एक सीनियर पत्रकार ने दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में अंतर के बारे में पूछा तो सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा ,' सर, मेरी गुजारिश है कि आप भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद कर दें।' जब पत्रकार ने कहा कि वह प्रदर्शन के स्तर की बात कर रहे हैं, प्रतिद्वंद्विता की नहीं , इस पर भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा,' प्रतिद्वंद्विता और स्तर सभी बराबर है। प्रतिद्वंद्विता कहां है। अगर दो टीमें 15 मैच खेले और 8-7 का आंकड़ा हो तो प्रतिद्वंद्विता होती है। यहां तो 13-1 या ऐसा ही कुछ है। कोई मुकाबला ही नहीं है।''



- टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत - पाक का 15 बार सामना, टीम इंडिया ने 12 बार जीता मुकाबला

## आग और बर्फ की तरह हैं शुभमन और अभिषेक

सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को ' आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,' यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरुआत की जरुरत थी और दोनों ने वह दी।' पंजाब में अंडर 12 दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकाएं बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा,' मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है। जब आप पारी की शुरुआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरुरी है। एक रन लेने के लिए एक नजर का इशारा ही काफी होता है। जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है।'

## पाकिस्तानी खिलाड़ी का बिना वजह भिड़ना पसंद नहीं : अभिषेक

जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 गेंद में 74 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों का बेवजह लड़ने का इरादा उन्हें पसंद नहीं आया, जिसकी वजह से बहस हुई। अभिषेक और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने मैच के बाद कहा,' जिस तरह से पाकिस्तानी खिलाड़ी बिना वजह हमसे भिड़ रहे थे, मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया और उनका इलाज आक्रामक बल्लेबाजी से ही करना था।' पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी से अभिषेक और गिल की बहस हुई । गिल के साथ साझेदारी के बारे में अभिषेक ने कहा,' हम स्कूली दिनों से साथ खेल रहे हैं और एक दूसरे के साथ खेलने में मजा आता है। हमें लगा कि आज बड़ी साझेदारी बनाएंगे। जिस तरह से वह खेल रहा था, मुझे बहुत मजा आ रहा था।

## बल्लेबाजी करना आसान नहीं था : सलमान

पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में हर विभाग में उन्नीस साबित हुई और पहले दस ओवर के बाद बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया था। पहले दस ओवर में 91 रन बनाने के बाद पाकिस्तान अगले दस ओवर में 80 रन ही बना सके। आगा ने कहा,' बल्लेबाजी में हमने बेहतर प्रदर्शन किया, जो अच्छी बात है। हमने जिस तरह से शुरुआत की थी, 15 रन और बनाने चाहिए थे लेकिन पहले दस ओवर के बाद गेंद नरम हो गई और बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा।' उन्होंने कहा,' हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी नहीं की और इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।'



## खबर संक्षेप



### 1 अक्टूबर को भारत आएंगे बोल्ट, खेलेंगे फुटबॉल मैच

मुंबई। फर्राटा धावक उसैन बोल्ट 1 अक्टूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएगे। 8 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे।

### जोहोर कप : रोहित को जूनियर टीम की कमान

**नई दिल्ली।** डिफेंडर रोहित 11 अक्टूबर से मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।



टूर्नामेंट 18 अक्टूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा। भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा । भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा जबकि आस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है । राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा,' टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा, जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।'

### गोवा गार्डियंस के सह मालिक बने राहुल

**पणजी।** भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सत्र से पहले गोवा गार्डियंस फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बन गए हैं। यह सत्र दो से 26 अक्टूबर तक हैदराबाद में खेला जाएगा। राहुल ने कहा कि वह



वॉलीबॉल को उस तरह की लोकप्रियता दिलाना चाहते हैं, जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा, ' पीवीएल भारत में वॉलीबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है और इसका मुख्य उद्देश्य इस खेल को अधिक लोगों तक पहुंचाना है।' गोवा गार्डियंस के मुख्य मालिक राजू चेकुरी ने राहुल के इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल के प्रति राहुल का जुनून और इसकी क्षमता में उनका विश्वास एक ऐसी फ्रेंचाइजी बनाने में मदद करेगा, जो प्रशंसकों को प्रेरित करेगी और खिलाड़ियों को सशक्त बनाएगी। गोवा गार्डियंस इस सत्र में पदार्पण कर रहा है। यह टीम अन्य शीर्ष फ्रेंचाइजी के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

## एशिया कप में आज रात 8 बजे से अहम मुकाबला

# सुपर 4 की जंग: आखिरी मौका, आर-पार की लड़ाई में श्रीलंका-पाकिस्तान आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। गत चैंपियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी20 एशिया कप में उसके 8 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई। दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया, जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी।



### पाकिस्तान को हर हालत में दर्ज करनी होगी जीत

भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रिकवरी के लिए अधिक समय भले ही नहीं मिला हो लेकिन सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पूर्व कप्तान बाबर आजम और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कमी उन्हें बल्लेबाजी में बुरी तरह खली है। उसके बल्लेबाज तकनीक और तेवर के मामले में अनुभवहीन साबित हुए। भारत के खिलाफ शीर्षक्रम के बल्लेबाजों साहिबजादा फरहान, फखर जमां और सईम अयूब ने उम्मीदें जताई और अच्छी शुरुआत देते हुए एक विकेट पर 90 रन बनाए। अयूब ने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में पाकिस्तानी बल्लेबाज लय कायम नहीं रख सके। गेंदबाजी में भी लेग स्पिनर अबरार अहमद सिर्फ ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही कामयाब रहे और भारतीय बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं कर सके।

### श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम

दूसरी ओर श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम है । दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की। ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक जमाने वाले पाथुम निसांका अब लय दोबारा हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और स्थिरता दे सकते हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने प्रभावित किया है, जो टूर्नामेंट में छह विकेट ले चुके हैं। स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुष्मंता चामीरा , चरित असलंका और शनाका ने भी योगदान दिया है।


### संभावित टीमें

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

**श्रीलंका :** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## कोरिया ओपन

# भारत की ओर से जोरदार टक्कर देंगे प्रणय-आयुष





एजेंसी ▶▶| सुवोन

इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे एचएस प्रणय और उदीयमान सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। हांगकांग और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सत्र में कई टूर्नामेंटों के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गए थे। वह एक क्वालीफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे और दूसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेल सकते हैं।

- सात्विक और चिराग नहीं खेलेंगे टूर्नामेंट

### आयुष का सामना चीनी ताइपै के यांग से

इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन विजेत 22 वर्ष के आयुष का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा। किरण जॉर्ज को पहले दौर में सिंगापुर के लोह कीन यू के रूप में कठिन चुनौती मिली है। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुम वरदानी से होगा। युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की टक्कर जापान के यूइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगी।

## क्रिकेट

# डिकॉक ने संन्यास से लिया यू-टर्न पाक के खिलाफ वनडे-टी20 में खेलेंगे



दक्षिण अफ्रीका की टीम खेलेंगी 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने सीमित ओवरों से संन्यास लेने का अपना फैसला वापस ले लिया, जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए इस प्रारुप की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो पिंडली में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से इस नए सत्र का आगाज करेगा।

### 2023 में वनडे क्रिकेट से ले लिया था संन्यास

डिकॉक ने सीमित ओवर प्रारुप में अपना पिछला मैच 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप में खेला था। उन्हें नामीबिया में होने वाले एकमात्र टी20 मैच के लिए भी टीम में जगह मिली है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद तत्कालीन कोच रॉब वाल्टर ने उन्हें टी20 टीम में शामिल नहीं किया था क्योंकि वह उनकी लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में निश्चित नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य कोच शकुरी कॉनराड ने इस खिलाड़ी से चर्चा करने के बाद उन्हें सीमित ओवरों की दोनों राष्ट्रीय टीमों में शामिल किया है।

### डिकॉक ने खेले 155 वनडे मैच, बनाए 6770 रन

कॉनराड ने कहा, ' डिकॉक का सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए लौटना हमारे लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। हमने पिछले महीने जब उनके भविष्य के बारे में बात की थी तो यह साफ था कि उनमें अब भी देश के प्रतिनिधित्व करने की मजबूत इच्छा है। हर कोई जानता है कि वह टीम में क्या गुणवत्ता लाते हैं और उनका वापस आना टीम के लिए फायदेमंद ही होगा।' डिकॉक ने अब तक 155 वनडे मैचों में 45.74 की औसत और 96.64 के स्ट्राइक रेट से 6770 रन बनाए हैं।

## स्पेनिश ला लीगा ...



**बार्सिलोना।** स्पेन के बार्सिलोना में जोहान क्रूफ़ स्टेडियम में एफसी बार्सिलोना और गेटाफे के बीच स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेटाफे के अब्देल अबकर, बार्सिलोना के फर्मिन लोपेज के खिलाफ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

# गन शॉट सेलिब्रेशन : फरहान की बदजुबानी- 'मुझे परवाह नहीं...'

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान बंदूक चलाने के अंदाज मे आक्रामक जश्न मनाने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने कहा कि उन्हें इसकी परवाह नहीं है कि लोग क्या सोचते हैं। भारत ने सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को हराकर बहुदेशीय टूर्नामेंटों में चिर प्रतिद्वंद्वी पर अपना दबदबा कायम रखा। फरहान ने मैच के बाद कहा,' वह जश्न महज एक पल था। मैं अर्धशतक जमाने के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाता लेकिन अचानक मेरे जेहन में आया कि आज जश्न मनाते हैं। मैंने वही किया। मुझे नहीं पता कि लोग इसे कैसे लेंगे। मुझे इसकी परवाह नहीं है।'



### सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना

फरहान ने 45 गेंद में 58 रन बनाए, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन जोड़े। भारत ने 19वें ओवर में ही मैच जीत लिया। फरहान ने 10वें ओवर में अक्षर पटेल को छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद बंदूक की तरह बल्ले को थामते हुए हवा में निशाना लगाने का एक्शन किया । सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हो रही है। फरहान ने कहा कि अगर पाकिस्तान जीतता तो उनकी यह पारी अहम होती। उन्होंने कहा,' अगर मैं यह मैच जीतता तो यह काफी अहम पारी होती। भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन को काफी तवज्जो मिलती है।

# महिला क्रिकेटरों के अनूठे टैटू : किसी ने बनवाया हनुमानजी तो किसी ने बंगाल टाइगर और बाज की आकर्षक आकृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले सप्ताह आखिरी वनडे मैच में 72 रन बनाने वाली भारत की अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में बाएं हाथ पर बने हनुमानजी के टैटू से उन्हें ताकत और प्रेरणा मिलती है।

दीप्ति ने कहा,'मैंने अपने बाएं हाथ पर हनुमानजी का टैटू बनवा रखा है । जब भी जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं तो वह मुझे शक्ति देते हैं।' भारत के लिए 80 वनडे में 1891 रन बनाने के साथ 91 विकेट ले चुकी दीप्ति ने कहा,'मैचों में भी जब मुझे समझ में नहीं आता कि क्या करूं तो उनके बारे में सोचती हूं । इससे मुझे शक्ति और आगे के बारे में सकारात्मक सोच मिलती है।''








### स्नेहा ने बनवाया 'विद्रोही' वाला टैटू

अब भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के पहले मैच में भारत को 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका से खेलना है। वहीं स्पिनर स्नेह राणा ने भी दो टैटू बना रखे हैं, जिनमें से पहले पर 'विरोधी' और दूसरे पर ' तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है। इस बारे में उन्होंने कहा,' हाल ही में मैंने एक टैटू बनवाया है, जिस पर विरोधी लिखा है, जिसके मायने हैं किसी मकसद से बागी। अगर हालात मेरे खिलाफ हैं तो मैं उनसे पार पाना चाहती हूं।' भारत के लिए 22 वनडे और 22 टी20 खेल चुकी 31 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा,' इसके अलावा एक और टैटू पर तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है, जो संयम रखने में मदद करता है। मैंने पिंडली पर शेर और बाज का टैटू भी बनवाया है । शेर साहस, नेतृत्व और स्वतंत्रता के लिए जबकि बाज अपने तेज गेंदबाज और चौकस नजर के लिए।'

### रिचा ने बनवाया स्थायी टैटू

सोलह बरस की उम्र में 2020 में भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने वाली हरफनमौला रिचा घोष ने बाए हाथ पर बाघ (बंगाल टाइगर) का टैटू बनाया है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली घोष ने कहा,' यह खास है क्योंकि बंगाल टाइगर है और मैं भी बंगाल से हूं।' उन्होंने कहा,'भारत के लिए खेलने से पहले बंगाल की अपनी एक सीनियर प्रतिभा राणा के साथ यात्रा करते समय उन्होंने मेरे हाथ पर बाघ का स्कैच बनाया। मैंने अपने परिवार से कहा कि अगर भारतीय टीम में मेरा चयन हो गया तो मैं स्थायी टैटू बना लूंगी।'

# चित्रांकन कार्यशाला के साथ बाल संगीत संध्या ने बांधा समां

## गांधी भवन में शुरू हुआ संस्कृति पर्व-8, पहले दिन हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कला, साहित्य और संस्कृति की बहुरंगी छटा से सराबोर संस्कृति पर्व-8 का शुभारंभ सोमवार को गांधी भवन में हुआ। पहला दिन कला, साहित्य और संगीत की विविध धाराओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम में चित्रकला से लेकर साहित्य विमर्श और सम्मान समारोह से लेकर बाल संगीत से जुड़ी गतिविधियां हुईं। दो दिवसीय इस भव्य समारोह का आयोजन कला समय संस्कृति, शिक्षा और समाज सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। पहले ही दिन आयोजित विविध गतिविधियों ने समारोह को जीवंत और स्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा द्वारा लिखित किताबों का विमोचन हुआ।





### चित्रों में उभरी बच्चों की सृजनशीलता

कार्यक्रम का प्रारंभ चित्रांकन कार्यशाला से हुआ, जहां लगभग 50 बच्चों ने अपनी भावनाओं को कागज पर उतारा। वरिष्ठ चित्रकार शोभा घारे और स्वतंत्रा करजोतकर के मार्गदर्शन में छोटे-छोटे कलाकारों ने ड्राइंग शीट परआकृतियों और दृश्यावलियों को आकार दिया। इस कार्यशाला ने न केवल बाल मन की कोमल भावनाओं को बच्चों के भीतर छुपी सृजनात्मकता को भी सामने लाया।

### बाल साहित्य पर गहन विमर्श

इस कार्यशाला में दोपहर के सत्र में पारंपरिक बाल साहित्य का स्वरूप विषय पर विमर्श आयोजित हुआ। इस अवसर पर अविंद्र खरे ने कहा कि बाल साहित्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। महेश सक्सेना ने कहा कि पारंपरिक बाल साहित्य में बच्चों के अधिकार, उनके सपनों और उनकी कल्पनाओं का सशक्त स्वरूप निहित है।




### सम्मानित हुए रचनाकार और कलाकार

शाम को कला समय अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्य, संगीत, रंगकला और लोककला के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया गया।

### सामूहिक गायन, देशभक्ति गीत से सजी संगीत संध्या

समारोह की संध्या विशेष रूप से बाल कलाकारों को समर्पित रही। बाल संगीत संध्या में प्रदक्षिणा भट्ट ने शास्त्रीय गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा शारदा विहार सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन, देशभक्ति गीत, वादन और नृत्य की विविध प्रस्तुतियों से वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। उनकी प्रस्तुतियों में जहाँ अनुशासन और उत्साह झलक रहा था, वहीं परंपरा और नवाचार का सुंदर संगम भी देखने को मिला।

### स्पोर्ट्स रैंप वॉक से हुआ बीएसएसएस में विश्व पर्यटन सप्ताह का शुभारंभ




भोपाल। भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ने विश्व पर्यटन सप्ताह 2025 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। मुख्य आकर्षण कॉलेज-थीम वाला स्पोर्ट्स रैंप वॉक था, जहां छात्रों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन हुआ और फैशन व एथलेटिकिज्म का संगम हुआ।

**इंडोनेशिया, वियतनाम के कलाकार देंगे प्रस्तुति**

### रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर 7 दिनी अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव आज से

भोपाल। भारतीय संस्कृति में 'लीला' केवल धार्मिक या पौराणिक कथा का मंचन नहीं, बल्कि लोकमानस का जीवंत उत्सव है। लोक में लीलाएं सदैव से लोकप्रिय रही हैं, क्योंकि वे केवल कथा नहीं कहतीं, बल्कि दर्शकों को स्वयं उस कथा का सहभागी बना देती हैं। इसी प्रयास के साथ मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा 23 से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन मुक्ताकाश, रवीन्द्र भवन में किया जा रहा है।

संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि इस उत्सव में रामकथा के विविध प्रसंगों की प्रस्तुतियां होंगी, साथ ही श्रीरामलीला में प्रयुक्त मुकुट मुखौटे और परिधान पर केंद्रित प्रदर्शनी का संयोजन भी किया जा रहा है। इस उत्सव का शुभारंभ 23 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

### यह आयोजन होंगे खास

**23 सितंबर**
सती संशय, दक्ष यज्ञ, सती पुनर्जन्म, शंकर-पार्वती विवाह, नारद मोह

**24 सितंबर**
विदेशी लीला- इण्डोनेशिया
श्रीराम जन्म, ताड़का वध, अहल्या उद्धार, पुष्प वाटिका, सीता स्वयंवर लक्ष्मण-परशुराम संवाद, श्रीराम विवाह

**25 सितंबर**
विदेशी लीला-वियतनाम
श्रीराम वनगमन, केवट संवाद, श्री दशरथ देवलोक गमन भरत का आगमन, भरत-कैकेयी संवाद

**26 सितंबर**
श्रीराम-भरत मिलाप, खरदूषण वध, सीता हरण, कबंध उद्धार

**27 सितंबर**
विदेशी लीला- मलेशिया शबरी प्रसंग, श्रीराम-सुग्रीव मैत्री, बालि वध, श्रीहनुमान का लंका गमन

**28 सितंबर**
मैनाक-सुरसा-सिंहिका-लंकिनी प्रसंग लंका दहन, विभीषण शरणागत, सेतु निर्माण, लक्ष्मण शक्ति

**29 सितंबर**
कुम्भकर्ण-मेघनाद-अहिरावण-रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक


## भारत भवन में चार दिवसीय प्रणति समारोह का समापन

# दर्शकों के हृदय में जीवंत अभिव्यक्ति बन गया काकोरी का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चाह नहीं, मैं सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊं ... माखनलाल चतुर्वेदी की पुष्प की अभिलाषा की इन्हीं पंक्तियों की गूंज के साथ सोमवार को भारत भवन के अंतरंग सभागार में खेले गए नाटक काकोरी एक्शन से पर्दा उठता है। ब. व. कारन्त स्मृति समारोह प्रणति के समापन अवसर पर प्रस्तुत प्रख्यात नाटककार सुशील कुमार सिंह की रचना पर आधारित रहा। नाटक का निर्देशन सुमित श्रीवास्तव ने किया।





### स्वतंत्रता संग्राम की गूंज

नाटक में दिखाया गया कि किस प्रकार अंग्रेजी हुकूमत की लूट और अत्याचार से त्रस्त जनता को इन वीर सपूतों ने राहत दिलाने का संकल्प लिया। काकोरी ट्रेन डकैती केवल एक आर्थिक कदम नहीं था, बल्कि औपनिवेशिक शासन को सीधी चुनौती थी। कलाकारों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति और सधे हुए संवादों ने इन घटनाओं को जीवंत कर दिया।



### काकोरी स्टेशन से जुड़ी ऐतिहासिक स्मृति

नाटक की कहानी की शुरुआत एक समकालीन नाट्य दल से होती है, जो लखनऊ में प्रस्तुति के लिए एक पुरानी खटारा बस से रवाना होता है। यात्रा के दौरान अचानक बस काकोरी स्टेशन के पास खराब हो जाती है। पहले तो कलाकार झुंझलाते हैं, किंतु जब उन्हें ज्ञात होता है कि यही वह स्थान है जहां सौ वर्ष पूर्व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक घटना काकोरी काण्ड घटित हुई थी, तो वे उस प्रसंग से गहराई से जुड़ जाते हैं।

**12वीं सदी में निर्मित महिषासुरमर्दिनी एवं 100 वर्ष पुरानी दुर्लभ देवी दुर्गा प्रतिमा रही खास**

# बिड़ला संग्रहालय में 'देश-विदेश में देवी प्रतिमाओं की अवधारणा' विषय पर कला प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोमवार से नवरात्रारंभ के साथ शहर में जगह जगह मां की प्रतिमा स्थापना और अनेकों आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बिड़ला संग्रहालय में 'देश-विदेश में देवी प्रतिमाओं की अवधारणा' विषय पर कला व छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ भी हुआ। संग्रहालय के संयोजक राजेश तेनानी ने बताया कि प्रदर्शनी में विशेषकर मप्र राज्य में उपलब्ध प्रतिमाओं का प्रदर्शन किया गया है और प्रदर्शित छायाचित्रों के माध्यम से देश की ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया गया है।

### महिषासुरमर्दिनी की द्विभुजी से लेकर बीस भुजी प्रतिमाएं हैं खास

प्रदर्शनी में रिटा. प्रधान जिला न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता द्वारा संकलित देश-विदेश के विभिन्न संग्रहालयों, मंदिरों में पाये जाने वाले देवी महिषासुरमर्दिनी के मूर्तिशिल्पों के 74 छायाचित्रों को प्रदर्शित किया। जिसमें महिषासुरमर्दिनी की द्विभुजी से लेकर बीस भुजी प्रतिमाएं खास हैं। योगेश ने बताया कि भारत में टेराकोटा, प्रस्तर और धातुशिल्प प्रतिमाओं के रूप में महिषासुरमर्दिनी की मूर्तियों का निर्माण कुषाणकाल से लेकर 12वीं सदी तक हुआ।



**शेर पर सवार वनगौड़ देवी, नटराज प्लेट की कलाकृतियां रहीं आकर्षण का केंद्र**

वहीं,पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश गुप्ता के संकलन से प्राप्त पीतल की 100 वर्ष पुरानी देवी दुर्गा, शेर पर सवार वनगौड़ देवी, नटराज प्लेट और देश-विदेशों की दुर्गा प्रतिमाओं के छायाचित्र, मूर्तिशिल्प में मथुरा शैली, बंगाल, बिहार की पाल शैली दक्षिण भारत में प्रचलित होयसला, पल्लभ चोल शैली की प्रतिमाओं के छायाचित्र भी विशेष रुप से प्रदर्शित किए गए हैं।

# आइपर भोपाल में यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव 2025 पर हुई चर्चा



**डिकोलोना इजिंग इंडियन माइंड्स विषय पर हुआ विशेष सत्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आइपर भोपाल में यंग थिंकर्स कन्फ्लूएंस 2025 के लिए युवाओं से चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में कॉलेज के छात्रों को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए वक्ता वैभव चतुर्वेदी ने कहा कि 2018 से शुरू हुए इस फोरम के अंतर्गत अनेक शैक्षणिक, वैचारिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिससे युवा अवलोकन, चर्चा और डिबेट के साथ भविष्य की चुनौतियां को समझते हुए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज के समय कुछ भी न्यूट्रल नहीं है, ब्रेनवाशिंग से बचें। नैरेटिव के युद्ध में युवाओं को अध्ययनशील, तर्कनिष्ठ और वस्तुनिष्ठ होना पड़ेगा।

# 3डी लाइट, अर्बन प्लानिंग, इंटीरियर डिजाइन में उपयोगिता पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मैनिट के वास्तुकला एवं योजना विभाग में 22 से 26 सितम्बर तक पांच दिवसीय एलटेरा प्रायोजित एप्लीकेशन ऑफ 3 डी स्कैनर इन अर्बन प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए 25 प्रतिभागी, जिनमें छात्र, शोधकर्ता, डिजाइनर, इंजीनियर, प्रोफेसर और टेक्निकल एन्थूजियास्ट्स शामिल हैं, को 3डी एलआईडीएआर स्कैनिंग तकनीक की परिवर्तनकारी क्षमताओं को समझने और अनुभव करने का अवसर मिल रहा है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को 3डी स्कैनिंग की नवीन तकनीकों, अनुप्रयोगों और सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराना है। प्रतिभागी अत्याधुनिक 3डी स्कैनिंग उपकरण के साथ व्यावहारिक अनुभव क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ इंजीनियर शांतनु मिश्रा द्वारा प्राप्त करेंगे।




**अपनों को अपनी बात समझाने के लिए लेना पड़ा तकनीक का सहारा**

# किसी ने पिता के लिए तो किसी ने भाई के लिए सीखी साइन लैंग्वेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




साइन लैंग्वेज एक ऐसी भाषा है जो बधिर लोगों के लिए प्रयुक्त की जाती है। जो सुनने में अक्षम हैं उन्हें चीजें समझाने के लिए साइन लैंग्वेज का ही प्रयोग किया जाता है। इस लैंग्वेज को ज्यादातर ऐसे लोग सीखते हैं जिनके निकटवर्ती सुनने में अक्षम हों। आज अंतर्राष्ट्रीय साइन लैंग्वेज डे पर हरिभूमि ने कुछ ऐसे ही लोगों को तलाशा जिन्होंने अपनों के लिए सीखीं साइन लैंग्वेज ताकि उनके अपने समाज में किसी समस्या का सामना न करें।

### सीखी साइन लैंग्वेज, ताकि न हो भाई को कोई परेशानी



उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी की हेड दीप्ति पटवा ने कहा कि मेरे भाई गौरव मूक बधिर हैं और जब मैं उन्हें देखती थी कि वो अपनी बात समझाने के लिए कितना परेशान होते हैं तो मुझे बहुत खराब लगता था फिर मुझे साइन लैंग्वेज के बारे में पता चला और मैंने भाई के लिए साल 2005 में साइन लैंग्वेज सीखी ताकि मैं भाई को कई बातें सिखा सकूं। और फिर भाई के नाम पर ही मैंने उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी की स्थापना की जिसमें मैं कई ऐसे ही बच्चों को शिक्षा देती हूं, जो बोलने सुनने में अक्षम हैं या दिव्यांग हैं और आज हमारी इस संस्था में सैकड़ों बच्चों ने शिक्षा ग्रहण की।

### माइम के नेशनल आर्टिस्ट ने पिता को कई बातें समझाने सीखी साइन लैंग्वेज



भोपाल के अबीर सक्सेना ने कहा कि मेरे पापा अरुण सक्सेना मूक बधिर हैं और वो बहुत अच्छे माइम आर्टिस्ट भी हैं यहां तक कि वो कई नेशनल अवार्ड भी ले चुके हैं। लेकिन मैं जब छोटा था तो उनके साथ जाता था तो मुझे लगा कि पापा के लिए मुझे साइन लैंग्वेज सीखनी होगी, ताकि मैं बाहर जाकर उन्हें अच्छे से चीजों को समझा सकूं और फिर 7 साल की उम्र में मैंने साइन लैंग्वेज सीखी और ज्यादातर समय पापा के साथ ही रहता ताकि पापा को कोई दिक्कत न आए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930